ब(व)हुपाद्(द)–पु० बटवृक्ष । बड़ का दरख्त ।

ब(व)हुपुत्रिका–स्त्री० मेथिका. बनमेथिका । मेथी बनमेथी ।

ब(व)हुपुष्पी–स्त्री० धातकी । धवई. । धव के फूल ।

ब(व)हुफला–स्त्री० भूम्यामलकी। भूआमला ।

ब(व)हुमञ्जरी–स्त्री० तुलसी । तुलसी का पौधा ।

ब(व)हुमूलक–न० उशीर । खस्स ।

ब(व)हुरूप–पु० सर्ज्जरस. केश । राल. बाल ।

ब(व)हुरोमन्–पु० मेष । मेढ़ा ।

बहुल–त्र्य० अनेकसंख्यान्वित (पु) अग्नि. कृष्णवर्ण(न)आकाश.(स्त्री)(ला)नीली. नीलवर्णगौ. एला। कई तरहसे. आग. स्याहरंग. आसमान. नील का पौधा. काली गाय. इलायची ।

बहुलगन्धा–स्त्री० एला । इलायची ।

ब(व)हुलच्छद–पु० रक्तशोभाञ्जन। लाल सोहांजना ।

ब(व)हुवार–पु० भूतवृक्ष । बहुआर ।

ब(व)हुबीजा–स्त्री० मेथिका । मेथी. बनमेथी ।

ब(व)हुवीर्य्या–स्त्री० भूम्यामलकी. भूआमला ।

ब(व)हुशल्य–पु० रक्तखदिर । सुरखखैर

ब(व)हुस्रवा–स्त्री० सालभेद । शालई ।

ब(व)हुसुता–स्त्री० शतमूली. शतावरी। सतावरि ।

बाजि–पु० घोटक । घोड़ा ।

बाण–पु० शर. गोस्तन. मुञ्ज । सरपत. तीर. गाय का थन. मूंज घास ।

बाणाह्वय–पु० नीलकुरण्टक। नील करसैला ।

बाणीर–पु० बेतस । बेद ।

बाधिर्य्य–न० श्रवणशक्तिराहित्य. रोगभेद । बहिरापन ।

बाल–पु० न० नेत्रबालक,(पु)केश. नारिकेल (स्त्री) एला । सुगन्धबाला. बाल. नारियल. इलायची ।

बालक–पु० न० नेत्रबालक। सुगन्धबाला. लड़का ।

बालजीवन–न० स्तन्य । दुग्ध ।

बालपत्र–पु० खदिर । खैर ।

बालविल्वफल–न० विल्वपेशी। कच्चाबेल

बालमूलिका–स्त्री० माचिका । केवैया ।

बालार्क–पु० श्वेतार्क. रक्तार्क । सुफेद. लाल आक का पेड़. मदारे का पेड़ा ।

बालु } पु० "एलबालुक" नामगन्धद्रव्य
बालुक } सकता । एलाबालुक. बालू ।

बालेय–पु० अङ्गारवल्लरी. कोसचीमुस्ता। गुड़तजी. कोसची मुस्ता ।

बुक्क–न० हृदयस्थमांसपिंड. हृदय (पु)

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

समय. छाग. (स्त्री०) (क्ता) शोणित । दिल का टुकड़ा. दिल. वक्त. बकरा. खून ।

बुधरत्न—न० मरकतमणि । पन्ना ।

बुध्न—न० वृक्षमूल । पेड़ की जड़ ।

बुभुक्षा—स्त्री० भोजनेच्छा । भूख ।

बुस (ष)—न० फलरहितधान्य. जल । तुष. पानी ।

बोधन—न० विज्ञान. जागरण (स्त्री) (नी) पिप्पली. मेथिका. वनमेथिका. ज्ञान. जागना. पिपली. मेथी. वनमेथी

बोधि—पु० अश्वत्थवृक्ष । पीपल का दरखत ।

ब्र (ब्र) ध्न—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । सूरज. आक का पौधा ।

ब्रह्मकुशा—स्त्री० अजमोदा । अजमोद ।

ब्रह्मचारिन्—पु० प्रथमाश्रमी (स्त्री) (णी) ब्रह्मचारिणी. ब्राह्मणयष्टिवृक्ष ।

ब्रह्मजटी—स्त्री० दवनकवृक्ष । दवना ।

ब्रह्मतीर्थ—न० पुष्पकरमूल ।

ब्रह्म(ब्रह्म)दर्भा—स्त्री० यवानी । अजवैन ।

ब्र (ब्र) ह्मदारु—पु० अश्वत्थाकारवृक्षविशेष । शहतूत. पलाश का पेड़ ।

ब्र(ब्र)ह्मपादप—पु० पलाशवृक्ष । पलाश का दरखत ।

ब्र (ब्र) ह्मपुत्र—पु० विषभेद । जहर की किसम ।

ब्र (ब्र) ह्मवृक्ष—पु० पलाश । ढोकलु ।

ब्र (ब्र)ह्मरीति—न० काचीपीतल ।

ब्र (ब्र) ह्मसुदुर्लभा—स्त्री० सूर्य्यभक्ता । सूर्यमुखी. द्वितीयहुरहुर ।

ब्राह्मणयष्टिका—स्त्री० भार्गी । वभनेठी ।

ब्राह्मणी—स्त्री० लाक्षा. लंकोइकपुरी । लाख. खासमाग ।

ब्राह्मी—स्त्री० ख्यातप्रख्यात औषध । खास बूटी । वरभी ।

(भ)

भक्त—पु० न० अन्न. ओदन । अनाज. भात ।

भक्तमण्ड—पु० न० ओदनमण्ड । चावलों का मण्ड ।

भक्ष्यपत्र—स्त्री० ताम्बूली । पान की बेल

भक्कुर—पु० भाकुरमच्छली ।

भगन्दर—पु० ख्यातनामख्यातरोगभेद । गुदा पर का फोड़ा ।

भगाङ्कुर—पु० अर्शरोग । बवासीर की बीमारी ।

भङ्गरा—स्त्री० अतिविषा । अतीस ।

भङ्गा—स्त्री० मातुली. शणाख्यशस्य. त्रिवृता. विजया । बिजौरा. सन. तेउड़ी. निसोथ. भाङ्ग ।

भङ्गुरा—स्त्री० प्रियङ्गु. अतिविषा । खुराबूकाबीज. अतीश. मेहदी के बीज ।

भञ्जन—न० शिरःकर्णादेरामर्दनम् ।

भञ्जनक—पु० बड़ीपीड़ा हो दांत टूटजाय और मुह टेढ़ा हो ।

भटा—स्त्री० इन्द्रवारुणी । इन्द्रोरनि की बेल ।

भटित्र—न० शूलपक्कमांसादि । कबाब ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

भण्टाकी } —स्त्री० वार्ताकी. बृहती ।
भण्टिका } बैंगनका पौधा. बड़ीभटकटैया

भण्ड } —पु० शिरीष । सिरसा ।
भण्डिल }

भण्डी—स्त्री० मञ्जिष्ठा. शिरीष. श्वेतात्रिवृता । मजीठ. सेरसा. सुफेदनिशोथ

भण्डीतकी—स्त्री० मञ्जिष्ठा । मजीठ ।

भण्डीर—पु० शिरीष. तण्डुलीयशाक । सिरीस का पेड़. चवराई का शाग ।

भण्डीरी—स्त्री० मञ्जिष्ठा । मजीठ ।

भद्र—न० मुस्तक. स्वर्ण. (पु) वृष. खञ्जन. कदम्ब. मुस्था. सोना. बैल । ममोला. कदम का पेड़ ।

भद्रज—पु० इन्द्रयव । इन्द्रजौ ।

भद्रतरणि—पु० कुब्जक। कूजाका फूल का पेड़

भद्रपर्णी—स्त्री० गम्भारी. गन्धप्रसारणी । खम्भारि. गन्धपसारणि ।

भद्रमल्लिका—स्त्री० नवमल्लिका । मालती ।

भद्रमुञ्ज—न० शर । सरपत ।

भद्रमुस्त—न० नागरमुस्था । नागरमोथा ।

भद्रयव—पु० इन्द्रयव । इन्द्रजौ ।

भद्रवती—स्त्री० कटफल । कायफर ।

भद्रश्रय } —न० चन्दन । सन्दल ।
भद्रश्री } —पु० चन्दन । संदल का पेड़ ।

भद्रा—स्त्री० चन्द्रसुर. कटफल. गन्धप्रसारणी । चन्द्सुर. कायफर. गन्धपसारणि ।

भद्राली—स्त्री० गन्धालीलता । गन्धप्रसारणी ।

भद्राश्रम—पु० चन्दन । संदल ।

भद्रैला—स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।

भरद्वाज—पु० पक्षीविशेष । अगनचिड़िया

भर्मण्यन्—न० स्वर्ण. धत्तूर । सोना. धत्तूरह।

भल्लात } —पु० भल्लातकवृक्ष । भिलावें का दरखत ।
भल्लिका }
भल्ली } —स्त्री० „
 } —(„) „ „

भल्लु—(ल्लू)क—पु० ऋक्ष । भालू ।

भवा—स्त्री० मेदा औषध. मूषककर्णी । मुसाकन्नी ।

भष(क)—पु० कुक्कुर । कुत्ता ।

भषत्—पु० काष्ठ. जङ्घा. अन्तःकरण । लकड़ी. जांघ. दिल ।

भसन—पु० भ्रमर । भौंरा ।

भसित—न० छाई । राख ।

भस्मक—पु० रोगविशेष. विडंग. कलधोत. टङ्कण । एक बीमारी जिसमें जितना चाहो खाओ मगर भूख बनी रहै. वायविडंग. सोना. सोहागा ।

भस्मगन्धा—स्त्री० रेणुका औषध ।

भस्मगर्भा—स्त्री० शिंशिपा । शीशव ।

भस्माह्वय—पु० कर्पूर । काफूर ।

भाकट } —पु० मत्स्यविशेष । भाकर.
भाकुट } मच्छली ।

भाकोष—पु० सूर्य्य । आफताब ।

भाजन—न० पात्र. आढकपरिमाण । वर्तन।

भात—पु० प्रभात. दीप्त. अन्न । सुबह. चमकदार. भात ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

भानु–पु० सूर्य्य. दीप्ति । आफताब. चमक.

भाद्र–न० नभस्य । भादों का महीना ।

भानु
भानुमत्
भानेमि
भाम
} पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताब. आक का पेड़ ।

भारङ्गी–स्त्री० भार्गी । बभनेठी. भारंगी।

भारद्वज–न० अस्थि (पु०) व्याघ्राटपक्षी (स्त्री) (जी) कार्पासविशेष ।

भारवा–स्त्री० तुलसीवृक्ष ।

भारि–पु० केशरी । शेर ।

भार्गवी–स्त्री० नीलदूर्वा । स्यामदूब ।

भार्गी–स्त्री० भारङ्गी । भारंगी ।

भाल–न० कपाल. तेज । माथा. चमक ।

भालाङ्क–पु० करपत्र. शाकविशेष. रोहितमत्स्य. कच्छप । संहासी. रोहूमच्छी. कछुआ ।

भालू–पु० ऋक्ष । रीछ ।

भास–पु० प्रभा. गोष्ठ. कुक्कुर. गोकुलचारी गृध्रविशेषः गृध्र. शकुन्त । चमक. गोशाला. कुत्ता. गीध. परिन्दह ।

भासन्त
भासु
} पु०–सूर्य्य आफताब ।

भासु (स्व) र–न० कुष्ठौषधि. (पु०) स्फटिक । कूठ दवाई. बिल्लौर ।

भास्कर–पु० सूर्य्य. अग्नि. वीर. अर्कवृक्ष. (न) सुवर्ण । आफताब. आग. बहादुर. आक का पेड़. सोना ।

भिक्षु–स्त्री० मुण्डी. कोकिलाक्ष । गोरखमुण्डी. तालमखाना ।

भिण्ड–पु० भिण्डवृक्ष. शाकविशेष(स्त्री) (ण्डा) । रामतुरई ।

भिन्दुर–न० वज्र (पु०) प्लक्षवृक्ष । पाकड़ का दरखत ।

भिन्द्य–पु० कुरण्टकवृक्ष । सुपेदकरसैला

भिन्न–न० क्षतरोगविशेष । खास बीमारी।

भिन्नयोजिनी–स्त्री० पाषाणभेदऔषध।

भिल्ली–स्त्री० लोध्रवृक्ष । लोध का दरखत

भिषज्–पु० वैद्य । तबीब ।

भिषङ्माता–स्त्री० वासा । रूसा ।

भिष्यिका–स्त्री० दग्धान्न । जलाहुआभात

भिस्साण्ड–न० भिसण्ड । भसेड़. कमल की जड़ ।

भिस्सटा–स्त्री० दग्धान्न । जलाहुआभात।

भित्सा–स्त्री० अन्न. भक्त । भात ।

भिस्सा–स्त्री० अन्न. भक्त । भात ।

भीरु–(लु) त्रि० भयशील. (स्त्री) भयशीला(स्त्री). अजा. छाया. (स्त्री). शतावरी. (पु) शृगाल. वयाघ्र. इक्षुविशेष । डरपोक. बकरी. सायासिआर. बाघ. पौंडा. छतावरि ।

भीरु(लु) क–न० वन. पु० पेचक. इक्षुविशेष । (त्रि०) भययुक्त । जङ्गल. उल्लू. एक खासगन्ना. डरपोक. भरेरी जंख।

भीष्मरत्न–न० एकरत्न जो सुपेद रङ्ग का हिमालय के उत्तर में पैदा होता है ।

भुज–पु० स्त्री (जा)बाहु. कर. भृष्टतण्डुल. बाजू. हाथ. भुजे चावल ।

भुजकोटर–पु० वक्ष । बगल ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

भुजग } पु० सर्प्प । सांप ।
भुजङ्ग }

भुजङ्गभुक्–पु० मयूर । मोर ।

भुजङ्गम–पु० सर्प (न०) सीसक । सांप. सीसा ।

भुजङ्गहन्–पु० गरुड़. मयूर । पिढैयाढक. मोर ।

भुजङ्गाक्षी–स्त्री० रास्नाभेद । नाइकावृक्ष

भुजि–पु० वह्नि । आग. आतिश ।

भुजिष्य–पु० स्वतन्त्र. दास. रोगविशेष । (ष्या) दासी. वेश्या ।

भूकदम्बिका–स्त्री० मुण्डी । गोरखमुण्डी ।

भूकेश–पु० शैवाल. वटवृक्ष । सेवार. बरगद का पेड़ ।

भूगर–न० विष । ज़हर. संखिया ।

भूजम्बू–न० स्त्री० गोधूम. विकङ्कतफल । गेहूं कण्टाई का फल ।

भूतघ्न–पु० उष्ट्र. लसुन. भूर्जपत्र. (स्त्री) (घ्नी) तुलसी (त्रि) भूतनाशक । ऊंट. लहसन. भोजपत्ता. तुलसी. भूतों को नाश करने वाला ।

भूतजटा–स्त्री० जटामांसी । जटामासी ।

भूतनाशन–पु० भल्लातकवृक्ष. सर्षप. भूतहन्ता (न) रुद्राक्ष । भिलावे का दरखत. सेरसों. भूतों के तवाह करने वाला. रुद्राक्ष ।

भूतवास–पु० विभीतक । बहेरा ।

भूतवृक्षक–पु० उद्दालवृक्ष । वहुआर ।

भूतहर–पु० गुग्गुलु । गूगल ।

भूतारि–त्रि० हिङ्गु. भूतशत्रु । हीङ्ग. भूतों का दुश्मन ।

भूतावास–विभीतकवृक्ष. शाखोटवृक्ष । बहेड़े का पेड़. सहोरा का दरखत ।

भूति–स्त्री० भस्म. रोहिषतृण । राख. हरद्वारीकुश. सोधियाघास ।

भूतिक(ती)–न० भूनिम्ब । चिरायता. अजवाइन ।

भूतीक–न० रोहिषतृण । हरद्वारीकुश. सोधिया. भूघास. खुम्ब (कुकुरमुत्ता)

भूत्तम–न० सुवर्ण । सोना. ज़र ।

भूधरी–स्त्री० मूषाकर्णी । मुसेकन्नीबूटी ।

भूधात्री–स्त्री० भूम्यामलकी । भुईंआंवला

भूनिम्ब–पु० कैरातक । चिरायता ।

भूपति–पु० ऋषभनामौषधि. राजा ।

भूपदी–स्त्री० मल्लिकापुष्पवृक्ष । मालती का पौधा ।

भूमि(मी)–स्त्री० पृथिवी. स्थानमात्र. जिह्वा । ज़मीन. जगह. जीभ ।

भूमिखर्जूरिका–स्त्री० क्षुद्रखर्जूरिका । छोटी खजूरि ।

भूमिछत्र–न० शिलींध्रक । धरती का फूल. खुम्ब ।

भूमिज–न० गौरसुवर्ण ।

भूमिरस–पु० इक्षु । ऊख ।

भूमिलेपन–न० गोमय । गोबर ।

भूमिवल्ली–स्त्री० कर्कोटकी । खेखसा ।

भूमितःस्वयंजात–न० पांशुलवण । लोना का निमक ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

भूमीसहा–स्त्री० नरिदारु । भुइसहा का पेड़ ।

भूम्यामलकिका } स्त्री० भूधात्री । भुइ-
भूम्यामलकी } आंवला ।

भूरि–न० स्वर्ण । सोना ।

भूरिगमा–स्त्री० गर्द्दभ । गधा ।

भूरिप्रेमन्–पु० चक्रवाकपक्षी । चकही चकहा ।

भूरिफेना–स्त्री० शातला । पीलेफूल वाले सेहुण्ड की जड़ ।

भूर्ज–पु० भूर्जपत्रवृक्ष । भोजपत्ते का पेड़ भोजदरखत ।

भूर्जचर्म्मी–स्त्री० भूर्जपत्र । भोजपत्र ।

भूर्जपत्र–पु० भूर्जपत्र । भोजपत्र का पेड़ ।

भूतविद्या–स्त्री० भूतानि देवासुरगन्धर्व-यक्षरक्षः पितृनागपिशाचाश्चाष्टौ. तान् वेत्ति अनयाइति भूतविद्या । अथवा भूतावेशापकरणार्था विद्या भूतविद्या ।

भूस्तृण–न० भूतृण । भूघास ।

भृकुटि(टी)–स्त्री० भ्रूकुटी । भौंह ।

भृगुभवा–स्त्री० भार्गी । भारंगी. बभनेठी

भृङ्ग–न० त्वच. अभ्रक (पु) भ्रमर (त्रि) लम्पट. भृङ्गराज । खाल.अभरक. भौंरा. अय्याश.घमूड़ी. चाकसू. घमिरा. तज ।

भृङ्गपर्णिका–स्त्री० सूक्ष्मैला । छोटी इ-लायची ।

भृङ्गप्रिया–स्त्री० माधवीलता ।

भृङ्गरज } पु० भृङ्गार. कालचटक ।
भृङ्गराज } घमिरा.भङ्गरा. गरगवापक्षी ।

भृङ्गार–न० लवङ्ग. सुवर्ण(पु) भृङ्गराज । लौंग. सोना. घमिरा ।

भृङ्गि–पु० वटवृक्ष(स्त्री)(ङ्गी) अतिविषा-लता । वरगद का पेड़. अतीस ।

भृङ्गेष्टा–स्त्री० घृतकुमारी । घीकुवार ।

भेक–पु० जन्तुविशेष(स्त्री)(की). मेंड़क. मेड़की ।

भेकनि(लि)–पु० मत्स्यविशेष । खास मछली ।

भेदन–न० हिङ्गु(पु)अम्लवेतस. शूकर । हीङ्ग. अमिलवेद. सुवर ।

भेदिन्–पु० अम्लवेतसवृक्ष । अमिलबेद का पेड़

भेरण्ड–पु० श्येनपक्षी । बाज़ ।

भेषज } न० औषधि । दवाई ।
भैषज }

भोगपिशाचिका–स्त्री० क्षुधा । भूंख ।

भोजन–न० जग्ध । खुराक. वह छः प्रकार की होती है–जैसे. १ चूष्य. २ लेह्य. ३ पेय. ४ भोज्य. ५ भक्ष्य. ६ चर्व्य ।

भौतिक–न० मुक्तामणि । मोती ।

भौम–त्रि० रक्तपुनर्नवा । लाल गदापुरैना

भ्रमर–पु० मधुकर (स्त्री)(री)जतुका. भ्र-मरभार्य्या । भौंरा. लाख. भौंरी ।

भ्रान्त–पु० राजधत्तूर । बड़ा धत्तूरह ।

भ्रामक } –पु० सूर्य्यावर्त । चुम्बक ।
भ्रामर }

भ्रामरमधु–न० भ्रामरमाक्षिक । भौरों का सहत कैरा का सहद ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

(म)

मकर–पु० जलजन्तुविशेष । मगर ।

मकरन्द–पु० पुष्परस. किञ्जल्क. केशर (न) कोकिल. मधुकर । फूलों का रस फूलों के बीच की तिरी. कोइल. भैंरा ।

मकुर–पु० वकुलपुष्प. कोरक. आदर्श । कचनार का फूल. आरसी. सीसा ।

मकुष्ठ, मकुष्ठक –पु० मोठ. मोथी ।

मकूलक–पु० लघुदन्ती । छोटी दन्तूनि ।

मक्कुल–पु० शिलाजतु । शिलाजीत ।

मक्षवीर्य–पु० प्रियालवृक्ष । चिरौंजी का पेड़. गोदनी का पेड ।

मघ–न० पुष्पविशेष (स्त्री) (घा) औष-धिविशेष ।

मङ्गलच्छाय–पु० वटवृक्ष । बड़ का पेड़ ।

मङ्गलप्रदा–स्त्री० हरिद्रा । हल्दी ।

मङ्गल्य–न० दधि. चन्दन. स्वर्ण. सिन्दूर. (पु) अश्वत्थ. बिल्व. मसूरक. जीरक. (स्त्री) (ल्या) शमी. शुक्लत्वचा. रोचना. प्रियङ्गु. हरिद्रा. दूर्वा. नारिकेल. क-पित्थ. । दही. संदल. सोना. सेंदुर. पीपल. बेल. मसुरी. जीरा. छोंकुरि. सुपेद बच. गोलोचन. प्रियङ्गु. हल्दी. दूब. नारियल. कैथा ।

मङ्गल्यनामधेया–स्त्री० जीवन्तीशाकवि-शेष । जिवई ।

मङ्गुर–पु० मत्स्यविशेष । मङ्गुरी मच्छली

मज्जा–स्त्री० अस्थिसार. वृक्षसारांश । मिज्ज. दरखत का सत ।

मज्जाज–पु० भूमिजात. गुग्गुलु । गूगल ।

मज्जारस–पु० शुक्र । मनि ।

मज्जासार–पु० जातीफल । जायफल ।

मञ्जर–न० मुक्ता. तिलकवृक्ष । मोती. सेरहा का पेड़ ।

मञ्जिष्ठा–स्त्री० समङ्गा । मजीठ ।

मञ्जुमणि–पु० पुष्पराग । पुषराज ।

मञ्जूषा–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मजीठ ।

मणि–पु० रत्न ।

मणिच्छिद्रा–स्त्री० मेदौषधि ।

मणिवर–पु० हीरा ।

मणिमन्थ–पु० सैन्धवलवण । सेंधानिमक

मण्ठक–न० माठ । मठोलिया ।

मण्ड–न० पु० सर्वान्नाग्ररस (पु) एरण्ड-वृक्ष. शाकविशेष. । मांड़. एरण्डी का पेड़ ।

मण्डक–पु० माधवीलता. मांड । माधवी. मांड़ ।

मण्डलिन्–पु० विडाल. वटवृक्ष. गोनाश (स्त्री)(ली) दूर्वा. समाज । बिल्ली. बड़ का पेड़. गोह. सांप. दूब. मजलिस ।

मण्डली–स्त्री० गुडूची । गुरच. गिलोय ।

मण्डा–स्त्री० सुरा. आमलकी. मिष्टान्न-विशेष । शराब. आंमला. संदेश ।

मण्डूक–पु० भेक (स्त्री) (का,की) मञ्जि-ष्ठालता. ब्राह्मी । मेडक. मञ्जीठ की बेल. ब्राह्मी बूटी ।

मण्डूकपर्ण–न० श्योनाक (स्त्री०) (र्णी)

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मञ्जिष्ठा. ब्राह्मणमण्डूकी । सोनापाढ़ा. मजीठ ।

मण्डूर–न०पु० लोहमल । लोहेकी कीटी।

मति–स्त्री० बुद्धि. मुक्ता. शाकविशेष । अकल. मोती. एक खास साक ।

मत्क–त्रि० मत्कुण । खटमल. ऊरिस ।

मत्कुण–पु० मत्क. निःश्मश्रुपुरुष. नारिकेल. (स्त्री) (णा) अजातभगलोमा । खटमल. खोजा आदमी. नारियल.

मत्त–पु० धत्तूरवृक्ष. कोकिल. महिष (स्त्री) (त्ता) सुरा । धत्तूरे का पेड़ । कोइल. भैंसा ।

मत्स–पु० मीन । मच्छली ।

मत्सरा–स्त्री० मक्षिका । मक्खी ।

मत्स्य–मीन । मच्छली ।

मत्स्यगन्धा–स्त्री० ह्रीवेर. मत्स्याक्षी. सकुलादिनी । हौहबेर. मछेछी का पौधा. पनिसगा. जलपिपली ।

मत्स्याण्ड–न० मछली के अण्डे ।

मत्स्यपित्ता } स्त्री० कटुम्भरा । कुटकी.
मत्स्यशकला } " " "

मत्स्याक्षी–स्त्री० गण्डदूर्वा. मत्स्यादनी । दुविया. मछेछी ।

मत्स्यादनी–स्त्री० मत्स्याक्षी. जलपिप्पली । मछेछी. पनिसगा ।

मथन–पु० गण्डेरीवृक्ष । गणेरीदरखत ।

मथित–न० निर्जलघोल । मही. मट्ठा ।

मदकट–पु० खण्ड. । चीनी ।

मदन–पु० कामदेव. वसन्त. धूस्तर. सिक्थक. मदनफल. भ्रमर. माष. खदिरवृक्ष. वकुलवृक्ष. (स्त्री) (ना) अङ्कुश. सुरा. शारिका. (स्त्री) (नी) मृगनाभि । धत्तूरह. मोम. मयनफल. भौंरा. उड़द. खैर का पेड़. आंकुश. शराब. मयना चिड़िया. कस्तूरी ।

मदनक–न० सिक्थक । मोम ।

मदनकाकूवर–पु० पारावत । कबूतर ।

मदनपाठक–पु० कोकिल । कोइल ।

मदनशलाका–स्त्री० सारकपक्षी. कोकिला । मयना. कोइल ।

मदनालय–पु० भग. पद्म । कुस. कमल ।

मदयन्ती–स्त्री० मल्लिका । चम्बेली ।

मदयित्नु–न० मद्य । शराब ।

मदाढ्य–पु० तालवृक्ष (स्त्री) (ढ्या) लोहितझिण्टी । ताल का पेड़. बांसा ।

मदास्यद–पु० फलकमत्स्य । फलूईमच्छी

मदाह्व–पु० मृगमद । कस्तूरी ।

मदिर–पु० मत्त. खञ्जनपक्षी. (स्त्री) (रा) रक्तखदिर. सुरा । लाल खैरा. मस्त. ममोला पक्षी. शराब ।

मदिष्टा–स्त्री० मदिरा । शराब ।

मदोत्कटा–स्त्री० मदिरा । दारू ।

मद्गुर–पु० मत्स्यविशेष । नाम एक मच्छी का ।

मद्य–न० सुरा । मद ।

मधु–न० मद्य. क्षीर. (पु०) मधुद्रुम. वसन्तऋतु. अशोकवृक्ष. यष्टिमधु (स्त्री) जीवन्तीवृक्ष (त्रि) मिष्ट । शराब. दूध.

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मौहे का पेड़. अशोक का पेड़. मीठा. जेठीमधु ।

मधुक–न० यष्टिमधुका. त्रपु । जेठीमधु. टीन ।

मधुकण्ठ–पु० कोकिल । कोइल ।

मधुकर–पु० भ्रमर. भृङ्गराजवृक्ष । भौंरा। घमिरा ।

मधुकर्क्कटी–स्त्री० बीजपूरभेद । चकोतरा, निम्बू ।

मधुकारि } पु० भ्रमर । भौंरा ।
मधुकृत }

मधुगन्ध–पु० वकुलवृक्ष । मौलसिरी का पेड़ ।

मधुगायन–पु० कोकिल । कोइल ।

मधुच्छदा–स्त्री० मयूरशिखा । मोरशिखा बूटी ।

मधुज–न० शिक्थक. (स्त्री) पृथिवी. सिता । मोम. ज़मीन. मिसरी ।

मधुतृण–पु० इक्षु । ऊख ।

मधुदूत–पु० आम्रवृक्ष. (स्त्री) (ती) पाटला । आम का पेड़. पाण्डरि ।

मधुद्रु–पु० भ्रमर । भौंरा ।

मधुधातु–न० स्वर्णमाक्षिका । सोनामक्खी धातु ।

मधुप–पु० भ्रमर । भौंरा ।

मधुपर्णिका–स्त्री० गम्भारी. नीलिका. सुदर्शन । खम्भारि. नील. सुदर्शन ।

मधुपर्णी–स्त्री० गुडूचीलता. गम्भारीवृक्ष. नीलीवृक्ष । गिलोय. गम्भारी का पेड़. नील का पौधा ।

मधुपुष्प–पु० मधूकवृक्ष । मौहा ।

मधुव्रत–पु० भ्रमर । भौंरा ।

मधुमक्षिका–स्त्री० कीटविशेष । शहद की मक्खी ।

मधुमाक्षिक–न० स्वर्णमाक्षिक । सोनामक्खी धातु ।

मधुर–न० विष. वङ्ग (पु) मिष्टरस. जीवकवृक्ष. रक्तेक्षु. गुड़ । ज़हर. टीन. मीठा. जवक का पेड़. लालऊख. गुड़ ।

मधुरसा–स्त्री० मूर्वा. द्राक्षा. अङ्गूर. दुग्धिका. गम्भारीवृक्ष । मुरहरी. दाख. अङ्गूरफल. दूधी. खम्भारी का पेड़ ।

मधुरा–स्त्री० शतपुष्पा. मधुयष्टिका. काकोली. शतावरी. बृहज्जीवन्ती । सौंफ. जेठीमधु. काकोली. छतावरि. बड़ी जीवन्ती ।

मधुरामिसि–स्त्री० शोआ का पौधा ॥

मधुरेणु–स्त्री० कटभी ।

मधुल–न० मद्य । शराब ।

मधुल–न० मद्य । शराब ।

मधुलिका–स्त्री० राजिका । राई ।

मधुलिह }
मधुलेहिन् } पु० अलि । भौंरा. शहद
मधुलोलुप } की मक्खी ।
मधुसूदन }

मधुशेष–न० शिक्थक । मोम ।

मधुश्रेणी–स्त्री० मूर्वा । मुरहरी ।

मधुष्ठीला–स्त्री० वनमधूकवृक्ष । वनमौहा

मधुसिग्रु–पु० वृक्षविशेष । मीठासोहा-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

जना. सुनगा का पेड़ ।

मधुस्रवा—स्त्री० जीवन्तीशाकविशेष । जिवई ।

मधूक—पु० वृक्षविशेष । मौहा का पेड़ ।

मधूकका—पु० वनमौहा ।

मधूच्छिष्ट—न० शिक्थक । मोम ।

मधूलिका—स्त्री० ज्येष्ठीमधु. मूर्वा । जेठीमधु. मुरहरी. चूर्णहार ।

मधूली—स्त्री० क्षुद्रगोधूम । छोटा गेहूं ।

मधूषित—न० शिक्थक । मोम ।

मध्यम—न० पु० देहमध्यभाग. (पु) मृगविशेष. (स्त्री) (मा) अङ्गुलिविशेष । कमर. मृगा. बीच की ऊंगुली ।

मध्यस्थल—न० कटिदेश । कमर ।

मनःशिल—पु० मनोगुप्ता । मंछल. मैनशिल

मनीक—न० अञ्जन । काजल ।

मनोगुप्ता } स्त्री० मनःशिल । मंछिल.
मनोज्ञा } „ मैनशिल ।

मनोरमा—स्त्री० गोरोचना । गोलोचन ।

मनोहर—पु० कुन्दवृक्ष. (न) सुवर्ण (स्त्री) (रा) जातीपुष्प । कुन्द की बेल. सोना. चम्बेली की बेल वा फूल ।

मनोह्वा—स्त्री० मनःशिल । मंछल. मैनशिल ।

मन्त्रदीधिति—पु० वह्नि । आग ।

मन्दार—पु० श्वेतार्कवृक्ष. पारिभद्रवृक्ष । सुफेद आक का पेड़. फरहद का पेड़ ।

मन्थ—पु० दिवाकर. नेत्ररोगविशेष । सूरज. आंख की बीमारी ।

मन्थज—न० नवनीत । मक्खन ।

मन्था—स्त्री० वनमेथिका । वनमेथी ।

मन्दट्—पु० पारिभद्रवृक्ष । फरहद का पेड़

मन्दसान—पु० अग्नि. प्राण. निद्रा । आग. जान. नींद ।

मन्दाग्नि—पु० अल्पजठरानल । बदहज़मी

मन्दार—पु० स्वर्गीयवृक्ष । पारिजात ।

मन्मथ—पु० कपित्थवृक्ष । कैथा ।

मन्मन—पु० गद्गदध्वनि. भ्रमर । गुनगुनाना. भौंरा ।

मप(पु)ष्ट(क)—पु० वनमुद्ग । वन के मूंग के पौधे ।

मय—पु० उष्ट्र । ऊंट ।

मयन—न० शिक्थक । मोम ।

मयु—पु० हरिण । मृगा ।

मयूर—पु० स्वनामख्यातपक्षी । मोर ।

मयूरक—न० तुत्थक(पु)अपामार्ग । तूतिया. लटजीरा ।

मयूरविदला—स्त्री० माचिका । केवैया ।

मयूरारि—पु० कृकलास । गिरगट ।

मयूराह्वशिखा—स्त्री० मयूरशिखा । मोरसिखा बूटी ।

मरकत—न० हरिद्वर्णमणिविशेष । पन्ना ।

मरन्द (क) —न० मकरन्द । फूलों का रस ।

मरिच—न० स्वनामख्यातवर्तुलाकारौषधि । मिरच ।

मरिचपत्रक—पु० शालभेद । शालई ।

मरीच—न० स्वनामख्यातकटुद्रव्य । मिरच

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मरु } पु० निर्जलदेश. मरुवक । रे-
मरुन् } गिस्तान. मरुआ का पौधा ।
मरुत्फल—न० घनोपल । ओला ।
मरुन्माला—स्त्री० समुद्रान्ता । लाकोइ-कपुरी. सुगन्धिद्रव्य ।
मरुबक—पु० मरुवृक्ष । मरुआ का पौधा ।
मरुभूमि—स्त्री० निर्जलदेश । रेगिस्तान ।
मरुभूरुह—पु० करीरवृक्ष । करीर का पेड़ ।
मरुल—पु० बक । बगुला ।
मरुसम्भव—न० लघुमूलिका । छोटी मूली ।
मरूक—पु० मृगविशेष. मयूर । खास ह-रिण. मृगा. मोर ।
मरोल—पु० जलजीवविशेष । मकर ।
मर्क—पु० देह. वायु. वानर. भेक । जिसम. हवा. बन्दर. मेंड़क ।
मर्कट—पु० वानर. ऊर्णनाभ. विषविशेष. मत्स्यविशेष. दैत्य । बन्दर. मकड़ी. एक ज़हर. एक खास मछली ।
मर्कटतिन्दुक—पु० कुपीलु । कोचिला का दरखत. मकरतेंदू ।
मर्कटाम्र—पु० आमलकाम्र । रीरीआम ।
मर्कटी—स्त्री० कञ्जीवृक्ष. कपिकच्छु. अ-पामार्ग । कञ्जी का पेड़. किमाच का पेड़. लटजीरा ।
मर्कर—पु० भृङ्गराजवृक्ष । घमिरा का पौधा ।
मर्त्यकदली—स्त्री० कदली भेद । केला का भेद ।

मर्म्मन्—न० सन्धिस्थान । जीवस्थान ।
मर्म्मरी—पु० हरिद्रा । हल्दी ।
मल—पु० न० पाप. विष्ठा. किट्ट. कर्पूर. वात पित कफादि । गुनाह. मयला. मैल. काफूर ।
मलज—न० पूय । पीप ।
मलद्राविन्—पु० जयपाल । जमाल गोटा
मलभुज्—पु० काक । कौआ ।
मलयज—पु० न० चन्दन । संदल ।
मलयू—स्त्री० काकोदुम्बरी । कठूमरिबूटी
मलिन—न० तक्र । मट्ठा छाछ ।
मलीमस—न० लोह । लोहा ।
मलूक—पु० कृमिविशेष ।
मल्ल—पु० कपोल. मत्स्यविशेष (स्त्री)(ल्ली) ल्ला) मालती । गाल. खास मच्छली. मालती की बेल ।
मल्लिक—पु० मलिनचरणचक्षुयुक्तहंस (स्त्री) (का) स्वनामख्यातपुष्पवृक्ष । सुपेदहंस मालती की वेल ।
मल्लिकापुष्प—न० कुटजवृक्ष । कोरैआ ।
मल्लू—पु० ऋक्ष । रीछ ।
मशक—पु० कीटविशेष. चर्म्मनिर्मितज-लाधार. रोगविशेष । मच्छर. मशक. मशा ।
माशपर्णी—स्त्री० माषपर्णी । बनउर्दी ।
मशुन—पु० कुक्कर । कुत्ता ।
म(षि)सि—स्त्री० मसी । स्याही ।
मषिकूपी—स्त्री० मस्याधार । दुआत ।
मसरा—स्त्री० मसूरिका । मसूर की दाल

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मसार(क)-पु० इन्द्रनीलमणि । पन्ना ।
म(सु)सूर-पु० कलापविशेष । मसूर ।
मसूरविदला-स्त्री० कृष्णात्रिवृता । स्याहनिशोथ ।
मसूरिका-स्त्री० वसन्तरोग । चेचक की बीमारी. मसूर. अन्न ।
मसृणी-स्त्री० अतसी । अलसी ।
मस्कर-पु० वंश सरन्ध्रवंश । वांस. सुराखदार बांस ।
मस्त-न० मस्तक । माथा ।
मस्तक-न० प्रधानाङ्ग । माथा ।
मस्तिष्क-न० मस्तकमवघृताकारस्नेह । मज्जा मग़ज़ ।
मस्तु-न० दधिमण्ड. दधिजल. छाछ ।
मह-पु० महिष । भैंसा ।
महती-स्त्री० बृहती । वरहण्टा. बड़ी भटकटैया ।
महाकन्द-पु० रसोनक. मूलक. राजपलाण्ड । लहसन. मूली. पियाज़ ।
महाकपित्थ-पु० बिल्ववृक्ष । बेल का पेड़ ।
महाकरञ्ज-पु० बृहत्करञ्ज । बड़ाकरंजा ।
महाकुमारी-स्त्री० सेवतीगुलाब ।
महाकुसुमिका-स्त्री० गम्भारी । खम्भारि
महाकोशातकी-स्त्री० हस्तिघोषा. महाफला । नेनुआ ।
महागद-पु० ज्वररोग । बुखार की बीमारी ।
महागन्ध-न० हरिचन्दन (पु) कुटजवृक्ष जलवेतस (स्त्री)(न्धा) नागबला केविका पुष्प । संदल. कुरैआ का पेड़. जल वेत. गुरशंकरी ।
महागोधूम-पु० बृहद्गोधूम । बड़ा गेहूं. दाउदखानी गेहूं ।
महाघोषा-स्त्री० कर्कटशृङ्गी । ककड़ाशृङ्गी ।
महाजम्बू-स्त्री० फलेन्दाजम्बू । फरेंद जामुनी ।
महाजाति-स्त्री० वासन्तीलता । माधवी. लता ।
महाजाली-स्त्री० कर्कोटकीलता । खेखशा की बेल ।
महातरु-पु० स्नुहीवृक्ष. बृहद्वृक्ष । सेहुंड़ का पेड़. बड़ा पेड़ ।
महादारु-पु० देवदारुवृक्ष । दियार का दरखत ।
महानिम्ब-पु० विषमुष्टिकावृक्ष । वकाइन का दरखत. नैपाली नीम का पेड़ ।
महानील-पु० गुग्गुलु । गूगल ।
महाप्राण-पु० द्रोणकाक । पहाड़ी कौवा ।
महाफला-स्त्री० ऐन्द्रीलता. फलेन्द्रावृक्ष. हस्तिघोषा. कटुतुम्बी । इन्द्रोरनि. फरेंदजामुनी. नेनुआ. कडुई तोंबी ।
महाबला-स्त्री० सहदेवी । सहदेयिया ।
महामाष-पु० राजमाष । लोविआ ।
महामुनि-पु० अगस्त्य. तुम्बुरुवृक्ष (न) धन्याक । अगस्त्यतुम्बुरुबीज. धनिया ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

महामूल–पु० राजपलाण्डु । बड़ा पियाज. पातालगरुड़ी. छरहटा ।

महामेदा–स्त्री० औषध विशेष ।

महामोही–स्त्री० धूस्तरवृक्ष । धतूरे का पेड़ ।

महायोगेश्वरी–स्त्री० नागदमनीका पौधा।

महारजत–न० सुवर्ण. धूस्तरवृक्ष । सोना. धत्तूरा ।

महारजन–न० कुसुम्भपुष्प. स्वर्ण । कुसुम्भे का फूल. सोना ।

महारस–न० काञ्जिक (पु) रसराज । कांजी. पारा ।

महारसाष्टक–न० अष्टधातुविशेष. तद्यथा । १ दरद. २ पारद. ३ सस्य. ४ वैक्रान्त. ५ कान्त. ६ अभ्रक. ७ माक्षिक ८ विमल ।

महाराज–पु० नख । नाखून ।

महाराष्ट्री–स्त्री० गजपिप्पली। गजपीपरि

महारूप–पु० सर्जरस । राल ।

महारोग–पु० पापरोग अष्टविध यथा– १ उन्माद. २ त्वग्दोष. ३ राजयक्ष्मा. ४ श्वास. ५ मधुमेह. ६ भगन्दर. ७ उदर. ८ अश्मरी ।

महालोल–पु० काक । कौवा ।

महालोह–पु० अयस्कान्त. चुम्बक । मकनातीस ।

महावरा–स्त्री० दूर्बा । दूब ।

महावरोह–पु० प्लक्षवृक्ष । पाकड़ का दरखत ।

महावीरा–स्त्री० औषधिविशेष ।

महाशङ्ख–पु० मनुष्यास्थि. ललाट । इन्सान की हड्डी. माथा ।

महाशतावरी–स्त्री० बृहच्छतावरी । बड़ा शतावरी ।

महाशल्क–पु० मत्स्यविशेष । चिंगड़ा मच्छली ।

महाशालि–पु० ठंढकालीधानविशेष ।

महाशुभ्र–न० रजत । चांदी ।

महाशौषिर–पु० दन्तमांसपकजाने और मुख में पीड़ा हो ।

महाश्रावणिका–स्त्री० मुण्डी । गोरखमुण्डी बूटी ।

महाषष्टिक–पु० गर्भपक्कधान्यविशेष सेढ़धान ।

महासफर–पु० पपतामच्छली ।

महासह–पु० वाणपुष्प(स्त्री)(हा) माषपर्णी. कुब्जक । वाणपुष्प. वनउर्दी. कूजा ।

महिल्या–स्त्री० रेणुकानामगन्धद्रव्य. प्रियङ्गुलता । खुशबूदार चीज (रेणुका) मिरच के सदृश होती है ।

महिलाह्वया–स्त्री० गन्धप्रियङ्गु । खुशबूदार चीज. मेहदी के बीज ।

महिष–पु० स्वनामख्यातपशुविशेख(स्त्री) (षी) औषधविशेष. महिषी । भैंसा. दवाइ का नाम. भैंस ।

महिषमस्तक–पु० ठंढकालीधानविशेष ।

महिषाक्ष–पु० गुग्गुलु । गूगल ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

महिषीदुग्ध–न० भैंस का दूध ।
मही–स्त्री० हिलमोचिका । एक साग-विशेष ।
महीज–न० आर्द्रक । अदरक ।
महेर(रु)णा } स्त्री० शल्लकीक्षवृ ।
महेरुणा } „
महैल्या–स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलाइची
महोत्पल–न० कमल । कवल ।
महोदरी–स्त्री० महाशतावरी । बड़ी छतावरि ।
महोन्नत–पु० तालवृक्ष । ताड़ का पेड़ ।
महोरग–न० तगरमूल । तगर की जड़ ।
महोष्ट्री–स्त्री० बृहती । बड़ी भटकटैया ।
महौषध–पु० शुंठी(न)लशुन (स्त्री)(धि) दूर्वा. लज्जालु लता. महास्नानीय द्रव्यविशेष.(स्त्री) (धी) ब्रह्ममण्डूकी । सोंठि. लहसन. दूब. लाजवन्तीवेल. न्हानेकी दवाई यथाः–१ सहदेवी. २ व्याघ्री. बला. ४ अतिबला. ५ शङ्खपुष्पी. ६ सिंही ७ अष्टमी. ८ सुवर्च्चला. ब्रह्ममण्डूकी बूटी ।
मांस–न० रक्तजधातुविशेष (पु) काल. कीट । मास. गोश्त. वक्त. कीड़ा ।
मांसफला–स्त्री० वृन्ताकी । बैंगन ।
मांसरोहिणी–स्त्री० रोहिणीओषधि ।
मांसशृङ्गाटक–न० किमामगोश्त ।
मांससार(स्नेह)–पु० मेद, मिज्ज । चर्बी ।
मांसिनी–स्त्री० जटामांसी । जटामांसी दवाई ।

मांसौष्ठरोग–पु० मांससम्बधी ओष्ठरोग ।
मांकन्द–पु० आम्रवृक्ष(स्त्री)(न्दी) आमलकी. पीतचन्दन । आम का पेड़. आंमला. जर्दसन्दल ।
माक्षिक–न० मधु । सहद ।
माक्षिकधातु–न० स्वर्णमाक्षिक । सोनामक्खी ।
माक्षिकवान्तपुष्परस–न० मधु । सहद ।
मागधी–स्त्री० यूथिका. पिप्पली. शर्करा. । जूही. पीपल. चीनी ।
मांगल्या–स्त्री० रीठा ।
मार्गविशोधन–न० मूत्रपुरीषसंगेविकर्षणं विगृह्यकर्षणं ।
माचिका–स्त्री० अस्थिका. मक्षिका । केवैआ. मक्खी ।
माणक–न० कन्दविशेष(पु) स्वनामख्यातवृक्ष । मानकन्द. माणक का दरखत ।
माणिक्य–न० मणिविशेष (स्त्री) (क्या) पल्ली । मानकरत. छिपकली ।
माणिक्यकदली–स्त्री० कदलीभेद । बड़ा केला ॥
माणिमन्थ–न० सैन्धवलवण । सेंधानिमक
माण्डूकी–स्त्री० ब्रह्ममाण्डूकी । ब्राह्मी ।
मातुल–पु० व्रीहिविशेष. मदनवृक्ष. धूस्तरवृक्ष । धान. मयनफल. धत्तूरा ।
मातुलपुत्रक–पु० धत्तूरवृक्ष । धत्तूरा ।
मातुलानी–स्त्री० भंगा । भांग ।
मातुलुङ्ग–पु० बीजपूर. दाडिम । बिजौरा निम्बू. अनार ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मादक–पु० दात्यूहपक्षी । पपीहा ।

मादन–न० लवङ्ग. (पु) कामदेव. मदनवृक्ष. धूस्तरवृक्ष. (स्त्री०) (नी) विजया । लौंग. मयनफल का पेड़. धत्तूरे का पेड़. भांग ।

मादिनी–स्त्री० विजया । भांग ।

माधव–पु० वसन्त. मधूक. (स्त्री) (वी) स्वनामख्यातलताविशेष. मदिरा. तुलसी । मोसम वहार. मौहा. माधवी बेल. शराब. तुलसी का पौधा ।

माधुर–न० मल्लिका (स्त्री) (री) मदिरा. माधुर्य्य । मालती. शराब. मिठास ।

माध्याह्निक–पु० जपापुष्प । दुपहरिया ।

माध्वक–न० मधुजातमद्य । मधुकपुष्पों की शराब ।

माध्वी–स्त्री० मद्य. मत्स्य । शराब. मच्छली ।

माध्वीक–न० मद्य. (पु) मधु । शराब. सहत ।

मान–न० मानकन्द ।

मानिका–स्त्री० मद्य । शराब ।

मानुषमूत्र–न० मनुष्यमूत्र । आदमी का मूत्र ।

मान्द्य–न० कुन्दपुष्प ।

मायु–पु० पित्त । धातुविशेष ।

मार–पु० धूस्तर । धत्तूरा ।

मारष–पु० मारसासाग. मरसका साग ।

मारीच–पु० एला । इलायची ।

मारुत–पु० मरुआ ।

मार्कव (र) पु० भृङ्गराज । घमिरा ।

मार्कण्डिका } स्त्री० भूकर्कोटकी ।
मार्कण्डी } भुइखेखसा ।

मार्ग–पु० पथ. गुद. अपान. मृगमद । वाट. गुदा. कस्तूरी ।

मार्ज्जार–पु० रक्तचित्रक. विडाल. (स्त्री) (री) विडाली. मृगमद । बिल्लार. बिल्ली. कस्तूरी ।

मार्ज्जारगन्धिका–स्त्री० मुद्गपर्णी । वनमूंग ।

मार्जित–त्रि० शोधित. तीक्ष्णीकृत (स्त्री) (ता) रसाला । साफ किया हुआ. तेज़ किया हुआ. दही. घी. मिरच. शहद वगैरह चीज़ें मिला. काफूर की खुशबोई देकर बनाई हुई चटनी ।

मार्तण्ड–पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष. शूकर । आफताब. आक का पेड़. सुअर ।

मार्तिक–पु० शराब (त्रि) मृत्तिका निर्मित । प्याला मट्टी का ।

मानसाः–पु० रजस्तमः सम्भूताः कामादयः ।

माष–पु० मारिषशाक । मरसा का साग.

मालक–पु० निम्बवृक्ष. (न०) स्थलपद्म. (स्त्री) (का) । नीम का दरखत. सूर्य्यमुखी का फूल. माला ।

मालती–स्त्री० जाती । चम्बेली ।

मालतीपत्री–स्त्री० जातीपत्री । जलवत्री. जवित्री ।

मालतीफल–न० जातीफल । जायफल ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मालव–पु० शावरलोध्र । शावरलोध ।

मालव्य–पु० चन्दनवृक्ष । सन्दल का वृक्ष

मालातृणक–न० भूस्तृण । खूंब. भूघास. धरती का फूल ।

मालिक–पु० मल्लिकापुष्प । मालती का फूल ।

मालूर–पु० विल्व. कपित्थ । बेल. कैथा ।

मालेया–स्त्री० स्थूलैला । बड़ीइलायची ।

माष–पु० व्रीहिविशेष. परिमाणविशेष । उड़द. मासा ।

माषक–पु० मासक । मासाभर ।

माषपर्णी–स्त्री० माषपर्णी । बनउड़द ।

माषवटी–स्त्री० मेथौरी । बरी ।

मास (स्)–पु० माषकपरिमाण. मासा. महीना ।

मासन–न० सोमराजी । एक दवाई ।

मासर–पु० भक्तसमुद्भवमण्ड । माण्ड ।

मासुरी–स्त्री० श्मश्रू । दाढ़ी ।

माहिष–न० महिषदुग्धघृतादि. (त्रि०) महिषशृङ्गादि । भैंस का दूध वगैरह. भैंस के सींग वगैरह ।

माहिषघृत–न० महिषाज्य । भैंस का घी । माहिषदधि–न० महिषदधि । भैंस का दही ।

माहिषनवनीत–न० महिषनवनीत । भैंस का मक्खन ।

माहेयी–स्त्री० गौ । गाय ।

मिथिनि–स्त्री० मेथिका. वनमेथिका. मेथी. वनमेथी ।

मिषि (का)–स्त्री० जटामांसी । जाटामासी ।

मिष्टनिम्बूफल–न० मिष्टनिम्बू । बताई. मीठानीबू ।

मिष्टान्न–न० मधुरद्रव्य । मिठाई ।

मिश्रपुष्पा–स्त्री० मेथिका. वनमेथिका । मेथी. वनमेथी ।

मिशि–स्त्री० शतपुष्पा । सौंफ ।

मिश्रेया–स्त्री० शतपुष्पा । सोंआ ।

मिहिका–स्त्री० नीहार. पाला । कोरा

मिहिर–पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताब. आकका पेड़ ।

मीन–पु० मत्स्य । मच्छली ।

मीनाण्ड–न० मत्स्याण्ड (स्त्री) (ण्डी) शर्करा । मच्छली का अण्डा. चीनी ।

मुकन्दक–पु० पलाण्डु । प्याज ।

मुकुन्द–पु० रत्नविशेष. कुन्दुरुवृक्ष. पारद । एक खास जवाहर. कुन्दफूल का दरखत. कुंदुरु यह सुगंधद्रव्यशल्लकी गोंद है. पारा ।

मुकुर–पु० दर्प्पण. बकुलवृक्ष. कोरक. कुलालदण्ड । शीशा. मालती का पौधा. कली. कुम्हार की लकड़ी ।

मुकुष्ट (क)–पु० वनमुद्ग । मोथी. मोठ ।

मुक्तपत्राढ्य–न० तालशीपत्र ।

मुक्तबन्धना–स्त्री० वार्षिकबेलानामकलता । वर्षाती बेला ।

मुक्ता–स्त्री० मौक्तिक । मोती ।

मुक्ताफल–न० कर्पूर. मौक्तिक. लवली-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

फल । काफूर. मोती. मीताफल ।
मुक्तामोदक—न० मिष्टान्नविशेष । मोतीचूर के लड्डू ।
मुक्ताशुक्ति—स्त्री० शीपी । शीप ।
मुख—न० वक्त्र. (पु) लकुच । मुंह. बढ़हल. ढेऊदरखत ।
मुखज—पु० दन्त । दान्त ।
मुखदूषक—पु० पलाण्डु । प्याज ।
मुखपूरण—न० गण्डूष. ग्रास । चुली. लुक्मा ।
मुखप्रिय—पु० नारङ्गी ।
मुखर—पु० काक. शङ्ख । कौआ. शङ्ख ।
मुखरोग—पु० आस्यरोग । मुंह की बीमारी यह ६५ प्रकार की होती है ।
मुखशोधिन्—पु० जम्बीर । जम्भीरीनिम्बू
मुखशोष—न० पिपासा । प्यास ।
मुचक—पु० लाक्षा । लाख ।
मुचुकुन्द—पु० पुष्पवृक्षविशेष । मोतिये का पौधा ।
मुञ्ज, मुञ्जातक—पु० मुञ्जतृणविशेष । मूंज ।
मुण्ड, मुण्डक—न० शिर. मस्तक । न० सर. माथा ।
मुण्डतिका—स्त्री० मुण्डी । मुंडी बूटी ।
मुण्डित—पु० लोह । लोहा ।
मुण्डी—स्त्री० मुण्डी. शृङ्गहीनमृग । मुण्डीबूटी. हरनी ।
मुदिर—पु० मेघ. कामुक. भेक । बादल. अय्याश. मेंढ़क ।
मुद्ग—पु० धान्यविशेष । मूंग ।
मुद्गपर्णी—स्त्री० वनमूंग ।
मुद्गवटका, मुद्गवटी—स्त्री० मूंगबरी । मुंगौरी ।
मुद्गभुज्—पु० घोटक । घोड़ा ।
मुद्गर—न० मल्लिकापुष्पविशेष । मालती का फूल ।
मुद्गल—न० रोहिषतृण । हरद्वारीकुश. ज्वरांकुश ।
मुद्गार्द्रकवटा—स्त्री० अदबरा ।
मुनि—पु० वङ्गसेनवृक्ष. पलाशवृक्ष । अगस्त्यवृक्ष. ढाक का पेड़ ।
मुनिद्रुम—पु० वङ्गसेनवृक्ष । अगस्त्यवृक्ष ।
मुनिनिर्मित—पु० डिंडिश ।
मुनिपित्तल—न० ताम्र । तांबा ।
मुनिपुत्र—पु० दमनक । दवना ।
मुनिपुष्प—पु० अगस्त्यवृक्ष । अगस्त्य का पेड़ ।
मुनिपूग—पु० गुवाकविशेष । रामसुपारी ।
मुनिभेषज—न० अगस्त्य. हरीतकी. लङ्घन । अगस्त्य का पेड़ । हरड़. फाकह
मुरा—स्त्री० मूर्वा । मुरहरी एकाङ्गी ।
मुश(स)ली—स्त्री० तालमूली. गृहगोधिका । मुसली दवाई. छिपकली ।
मुष्क—पु० अण्डकोष. वृक्षविशेष । अण्डकोष. कठ पाडरि बूटी ।
मुष्टि—पु० स्त्री० पलपरिमाण. बद्धपाणि । चार तोले. मुट्ठी ।
मुष्टक—पु० राजसर्षप । राई. सरसों ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मुष्टिप्रमाणबदर–न० सेब ।
मुस्त, मुस्तक –न० मुस्था । नागरमोथा ।
मुस्ताद–पु० शूकर । सुअर ।
मुस्ताभ–न० नागरमुस्था । नागरमोथा ।
मूत्र–न० उपस्थनिर्गतजल । पेशाब ।
मूत्रल–न० त्रपुष (त्रि) मूत्रवर्द्धक (स्त्री) (ला) कर्कटी । भखड़ा. पेशाब बढ़ाने वाली दवाई. खीरा. ककड़ी ।
मूत्राघात–पु० मूत्रकृच्छ्ररोग । पेशाब बन्द की बीमारी ।
मूर्च्छा–स्त्री० सम्मोह । बेहोशी ।
मूर्च्छापह, मूर्च्छापिपासापह –न० जल । पानी ।
मूर्द्धपर्णि, मूर्द्धकर्प्परी –स्त्री० आतपत्र । छाता ।
मूर्द्धज–पु० केश । बाल ।
मूर्द्धन्–न० शिर. मस्तक । सर. माथा ।
मूर्वा–स्त्री० सुरा । सुरहरी ।
मूलक–न० कन्दविशेष । मूली ।
मूलकपत्र–न० मूली के पत्ते ।
मूलकपोतिका–स्त्री० लघुमूली । छोटी मूली ।
मूला–स्त्री० शतावरीलता । शतावरि ।
मूलिन्–पु० वृक्ष (न) मूलक (स्त्री) ज्येष्ठी । पेड़. मूली. छिपकली ।
मूष(षिक)–पु० मूषिक (स्त्री) (का) । मूसा चूही ।
मूषा(षी)–स्त्री० तैजसवर्तिनी. स्त्री मूषिक. गवाक्ष । कुठाली. चूही. झरोखा
मूषीक–पु० स्त्री इन्दुरु चूहा ।
मृक्षण–न० नवनीत । नेनू ।
मृग–पु० पशुमात्र. हस्तिविशेष. मृगनाभि. कुरङ्ग । हैवान. खास हाथी. कस्तूरी. हरिण ।
मृगधूर्त(क)–पु० शृगाल । गीदड़. सियार
मृगनाभि(जा)–पु०स्त्री०मृगमद । कस्तूरी
मृगपालिका–स्त्री० कस्तूरी मृग ।
मृगमद–पु० मृगनाभि । कस्तूरी ।
मृगा–स्त्री० इन्द्रवारुणी । इन्दोरणि ।
मृगाक्षी–स्त्री० इन्द्रवारुणी । इन्दोरणि
मृगाङ्क–पु० चन्द्र. कर्पूर. वायु । चांद. काफूर. हवा ।
मृगाद–पु० व्याघ्र । चीता ।
मृगादिनी–स्त्री० वृहदैन्द्री । बड़ी इन्दोरनि ।
मृगान्तक–पु० चित्रव्याघ्र । चीता बाघ ।
मृगारि–पु० सिंह. व्याघ्र. कुक्कुर. रक्तशिग्रु । शेर. बाघ. कुत्ता. लालसुहांजने का पेड़ ।
मृगी–स्त्री० हरिणी. अपस्माररोग । हरनी सिरगी ।
मृणाल–न० पु० पद्मनाल (न) वीरणमूल । कमल की नाल. खस ।
मृणारभमूल–न० भिसिण्ड । भसेड़ ।
मृणालिन्–पु० कमल (स्त्री)(ली) पद्मिनी
मृत्स्ना–स्त्री० सौराष्ट्रीमृत्तिका । सोरठी मांटी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मृत्तालका–स्त्री० सौराष्ट्रीमृत्तिका सोरठी माटी ।

मृत्तिका–स्त्री० मृदा । मट्टी ।

मृदिनी–स्त्री० सौराष्ट्रीमृत्तिका । सोरठी माटी ।

मृदुच्छद–पु० ककुन्दर (स्त्री) (दा) क्षुद्रखर्जूर । कुकरौंधा. खज्जी ।

मृदुपुष्पा–स्त्री० शिरीषवृक्ष । सिरसा का पेड़ ।

मृदुरेचिनी–स्त्री० मार्कण्डिका । भूइखेखसा ।

मृदुल–न० जल (त्रि) कोमल । पानी मुलायम ।

मृदुला–स्त्री० पिण्डखर्जूरिका । सुलेमानी पिण्डखजूर ।

मृद्र–पु० मत्स्यविशेष । खास मच्छली ।

मृद्वी(का)–स्त्री० कोमलाङ्गी. द्राक्षा । नाजनीन. मुनक्का ।

मृष्ट–न० मिरच (त्रि) शोधित । स्याह मिरच. मांजा हुआ ।

मृष्टि–स्त्री० विदारीकन्द । गेण्डि ।

मेक–पु० अज. स्तम्भ । बकरा. खम्भ ।

मेखला–स्त्री० पृश्निपर्णी । पिठवन ।

मेघकफ–पु० करका । ओला ।

मेघज–त्रि० मेघभववस्तु. बृहन्मुक्ता । बादल से पैदा हुआ बड़ा मोती ।

मेघनाद–पु० पलाशवृक्ष. तण्डुलीय. शाक (स्त्री)(दी) मयूर (न) मेघशब्द । ढांख. चवराई. मोर. बादल की गरज।

मेघपुष्प–न० जल. पिण्डाभ्र. नदीजल । पानी. ओला. दरिया का पानी ।

मेघयोनि–पु० धूम । धुंआं ।

मेघरवा–स्त्री०पु० मयूर । मोर ।

मेघवह्नि–पु० वज्राग्नि । अर्क ।

मेघागम–पु० वर्षाकाल । बरसात ।

मेचक–न० अन्धकार. नीलाञ्जन (पु) धूम. शोभाञ्जन । अन्धेरा. स्याह सुरमा. धुंआं. सोहांजना का पेड़ ।

मेढ(ढ्र)–पु० शिश्न. मेष. मेघ । केर. लिंग. मैढ़ा. बादल ।

मेढ्पुच्छ–पु० दुम्बामेष । दुम्बामेढ़ा ।

मेदा–स्त्री० मेदा औषधविशेष ।

मेदिनी–स्त्री० काश्मरी । खम्भारि. ज़मीन ।

मेदोगला–स्त्री० लज्जालूमेद. अलंबुषा ।

मेदौष्ठरोग–पु० मेदासंवन्धी ओष्ठरोग ।

मेथि–स्त्री० मेथिका बनमेथिका । मेथी. बनमेथी ।

मेथिका–स्त्री० " " । " " ।

मेधाविन्–पु० शुकपक्षी. मदिरा । शुकपक्षी. तोता. शराब ।

मेध्य–पु० खदिर. यव. छाग (त्रि) पवित्र (स्त्री) (ध्या) केतकी. वचा. रोचना. शमी । खैरा. जैं. बकरा. पाक. केवड़ा. बच. गोलोचन. छीकुरि ।

मेरुक–पु० यक्षधूप । राल ।

मेरुदण्ड–न० पृष्ठमध्यस्थितास्थि । कंगरोड़ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मेषा–स्त्री० मसी. महानीली. हट्ट । स्याही. नील. दुकान ।

मेष–पु० पशुविशेष (स्त्री) (षी) स्त्रीमेष । मेढा. मेढी ।

मेषवल्ली–स्त्री० मेषशृङ्गी । मेढाशिङ्गी ।

मेषलोचन–पु० चक्रमर्द । चकवड़ का पौधा ।

मेषशृङ्गी–स्त्री० मेषवल्ली । मेढासिंही ।

मेषिका–स्त्री० मेषी । मेढी ।

मेह–पु० प्रमेहरोग. मेष. मूत्र । जरियान की बीमारी. मेढा. मूत ।

मेहन–न० शिश्न. मूत्र. मूत्रोत्सर्ग (पु) मुष्कवृक्ष (स्त्री) (ना) लिङ्ग । मूत. पेशाब-निकलना. नाम एक दरखत का औरत ।

मैरेय–पु० मद्यविशेष । शराब ।

मैलन्द–पु० भ्रमर । भौंरा ।

मोक्ष–पु० मुक्ति. पाटलिवृक्ष. मोचन. मृत्यु । नजात. एक खास दरखत पलाश के सदृश होता है. छुड़ाना. मौत ।

मोक्षक–पु० मोक्षवृक्ष. काष्ठपाटला । मोक्ष का पेड़. कठपाडरि ।

मोघ–न० पुष्पविशेष । खास फूल ।

मोघा–स्त्री० पाटला । पाण्डरि ।

मोच–न० कदलीफल (पु) शोभाञ्जनवृक्ष । केले का फल. सहाञ्जने का पेड़ ।

मोचक–पु० मोक्ष. कदली, शिग्रु. विरागी नजात. केला. सुहांजने का पेड़. वैरागी. नजातदिहन्दा ।

मोचनिर्यास } पु० मोचरस । सिमवल
मोचरस } का गोंद ।

मोचा–स्त्री० शाल्मलीवृक्ष. कदली । सेमरा. केला ।

मोचाट–पु० कृष्णजीर. चन्दन । स्याहजीरा. सन्दल ।

मोचस्राव–पु० मोचरस । सिम्बल का गोंद ।

मोठा–स्त्री० नागदमनी । नागफनी का पौधा ।

मोदक–पु० न० खाद्यविशेष. लड्डुक । लड्डुआ ।

मोदन–न० शिवथक । मोम ।

मोदिनी–स्त्री० अजमोदा. मल्लिका. यूथिका. कस्तूरी. मदिरा । अजवाइन. मालती. जूही. कस्तूरी. शराब ।

मोमाचिका–स्त्री० मत्स्यविशेष । मछली ।

मोरट–न० विकृतदुग्धभवजल । बैठे हुये दूध का पानी ।

मोरटा–स्त्री० मूर्वालता । मुरहरी ।

मोहिनी–स्त्री० वटपत्री ।

मौकुलि–पु० काक । कौआ ।

मौक्तिक–न० मुक्ता । मोती ।

मौद्गलि–पु० काक । कौआ ।

मौलि–पु० चूड़ा. किरीट. मस्तक (पु) अशोकवृक्ष (स्त्री) (ली) भूमि । चोटी. ताज. माथा. अशोक का पेड़. जमीन ।

म्लेच्छ–न० हिङ्गुल । ईंगुरूधातु ।

म्लेच्छकन्द–पु० लशुन. पलाण्ड । लहसन. प्याज ।

म्लेच्छमुख–न० ताम्रधातु । तांबा ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

य

य–पु० वायु यव । हवा. जौं ।

यकृत्–न० दक्षिणकुक्षौमांसखण्ड. तद्दुष्टक रोगविशेष । कलेजा. कलेजे की बीमारी ।

यक्षकर्द्दम–पु० कर्पूरागुरुकस्तूरीकक्कोलसमूहमिश्रितसमभाग । काफूर केशर कस्तूरी कंकोल वगैरह से मिला हुआ बटना ।

यक्षधूप–पु० धूप. सर्जरस । राल ।

यक्षामलक–न० पिण्डखर्जूरी । पिण्डखजूर

यक्ष्मघ्नी–स्त्री० द्राक्षा । किसमिस् ।

यक्ष्मन्–पु० राजयक्ष्मा रोग । राजरोग. क्षई की बीमारी ।

यज्ञपशु–पु० घोटक.छाग । घोड़ा.बकरा ।

यज्ञवृक्ष–पु० कण्टकारी । कटाई ।

यज्ञभूषण–पु० कुश । कुशा घास ।

यज्ञाङ्ग–पु० उदुम्बर. खदिरवृक्ष. ब्राह्मणयष्टिका(स्त्री)(ङ्गा) सोमवल्ली । गूलर. खैर का पेड़. भारंगी. बभनेठी. सोमबेल यज्ञिक–पु० पलाशवृक्ष । पलाश का दरखत ।

यज्ञिय–पु० उदुम्बरवृक्ष. खदिरवृक्ष । गुलर का पेड़. खैर का पेड़ ।

यत्तूर–न० बकम् । तूणि ।

यन्त्र–न० शल्याहरणार्थम् । शल्य निकालने (कांटा वा तीर) का यंत्र ।

यमवाहन–पु० महिष । भैंसा ।

यमानी–स्त्री० यमानिका । अजवाइन ।

यव(क)–पु० स्वनामख्यातशूकधान्य. इन्द्रयव । जौ. इन्द्रजौ ।

यवक्षार–पु० यवक्षार । जवाखार ।

यवक्षोद–पु० यवचूर्ण । जौ का आटा

यवज–पु० यवक्षार । जवाखार ।

यवजारोटिका–स्त्री० यवरोटिका । यव की रोटी ।

यवन–पु० अश्व. गोधूम । घोड़ा. गेहूं ।

यवनदेशज–पु० सिलारस । लोहबान ।

यवनेष्टा–स्त्री० लसुन । प्याज. लहसुन ।

यवसक्तव–पु० यवसक्तू । यव के सत्तू ।

यवशा–स्त्री० यवानिका । अजवाइनि ।

यवशाक–न० वास्तूक । बथुई ।

यवस–न० तृण । घास ।

यवसुरा–स्त्री० यवोत्पन्नमद । जौं की शराब ।

यवागू–स्त्री० षड्गुणजलपक्वघनद्रव्यविशेष । कढ़ी ।

यवाग्रज–पु० यवक्षार । जवाखार ।

यवानिका
यवानी } स्त्री० यमानी । अजवाइनि ।

यवास–पु० यासक । जवासा ।

यशोद–पु० पारद । पारा ।

यष्टी–स्त्री० ज्येष्ठीमधु । जेठीमधु ।

यष्टीपुष्प–पु० पुत्रजीववृक्ष । पितौंजिआ

यष्टीमधु–पु०न० मिष्टरसयुक्तमूलविशेष । मुलहटी. मुरेठी ।

यागेष्ट–न० शीशक । शीसा ।

याज–पु० अन्न । उबाले हुये चावल ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

याज्ञिक–पु० रक्तखदिर । लाल खैर ।

यातुघ्न–पु० गुग्गुलु । गूगल ।

यामिनी–स्त्री० रात्रि. हरिद्रा । शब. हल्दी ।

यामुन–न० अंजन । सुरमा ।

याम्य–पु० चन्दनवृक्ष । सन्दल का पेड़ ।

याव–पु० अलक्त (त्रि) यवसम्बन्धी । लाख. जौका ।

यावक–पु० कुल्माष. तुलसी. शालीधान्य. आलक्तक । कुलथ.तुलसी. धोना. लाख ।

यावनाल–पु० धान्यविशेष । जुवार. जोढ़री ।

यावनीशाक–न० यमानीशाक । अजवाइनि का साग ।

यावशूक–पु० यवक्षार । जवाखार ।

यास–यसक । जवासा ।

युक्तरसा–स्त्री० रास्नाभेद । रायस नाई ।

युगपत्र(क) पु० कोविदारवृक्ष (स्त्री) (त्रिका) शमीवृक्ष. कचनार का पेड़. छीकुरि का पेड़ ।

यूक–पु० मत्कुण. केशकीट. (स्त्री) (का) खटमल. जूं ।

यूथिका, यूथी } स्त्री० पुष्पवृक्षविशेष । चम्बेली. जूही ।

यूपद्रु(म)–पु०खदिरवृक्ष । खैरे का पेड़ ।

यूही–स्त्री० यूथिका । जूही फूलोंका पेड़

योगन–न० अगरु. कृष्णागरु । अगर. कालाअगर ।

योग्य–न० ऋद्धि नामौषध ।

योजनगन्धा (न्धिका)–स्त्री० मृगमद । कस्तूरी ।

योजनवल्ली–स्त्री० मञ्जिष्ठ । मजीठ ।

योनल–पु० शस्यविशेष । यवनाल ।

योनि–पु० स्त्री० जल. भग । पानी.कुस ।

योषित्–स्त्री० हरिद्रा । हलदी ।

यौवनलक्षण–न० स्तन । पिस्तान ।

(र)

रक्त–न० कुङ्कुम. ताम्र. प्राचीनामलक. पद्मक. सिन्दूर. शरीरस्य सप्तधात्वन्तर्गत धातुविशेष. (पु) लोहितवर्ण. (त्रि) आसक्त. लोहितवर्णयुक्त. (स्त्री) गुञ्जा. लाक्षा. मञ्जिष्ठा । केसर. तामा. पुराना आमला. सेंदुर. खून. पद्मक. सुरख रङ्ग.आशिक. सुरख़. रत्ती. लाख. मजीठ ।

रक्तकन्द(ल)–पु० राजपलाण्डु । पियाज़

रक्तचन्दन–न० लालचन्दन । सुर्खचन्दन. राक्ताचन्दन ।

रक्तझिण्टी–स्त्री० कुरवक. । सुर्ख कटसरैआ ।

रक्ततिल–पु० सुरखतिल । कठतिल ।

रक्तधातु–न० गैरिक । गेरू ।

रक्तप–पु० राक्षस (स्त्री) (पा) जलौका । दुष्ट. जोंक ।

रक्तपक्षती–स्त्री० रोहित त्स्य । रोहूमच्छली ।

रक्तपाकी–स्त्री० बृहती । बैंगनकापौधा

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

रक्तपात–पु० शोणितपतन. (स्त्री) (ता) जलौका । खून गिरना. जोंक ।

रक्तपादी–स्त्री० लज्जालू । लाजवन्ती बेल

रक्तपायिनी–स्त्री० जलौका । जोंक ।

रक्तपिण्ड–न० जवापुष्प । जवाफूल ।

रक्तपित–पु० हरिलपक्षी ।

रक्तपुनर्नवा–स्त्री० लालगदा पुरैना ।

रक्तमत्स्य–पु०मत्स्यविशेष । तपश्यामछली ।

रक्तपुष्प–पु० पलाश. रक्तार्कवृक्ष. (स्त्री) (ष्पा) रक्तपुनर्नवा. सिन्दुरिआ. शाल्मलीवृक्ष. रक्तकरवीर । ढीडलु. लालमदार. लाल गदापुरैना. सदासोहागिल. सिम्बल का गोंद. लाल कनयर ।

रक्तफल–पु० वट. (स्त्री) (ला) स्वर्णवल्ली. कुन्दुरु । बरगद. सुर्णबेलि. कुंदुरु सुगन्धद्रव्य ।

रक्तमारिष } पु०रक्तामारस । लाल मरसा

रक्तमार्ष } पु०

रक्तमुख–पु० रोहितमत्स्य । रोहूमच्छली

रक्तयष्टिका–स्त्री० मञ्जिष्ठ । मंजीठ ।

रक्तरेणु–पु० सिन्दूर. पलाशकलिका. पुन्नाग । सिन्धूर. पलाश का गुंचह. लौंग ।

रक्तवर्द्धना–स्त्री० कपोत । कबूतर ।

रक्तवात–पु० रोगविशेष ।

रक्तवाप्यक–पु० रक्तमरूसा । लोहित नवड़ा ।

रक्तबीज–पु० दाडिम (स्त्री) (जा) सेन्दुरिआ । अनार. सदासोहागिल ।

रक्तशालि–पु० रक्तवर्ण धान्यविशेष । दाउदखानी धान ।

रक्तशिग्रु–पु० रक्तशोभाञ्जनवृक्ष । सुरख सुहांजना ।

रक्तसञ्ज्ञ–न० कुङ्कुम । केसर ।

रक्तसन्दशिका–स्त्री० जलौका । जोंक ।

रक्तसन्धक–न० कल्हार । कमलविशेष ।

रक्तसार–पु० खदिर । खैर का पेड़ (न) रक्तचन्दन. बकम् । लाल चन्दन । वकम ।

रक्ता–स्त्री० गुञ्जाद्वयम् । लाल और सुपेद घुंघुची ।

रक्ताक्ष–पु० महिष. पारावत. चकोरपक्षी कोकिल. सारसपक्षी । भैंस. कबूतर चकोर. कोइल. सारस. (स्त्री) (क्षी) रोहितमत्स्य. रोहूमच्छली ।

रक्ताकङ्गु–स्त्री० रक्तफलिनी । सुरख कांगुनि ।

रक्ताक्त–न० रक्तचन्दन । सुरखसन्दल ।

रक्ताङ्ग–न० विद्रुम. कुङ्कुम. रक्तचन्दन (पु) कम्पिल्ल. प्रबल. मत्कुण. (स्त्री) (ङ्गी) मञ्जिष्ठ । मूंगा. केसरि. सुरखसंदल. कबीला. पत्ता. खटमल. मंजीठ ।

रक्ताप्रियङ्गु–स्त्री० रक्तकङ्गु । सुरख कांगुनी ।

रक्तार्क–पु० रक्तमदार । लाल आक का पेड़ ।

रक्तालु(क)–पु० रक्तारु । रतालू. सकरकन्द ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

रक्तिका–स्त्री० गुञ्जा. राजिका. रक्तिका परिमाण । रत्ती. राई. रत्तीभर तोल
रक्तोत्पल–न० रक्तपद्म (पु) शाल्मली-वृक्ष । सुरखकमल. सिम्बल का दरखत
रक्तोदर–पु० रक्ताक्षीमत्स्यविशेष । रोहूमच्छली ।
रक्तोपल–न० गैरिक । गेरू मट्टी ।
रक्तौष्ठरोग–रक्तविकार से ओष्ठरोग ।
रक्षणारक–पु० मूत्रकृच्छ्ररोग । पेशाव बन्द की बीमारी ।
रक्षणि(णी)–स्त्री० त्रायमाणलता । लाजवन्ती ।
रक्षा–स्त्री० जतु. परित्राण. भस्म । लाख. हिफाजत. छाई. राख ।
रक्षोघ्न–न० काञ्जिक. हिङ्गु (पु) श्वेतसर्षप । कांजी. हींग सुपेद सरसों ।
रङ्ग–न० धातुविशेष. त्रपु (पु) टङ्कण । राङ्गा. रंग. सोहागा ।
रङ्गद–पु० टङ्कण (स्त्री) (दा) स्फटिका-धातु । सोहागा. फिटकरी ।
रङ्गपत्री–स्त्री० नीलवृक्ष । नील का पौधा ।
रङ्गसदृश–न० पशद । जस्ता ।
रङ्गारि–पु० करवीरपुष्प । कनयर के फूल
रच्छ–पु० गन्धपटेर ।
रज(स्)–न० स्त्री० कुङ्कुम (पु) पराग रेणु । केसरि फूल की तिरी. धूल ।
रजत–न० रौप्य हस्तिदन्त. धवल. शोणित. स्वर्ण । चांदी. हाथी दान्त. सुपेद खून. सोना ।
रजन–न० रञ्जन. (स्त्री) (नी) रात्री. हरिद्रा जतुका । रंगना. शब. हल्दी. लाख. नील का पौधा ।
रजस्वल–पु० महिष. (स्त्री) (ला) रजोयुक्ता । भैंसा. हैयजवाली औरत ।
रञ्जक–न० हिङ्गूल (पु) कम्पिल्लक । ईंगुरू कबीला ।
रञ्जन–न० रक्तचन्दन. बकम्. सन्तुष्टकरण मुञ्जतृण (स्त्री)(नी) शुण्डा. रोचनिका. नीली. मञ्जिष्ठा. हरिद्रा. पर्पटी. । सुरखसन्दल. बकम. खुशकरना. मूंजघास नील. मजीठ. हल्दी. पद्मवती खुशबूदार चीज है ।
रण्ड–त्रि० उपस्थ । लिङ्ग ।
रण्डक–पु० अफलवृक्ष । बेफल का दरखत
रत–न० मैथुन. गुह्य (त्रि) आसक्त । सोहबत. गुदा. आशक ।
रतकील–पु० कुक्कुर । कुत्ता ।
रतनिधि–पु० खञ्जनपक्षी । ममोलाचिड़िया ।
रतव्रण, रतान्दुक –पु० कुक्कुर । कुत्ता ।
रतान्ध्री–स्त्री० कुज्झटिका । कुहासा ।
रतिकुहर–न० योनि । कुस ।
रतोद्वह–पु० कोकिल । कोइल ।
रत्ति(का)–स्त्री० परिमाणविशेष । आठ जौ भर तोल ।
रत्न–न० अश्मजाति. मुक्तादिश्रेष्ठवस्तु

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

जवाहर मोती वगैरह ।

रत्नराज–न० माणिक्य. रत्नश्रेष्ठ । मानक हीरा ।

रथ–पु० देह.चरण. पाद. वेतसवृक्ष. युद्धयानविशेष । जिस्म, पांव' बेत का दरखत. जंग की सवारी ।

रथसीत–पु० वेतसवृक्ष । बेत का पेड़ ।

रथाभ्र–पु० वेतसवृक्ष । बेत का दरखत

रद(ना)–पु० दन्त. विलेखन । दान्त चीरना ।

रद(न)च्छद–पु० ओष्ठ । ओठ ।

रन्ध्र–न० दोष. छिद्र. कुक्षि । ऐब. सुराख. कोख ।

रम(क)–पु० कान्त. रक्तअशोकवृक्ष. मैथुन । खाबिन्द. जिमाऽ. शौहर ।

रमठ–पु० हिङ्गू । हींग ।

रमण–न० पटोलमूल. जघन. जृम्भण. क्रीडन (पु) पति. भर्ता. गर्द्दभ. वृषण. परवर की जड़. जाघ. जिह्माव. खेल. खाविंद. शहवत. गधा. बयजा ।

रमाप्रिय–पु० कमल ।

रम्य–न० पटोलमूल. (पु) चम्पकपुष्प. बकवृक्ष. (स्त्री) (म्या) रात्रि । पलवल की जड़. चम्पे का फूल. रात्रि. बकपेड़. वकायन का पेड़ ।

रराटी–स्त्री० ललाट । माथा ।

रल्लक–पु० कम्बल. पद्म. मृगविशेष । भूरा. पलक. खासहरणी ।

रवथ–पु० कोकिल । कोइल ।

रवि–पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताव. आकका पेड़ ।

रविप्रिय–न० ताम्र । तांबा ।

रविप्रीता–स्त्री० द्वितीयहुरहुर । सूर्य्यमुखी ।

रविरत्नक–न० माणिक्य । मानक ।

रविलोह–न० ताम्र । तांबा ।

रसना–स्त्री० जिह्वा । जीभ ।

रश्मि–पु० किरण. पक्ष्म । शुआ. पलक ।

रस–न० जल. (पु) रसनाग्राह्यगुण षड्विध.यथाः–मधु १ अम्ल २ लवण ३ कटु ४ तिक्त ५ कषाय ६ विष. वीर्य्य. गुण. गन्धरस. जल. पारद. सुवर्ण. शुक्रधातु । पानी. जायकह. मीठा. तुरस. सलोना. कड़वा. तीखा. कसैला. जहर. मनी. पारा. सोना. ।

रसक–न० खर्परधातु । खपरिया ।

रसकर्पूर–न० कर्पूर रस. पारद । रसकाफूर. पारा ।

रसगर्भ–न० रसाञ्जन । रसवत ।

रसघ्न–न० टङ्कण । सोहागा ।

रसज–न० रक्त. (पु) गुड़. मद्य । खून. गुड़. शराब ।

रसज्ञा–स्त्री० जिह्वा । जीभ ।

रसधातु–पु० पारद । पारा ।

रसना–स्त्री० रास्ना. जिह्वा । रहसनि. जीभ ।

रसनालिह–पु० कुक्कुर । कुत्ता ।

रसनेन्द्रिय–न० जिह्वा । जीभ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

रसराज } –पु० पारद । पारा ।
रसलेह }

रसशोधन–न० टङ्कण । सोहागा ।

रसा–स्त्री० पृथिवी. रसना. शल्लकी. कङ्गु. द्राक्षा. काकोली. पाढ़ा । ज़मीन. ज़बान. रहसनि. कंगनी. दाख. काकोलीबूटी . पाढ़ा ।

रसाञ्जन–न० रसवत । रसौत ।

रसाम्ल–न० चूक । चूका ।

रसायन–न० कटि. मेखला. तक्र. विष. जराव्याधिनाशौषध. विडङ्ग नामौषध । (स्त्री) (नी) मञ्जिष्ठा. गुडूची । कमर. तगाड़ी. छाछ. ज़हर. बुढ़ापा-दूर करने की दवाई. वायविडंग मजीठ. गिलोय ।

रसायनतन्त्र–न० रसानां रसरक्तादीनामयनमाप्यायनं रसायनं तदर्थं तन्त्रं रसायनतन्त्रं । अथवा रसानां रसवीर्यविपाकादीनां आयुःप्रभृतिकारणानामयनं विशिष्टलाभोपायो रसायनं तदर्थं तन्त्रं रसायनतन्त्रं ।

रसायनफला–स्त्री० हरीतकी । हरीड़ ।

रसाल–पु० इक्षु. आम्र. पनस. गोधूम (न) सिल्हक (स्त्री) (ला) रसना. दूर्वा. द्राक्षा. मूरनी । ऊख. आम. कटहर. गेंहू. एकखुशबूदारचीज. जबान. दूब. दाख. किसमिस. मूरनि ।

रसास्वादिन्–पु० भ्रमर । भौंरा ।

रसिक–पु० सारसपक्षी. तुरङ्ग. हस्ती. (स्त्री) (का) जिह्वा. इक्षुरस । सारस. घोड़ा. हाथी. ज़बान. ऊख का रस ।

रसेन्द्र–पु० पारद । पारा ।

रसोत्तम–पु० मुद्ग । मूंग ।

रसोन } –पु० लशुन । लहसन ।
रसोनक }

रहस–न० निर्जन. तत्व. रति. गुह्य । तनहाई. सोहबत. गुदा ।

रहस्या–स्त्री० लताविशेष । खाशबेल ।

राका–स्त्री० कच्छूरोग. नूतनऋतुमती स्त्री । एक बीमारी. नईहैज़ वाली स्त्री

राक्षा–स्त्री० लाक्षा । लाख ।

रागाढ्या–स्त्री० मञ्जिष्ठालता । मञ्जीठ ।

राजकसेरुक–न० कसेरुक । कस्यार ।

राजकोषातकी–स्त्री० हस्तिपर्णिका । घिया तोरई ।

राजजम्बू–स्त्री० पिण्डखर्जूरिका. फलेन्द्राजम्बू. पिण्डखजूर. फरेंदजामुन का पेड़ ।

राजताल–पु० गुवाकवृक्ष । सुपारी का पेड़

राजदन्त–पु० उपरिश्रेणीस्यमध्यवर्तीदन्तद्वय । सूएदान्त ।

राजनील–न० रत्नविशेष. मरकतमणि. । नीलमरत्न. पन्नारत्न ।

राजन्य–पु० अग्नि(स्त्री)(न्या) क्षीरिकावृक्ष । आग. खिरनी का पेड़ ।

राजपुत्रक–पु०राजाम्र(स्त्री)(का) जाती । कलमीआम. चम्बेली ।

राजपुत्री–स्त्री० मालती. कटुतुम्बी.

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

रेणुका। मालती. करुई तोंबी. रेणुका यह मरिच के सदृश होती है।

राजवल्लभ–पु० राजादनी. राजाम्र. राजबदर। खिरनी. राजआम. प्योंदीबेर।

राजभद्रक–पु० कुष्ठ. निम्ब. पारि–द्रकवृक्ष। कूट्ठ. नीम का पेड़. खासदरखत।

राजबला–स्त्री० गन्धप्रसारणी। गन्धपसारनि।

राजवृक्ष–पु० आरग्वधवृक्ष। अमिलतास का पेड़।

राजमाष–पु० लोबिआ।

राजरीति–न० कांची पीतल।

राजशिम्बी–स्त्री० भेंटवास। भंटवास।

राजश्टङ्ग–पु० मद्गुरमत्स्य। मागुरमछली

राजसर्षप–पु० सर्षपविशेष। राई सरसों।

राजस्कन्ध–पु० घोटक। घोड़ा

राजहंस–पु० रक्तवर्णचञ्चुचरणविशिष्टहंस. कदम्ब. कलहंस।

राजादन–न० क्षीरिका. प्रियाल. किंशुक (स्त्री) (नी) पिण्डखर्जूरिका। खिरनी. चिरौंजी. टेशू का पेड़. पिण्डखजूर।

राजाम्र–पु० राजआम। कलमी आम।

राजार्ह–न० अगरुचन्दन (त्रि) राजयोग्य (स्त्री)(र्हा) जम्बू। अगरसन्दल. पादशाह के लायक. जामुन का पेड़।

राजाहि–पु० द्विमुखसर्प। दुमुखा सांप।

राजावर्त–न० रेवटी। रावटी।

राजिका–स्त्री० राजसर्षप. कृष्णसर्षप। राई. सरसों।

राजिमत्फला–स्त्री० राजकोषातकी। घिया तोरई।

राजिल–पु० जलव्याल। जलसाप।

राजी–स्त्री० राजिका। राई।

राजीफल–पु० पटोलवल्ली। परवर।

राजीव–न० पद्म.(पु०) शृङ्गमृग. बृहन्मीनविशेष. हस्ती. सारसपक्षी। कमल. सींगवाले हरिण. बड़ी मच्छली. खाश किसम की हाथी. सारस चिड़िया।

राजेय–पु० पटोलवल्ली। परवर।

राज्ञी–स्त्री० राजपत्नी. कांस्य. नीली। रानी. कांसा. नील।

राज्यक्ता–स्त्री० दधिलवणमिश्रितसूक्ष्मालाबुखण्डादि। राइता।

राटि–स्त्री० युद्ध. (पु०) शरारिपक्षी। जंग. शरालपंखी।

रात्रि(त्री)–स्त्री० हरिद्रा. निशा। हल्दी. शब।

रात्रिमणि–पु० निशाकर। चांद।

रात्रिहास–पु० श्वेतोत्पल। सुफैदकमल. काकाबेल।

राम–न० वास्तूकशाक. कुष्ठ. तमालपत्र. (स्त्री) (रामा) उत्कृष्टास्त्री. हिङ्गू. हिङ्गुल. श्वेतकण्टकारी. गोरोचना। वथुई का साग. कुट्ठ दवाई. तमाल का पत्ता. दिल के खुश करने वाली औरत. हींग. ईंगुर. सुपेद कण्टियारी बूटी. गोरोचन. गेरू।

रामठ–पु० हिङ्गु (स्त्री) (ठी) नाड़ी।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

हींग. रग ।

रामण—पु० गिरिनिम्ब. तिन्दुकवृक्ष । पहाड़ी नीम. तेंदू का पेड़ ।

रामदूतिका—स्त्री. नागपुष्पी । नागकेशर

रामदूती—स्त्री० तुलसीविशेष । रामातुलसी ।

रामशर—पु० शरवृक्षविशेष । रमशर का पेड़ ।

रामसेनक—पु० किरात । चिरायता ।

रायण—न० पीड़ा. रोग । दर्द. बीमारी ।

राल—पु० धूप । राल ।

रालतैल—न० राल का तेल ।

राश—त्रि० विलेशयपशुनाम ।

राष्ट्रिका—स्त्री० बरहण्टा । बड़ीभटकटैया

रासभ—पु० गर्द्दभ । गधा ।

रास्ना—स्त्री० स्वनामख्यात लताविशेष । रासनबेल ।

राहुरत्न—न० रत्नविशेष । गोमेदरत्न ।

राहुस्पृष्ट, राहूच्छिष्ट } पु० लशुन । लहसुन ।

रिरी—स्त्री० पित्तल । पीतल ।

रिश्य(ष्य) पु० मृग. हरिण । हन्ना ।

रीढक—पु० पृष्ठवंश । पीठ की हड्डी. कंगरीड़ ।

रीति—स्त्री० पित्तल. स्यन्द. लोहकिट्ट । पीतल. चूना. लोह की कीट ।

रीतिहेतु—पु० पशद । जस्ता ।

रुक्म—न० काञ्चन. धूस्तर. लोह. नागकेशर । सोना. धत्तूरह. लोहा. नागकेशर ।

रु(रू)क्ष—त्रि० निस्नेह । रूषा. रूखा ।

रुचक—न० स्वर्जिकाक्षार. सौवर्चल. रोचना. लवण. (पु) बीजपूर. दन्त. कपोत । राल. सज्जी. सोहागा. कालानिमक. निमक. बिजौरा निम्बू. दान्त. कबूतर ।

रुचि—स्त्री० गोरोचना । गोलोचन ।

रुचिर—न० मूलक. लवङ्ग. कुंकुम (स्त्री) (रा) गोरोचना । मूली. लौंग. केशरि. गोलोचन ।

रुच्य—न० सौवर्च्चल (पु०) शालीधान्य । कालानिमक. शालीधान ।

रुज्—स्त्री० व्याधि. पीड़ा. रोग. (स्त्री) (जा) भङ्ग. मेषी । बीमारी. दर्द. भांग. मेंढ़ी ।

रुद्रजटा—स्त्री० लताविशेष । शंकरजटा बेल ।

रुद्रप्रिया—स्त्री० हरीतकी । हरीड़ ।

रुद्राक्ष—पु० स्वनामख्यातवृक्षविशेष । रुद्राक्ष ।

रुधिर—न० शरीरस्थ रसभवधातु । खून ।

रुरु—पु० मृगविशेष । कस्तुरिआ हरिण ।

रुवथु—पु० शब्द. कुक्कुट । आवाज. मुर्ग ।

रुवु(वू)क—पु० एरण्डवृक्ष । एरण्ड का पेड़ ।

रुमेटि—स्त्री० धूम । धुआं ।

रूप्य—न० रौप्य । चांदी ।

रेक—पु० विरेचन. भेक । जुलाब. मेंढक ।

रेकनस्—न० काञ्चन । सोना ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

रेचक—न० कङ्कुष्टमृत्तिका (पु) यवक्षार. जयपालवृक्ष । कंकरवालीमट्टी. जवाखार. जयपाल का दरखत ।

रेचन—न० मलभेदन(स्त्री)(ना)काम्पिल्ल-(स्त्री)(नी) वटपत्री. श्वेतात्रिवृता । मुसहिल. सुपेद निशोथ ।

रेणु—पु० स्त्री० धूलि (पु) पर्प्पट. रेणुका. पांशु । धूड. पित्तपापड़ा. खुशबूई ।

रेणुका—स्त्री० मरिचाकृति सुगन्धिद्रव्यविशेष ।

रेतजा—स्त्री० बालू ।

रेतना } न० शुक्र. पारद । पारा. मनी ।
रेतस }

रेत्य—न० पित्तल । पीतल ।

रेप—न० शुक्र । मनी ।

रेवट—पु० शूकर. विष. वैद्य. (न) दक्षिणावर्तशङ्ख । सुअर. ज़हर का तबीब. दहिनावर्त्ती शंख ।

रेवतस—पु० जम्बीर । जम्भीरी निम्बू ।

रेवा—स्त्री० नर्मदानदी. रति. नीलीवृक्ष । नील का पौधा ।

रै—पु० धन. स्वर्ण । दौलत. सोना ।

रोज—पु० ऋष्यमत्स्यविशेष ।

रोग—पु० कुष्ठौषधि. देहभङ्गकारक । कुट्ठ. बीमारी ।

रोगाह्वय—पु० कुष्ठौषधि । कुट्ठ. कूट ।

रोगिनी—स्त्री० यासक । जवासा ।

रोग्य—त्रि० अपथ्य । बीमार करने वाली चीज़ ।

रोचक—पु० क्षुधा । भूख ।

रोचन—पु० कम्पिल्ल. कूटशाल्मली । कबीला. कूटशिमरा का पेड़ ।

रोचनक—पु० जम्बीर । निम्बू ।

रोचनफल—पु० बीजपूरक. दाड़िम । बिजौरा निम्बू. अनार ।

रोचना—स्त्री० रक्तकम्बल. हरिद्रा. गोरोचना. । सुरख कम्बल. हल्दी. गोलोचन ।

रोचनिका—स्त्री. वंशलोचना । तवाशीर ।

रोचनी—स्त्री० आमलकी. चुक्र. गोरोचना. मनःशिला. श्वेतत्रिवृता । आंवला. चूक. गोलोचन. मंळल. सुपेद निशोथ ।

रोटिका—स्त्री० पिष्टकविशेष । रोटी. कचौरी ।

रोधित—पु० लोध्रवृक्ष । लोध का दरखत

रोमन्—न० जल. लोम । पानी. रोंआं ।

रोमक—न० शाकम्भरिलवण. पांशुलवण. अयस्कान्तमणि । सांभरनिमक. कलरीनिमक. आतशीशीशा ।

रोमकूप—पु० लोमविवर । रोंएकासुराख.

रोमभूमि—स्त्री० त्वच्. चर्म्म । खाल. चमड़ा ।

रोमश—पु० मेष. चन्द्र. पिण्डालुकुम्भी. शूकर । मेढ़ा. चांद. डिंडिसफल. सुअर.

रोमशफल—पु० पिण्डालुकम्भी । पिडारु. डिंडिश ।

रोमहर्षण—न० रोमाञ्च (पु) विभीतक-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वृक्ष । रोंआं फूटना. बहेरा का पेड़ ।

रोमा(व)ली–स्त्री० नाभेरूर्ध्वरोमराजी । नाभि के ऊपर पिस्तान तक रोंआं की कतार ।

रोलम्ब–पु० भ्रमर । भौंरा ।

रोषण–पु० पारद । हेमघर्षणोपल. । पारा. कसौटी ।

रोह–पु० अङ्कुर । अंगूर ।

रोहिण–पु० भूस्तृण. वटवृक्ष. रोहितकवृक्ष । खुंब. बरगद. रोहितक ।

रोहिणी–स्त्री० स्त्रीगवी. तडित. कटुम्भरा. सोमवल्क. काश्मरी. हरीतकी. मञ्जिष्ठा लता. । गाय. अर्क. कुटकी. कायफरा. घोराकरञ्ज. खम्भारि. हरीड़. मंजीठ ।

रोहितक, रोही, रोहीतक – पु० स्वनामख्यातवृक्षविशेष । हरद्वारीकुश ।

रौद्र–पु० सूर्य्यतेज. हेमन्तऋतु(स्त्री)(द्री) रुद्रजटा । धूप. ठंढकाल. रुद्रजटाबूटी

रौम–न० शाम्भरीलवण । सांभरनिमक ।

रौहिणेय–न० मरकतमणि(त्रि)गोवत्स । पन्ना. बछरा ।

रौहिष–न० कटण(पु)मृगविशेष. रोहितमत्स्य(स्त्री)(षा)मृगी. दूर्वा । हरद्वारीकुश. खास हरिण. रोहूमछली. हरणी दूब ।

ल

लक–न० ललाट. धान्यशीर्षक. माथा । धानका सिर भुट्टा ।

लक(कु)च–पु० वृक्षविशेष । बड़हर का पेड़

लक्षा–स्त्री० लक्ष । लाख ।

लक्ष्मणा–स्त्री० श्वेतकण्टकारी । छोटी भटकटैया सुपेद फूल वाली ।

लक्ष्मी–स्त्री० स्थलपद्मिनी. हरिद्रा. शमीवृक्ष. मुक्ता. ऋद्धिवृद्धीऔषध. सेवती. हरिद्रा. हल्दी. छीकुरि. मोती. ऋद्धिवृद्धिबूटी ।

लक्ष्मीगृह–न० रक्तोत्पल । सुरख कमल फूल ।

लक्ष्मीपति–पु०पूग.गुवाक् । लौंग.सुपारी

लगुड़–पु० रक्तकरवीर । सुरख कनयर ।

लघु–न० शीघ्र. कृष्णागरु(स्त्री) स्पृक्का (त्रि)अगरु. वीरण । जल्द. स्याहअगर. लङ्कोड्कपुरी खुशबूदार चीज. अगर. खस्स के सदृश पीली छविवाला तृण ।

लघुदन्ती–स्त्री० द्रुदन्तीवृक्ष । छोटी दत्तूनिया ।

लघुद्राक्षा–स्त्री०काकलीद्राक्षा । किशमिश्

लघुपुष्पा–स्त्री० स्वर्णकेतकी । जर्द्केवड़ा

लघुपञ्चमूल–न० शरिवन. पिठवन. बड़ी भटकटैया. छोटी भटकटैया. गुखुरू ।

लघुमूलक–न० क्षुद्रमूलक । छोटी मूली ।

लङ्का–स्त्री० धान्यविशेष ।

लङ्कापिका, लङ्कारिका – स्त्री० स्पृक्काशाक । पिडीशाग ।

लङ्कोयिका–स्त्री० लङ्कोड्कपुरीसुगन्धद्रव्यविशेष ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

लज्जा, लज्जालु — स्त्री० लज्जालुलता । लाजवन्ती बेल ।

लट्वा—स्त्री० ग्रामचटक. कुसुम्भवृक्ष । गरगवा. कुसुम्भ का पेड़ ।

लड्डुक—पु० पिष्टकविशेष । लड्डुआ ।

लता—स्त्री० गंधप्रियंगु. अस्पृक्का । सुगन्धद्रव्य का नाम विशेष. लड्डोइकपुरी ।

लतामणि—पु० विद्रुम । मूंगा ।

लतायष्टि—स्त्री० मञ्जिष्ठा । मञ्जीठ ।

लतार्क—पु० हरित्पलाण्डु । हरापयाज ।

लतास्फीता—स्त्री० गोरिआसांक । सुपेद दुधउरु ।

लत्तिका—स्त्री० गोधा । गोह ।

लपिसका—स्त्री० खाद्यविशेष । लप्सी, लपसी ।

लम्बकर्ण—पु० अङ्कोटवृक्ष. छाग. शशा । अकोहर का पेड़. बकरा. खरगोश ।

लय—न० वीरणतृण । उशीरसदृशपीतछवितृणविशेष ।

लाक्षा—स्त्री० जतु । लाख ।

लाक्षाप्रसादन—पु० लोध्र । पठानीलोध ।

लाङ्गलिक—पु० स्थावरविषविशेष (स्त्री) (का) लाङ्गलीवल्ली । करिहारी का विष. करियारीबेल ।

लाङ्गलिन्—पु० नारिकेलवृक्ष. सर्प । नारियल का पेड़. सांप ।

लाङ्गली—स्त्री० करिहारीवल्ली । करियारी बेल ।

लाङ्गूलिन्—पु० वानर. ऋषभनामौषध ।

लाज—न० उशीर. (पु) आर्द्रतण्डुल. लज्जा (स्त्री) (जा) अक्षत (पु) भृष्टधान्य । खस. भूंजेचावल. खील. लाई ।

लांजाशूक—न० कमलमूल । भिसिण्ड ।

लामज्जक—न. वीरणमूल । खस्स. उशीरवत्पीतछवितृणमूल ।

लाला—स्त्री० मुखजातजल । लाल. थूक. लार ।

लालिक—पु० महिष । भैंसा ।

लाव—पु० स्त्री० पक्षिविशेष । लवा ।

लावु(वू)—पु० स्त्री० अलावु । कद्दू. तूंबा ।

लिक्षा—स्त्री० यूकाण्ड । लीख ।

लिङ्गिता—स्त्री० शिवलिंगि । पचगुरिआ ।

लिम्पाक—न० निम्बुकविशेष । (पु) जम्बीरी. गर्दभ । कागजीनिम्बू. जम्बीरीनिम्बू. गधा ।

लीक्षा, लीक्षा — स्त्री० यूकाण्ड । लीख

लुण्टक—पु० शाकविशेष । खासशाग ।

लुण्ठक—पु० काक । कौवा ।

लुलाय—पु० महिष । भैंसा

लूता—स्त्री० कीटविशेष. रोगविशेष ।

लेखनी—स्त्री० खटिकामृत्तिका । खरिया ।

लेखपत्र—पु० तालवृक्ष । तालका पेड़ ।

लेहन—न० वेसन ।

लोचक—पु० मांसपिण्ड. अक्षितारा. कज्जल. कदली. निर्मोक । मांस का टुकड़ा. आंखकीपुतली. काजल. केला. सांपकी केंचुली ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

लोचन–न० चक्षु । चश्म ।

लोचिका–स्त्री० दधिघृतमर्द्दितसउष्णोदकसहितदलितमण्डलाकारनिर्मितघृतभृष्टसमिता । पेराक. लुच्ची ।

लोणा
लोणी } –स्त्री० लोणी । लोनी ।

लोणार–न० क्षारविशेष । एकखार

लोध्र–पु०स्वनामख्यातरक्तवर्णवृक्षविशेष। लोध का दरखत ।

लोध्रपुष्पक–पु० धान्यविशेष । ठंढकाली धानविशेष ।

लोयाक(यक)–पु० शृगाल (स्त्री)(यिका) शृगाली । सिआर. सिआरी ।

लोमकर्ण–पु० शशा । खरगोश. चौगड़ा ।

लोमशा–स्त्री० बच । बच ।

लोयत्री–स्त्री० जलमर्द्दितमण्डलाकारनिर्मितसमिता । लोई ।

लोहकर्ष–पु० चुम्बकप्रस्तर । चुम्बकपत्थर

लोहसिंहानिका–स्त्री० लोहकिट्ट । लोहकी कीटी ।

लोहित–न० माणिक्य ।

लोहितपुष्पक–पु०दाडिमवृक्ष । अनार का दरखत ।

(व)

वंश–पु० पुत्रपौत्रादि. तृणजातिविशेष. पृष्ठावयव. इक्षु. शालवृक्ष । नसल. बांस. कंगरोड़. पौंड़ा. सालका पेड़ ।

वंशक–पु० इक्षुभेद. मत्स्यविशेष (स्त्री) (का) वड़ौखा ऊख । मच्छलीखास ।

वंशकर्परलोचना
वंशक्षीरी
वंशना } –स्त्री० तां । वंसलोचन. तवाशीर ।

वंशपत्री–स्त्री० बांसपात्री ।

वंशभवयव–पु० बांस के चावल ।

वंशरो (लो) चना
वंशशर्करा } –स्त्री० वंशलोचना तवाशीर ।

वंशिक–न० अगरु । अगर ।

वंशी–स्त्री० कर्षचतुष्टय । ६४ मासे ।

वक–पु० स्वनामख्यातपक्षी । बगला ।

वकु (कू) ल–पु० स्वनामख्यातपुष्पवृक्ष (स्त्री) (ली) काकोलिनामौषधिविशेष । कचनारवृक्ष. काकोली ।

वक्त्र–न० मुख. तगरमूल । मुह. तगर की जड़ ।

वक्त्रखुर–पु० दन्त । दान्त ।

वक्रा–स्त्री० कर्कटशृङ्गी । ककरासिंगी ।

वक्र–पु० पर्पट । पित्तपापरा ।

वक्रतुण्ड–पु० शुकपक्षी । तोता ।

वक्रवक्त्र–पु० शूकर वराह । सुअर ।

वक्षोरुह–पु० स्तन । पिस्तान ।

वङ्ग–पु० धातुविशेष. त्रपु. वृन्ताक. कर्पास । राङ्गा. सीसा. बेंगन. कपास ।

वङ्गज–न० सिन्दूर । सिन्धूर ।

वङ्गन–पु० वृन्ताक । वेगन ।

वङ्गसेन–पु०अगस्त्यवृक्ष । अगस्ति का पेड़ ।

वङ्गारि–पु० आल । हरिताल ।

वच–पु० कीरपक्षी. षड्ग्रन्था । तोता. वच बूटी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वचण्डी–स्त्री० शारिकापक्षिणी । मयना

वचन–न० शुण्ठी । सोंठि ।

वज्र–पु० न० रत्नविशेष (न) धात्री काञ्जिक. वज्रपुष्प. लौहविशेष. अभ्रविशेष । हीरा. आंमला. कांजी. सेहुंड़पुष्प. खेड़ीलोहा. अभ्रक ।

वज्रचर्म्मन्–पु० खड्ग । गैंड़ा ।

वज्रदन्त–पु० शूकर. मूषिक । सूकर. मूसा

वज्रद्रुम–पु० सेहुण्डवृक्ष । सेंहुड़ का पेड़ ।

वज्ररद–पु० शूकर । सुअर ।

वज्राङ्गी } –स्त्री० सेंहुण्ड । सेहुड़ का पेड़ ।
वज्री }

वञ्जुल–पु० तिनिशवृक्ष. अशोकवृक्ष. वेतसवृक्ष. वकुलवृक्ष. पक्षिविशेष. स्थलपद्मवृक्ष (स्त्री) (ला) बहुदुग्धा गौ ।

वट–पु० वटवृक्ष. कपर्द्द । वर का पेड़. कौड़ी ।

वटक–पु० पिष्टकविशेष. अष्टमाषकपरिमाण(स्त्री) (टका. टिका) । वड़ा. आठ मासा. गोली ।

वटपत्रा–स्त्री० वर्वरी । ववई ।

वटपत्री–स्त्री० वटपत्री ।

वटर–पु० कुक्कुट । मुर्गा

वटि–स्त्री० उपजिह्विका । काकली ।

वड़वा–स्त्री० घोटकी । घोड़ी ।

वडवाक्षीर–न० घोटकीदुग्ध । घोड़ी का दूध ।

वत्सक–न० पुष्पकासीस. सीसा. (पु०) कुटज. इन्द्रयव. वत्स । हीराकशीश. सीसा. कुरैआ. इन्द्रयव. वछड़ा ।

वत्सनाल–पु० विषवृक्षविशेष । वच्छनागज़हर ।

वत्सादिनी–स्त्री० गुडूची । गुरच. गिलोय

वदर–न० कर्पासफल. सेविफल. (स्त्री) (रा) वराहक्रान्ता.कार्पासी.एलापर्णी. विष्णुक्रान्ता (स्त्री) (रि) कोलिवृक्ष । वेनवर. सेवि. विदारीकन्द. कपास. रहसनि. विष्णुक्रान्ता. बेरि का पेड़ ।

वदाम–न० फलविशेष । बदाम ।

वदाल–पु० मत्स्यविशेष ।

वधू–स्त्री० गन्धपलाशी. लङ्कोइकपुरी । गंधपलाशी. लंकोइकपुरी. शाग ।

वध–न० सीसक । सीसा ।

वन–न० स्त्री० अटवी. (न) जल । जंगल. पानी ।

वनकोद्रव–पु० वनकोद्रव । कोदंव ।

वनज–न० अम्बुज. (पु) मुस्तक. गज. तुम्बुरु । कमल. मुस्था. हाथीः तुम्बुरुवीज ।

वनद–पु० मेघ । बादल ।

वनमुच् (मूत)–पु० मेघ । बादल ।

वनमुद्ग–पु० मोठधान्य । मोथी ।

वनशृङ्गाट–पु० गोक्षुरु । गुखुरु ।

वनस्पति–पु० विनापुष्पफलयुक्तवृक्ष. स्थालीवृक्ष. वटवृक्ष । नवातात. वर का वृक्ष ।

वनहरिद्रा–स्त्री० अरण्यजातहरिद्रा । वनहल्दी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वनहास–पु० काशतृण. कुन्दपुष्प । काहीघास. कुन्दका फूल. काशघास ।

वनाखु–पु० शशक । खर्गोश ।

वनाहिर–पु० शूकर । सुअर ।

वन्दनीय–त्रि० स्तवनीय (पु) पीतभृङ्गराजवृक्ष (स्त्री) (या) गोरोचना । तारीफ के लायक. पीलाघसिरा. गोलोचना ।

वन्द्या–स्त्री० गोरोचना । गोलोचना ।

वन्ध्याकर्कोटकी–स्त्री० कर्कोटकी । बांझखेखसा ।

वन्धुजीव–पु० जपा । दुपहरिया फूल का पेड़ ।

वन्धूक } पु० असन । विजैसार ।
वन्धूकपुष्प }

वन्य–न० त्वच (पु) वनशूरण (स्त्री) (न्या) मुद्गपर्णी. गुञ्जा. भद्रमुस्ता. गन्धपत्रा. चमड़ा. जंगलीशूरण. वनमूंग. रत्ती. मुत्था. नागरमोथा ।

वह्निज्वाला–स्त्री० धातकी । धवई. धौके फूल ।

वह्निवक्त्रा–स्त्री० लाङ्गली । कलिहारी ।

वह्निशिख–न० कुसुम्भ । कुसुम ।

वनौक–पु० वानर ।

वपुस्–न० शरीर । जिसम ।

वप्र–न० सीसक (स्त्री) (प्रा) मञ्जिष्ठालता. (स्त्री) (प्री) वल्मीक । सीसा. मञ्जीठ. बेंबउरु ।

वमन–न० छर्द्दन. (पु०) सन. (स्त्री०) (नी) जलौका । कै. सन. जोंक ।

वम्भ–पु० वंश । बांस ।

वम्भर–पु० मधुमक्षिका । शहदकीमक्खी.

वम्भराली–स्त्री० मक्षिका । मक्खी ।

वम्री–स्त्री० वल्मीक । बेंबउरि ।

वयस्था–स्त्री० आमलकी । हरीतकी. गुडूची. काकोली. सूक्ष्मैला. शाल्मली । आंमला. हरीड़. गुरच. काकोली. छोटी इलायची. सिम्बल का पेड़ ।

वर–न० कुंकुम. त्वच. आर्द्रक. (पु०) गुग्गुल । केसर. छाल. अदरक. गूगल ।

वरट–न० कुन्दपुष्प. (पु) हंस, (स्त्री) (टा) (टी) हंसी. गन्धोली. कुसुमबीज । कुन्द का फूल. हंसी. वर्रै ।

वरट्टिका–स्त्री० कुसुम्भबीज । कुसुम के बीज ।

वरण–पु० वरुणवृक्ष । वरुण का पेड़ ।

वरण्ड–पु० मुखरोग. (स्त्री) (ण्डा) सारिका । मुंह की बीमारी. मयना ।

वरतिक्त–पु० कटुजवृक्ष. किरातवृक्ष. दवनपापरा । कौरैया का पेड़. चिरायते का पेड़ । पित्तपापरा ।

वरतिक–पु० पाढ़ा । पाढ़ा ।

वरदा } स्त्री० सूर्यभक्ता. अश्वगन्धा ।
वररा } हुरहुर. असगन्ध ।

वरवर्णिनी–स्त्री० अत्युत्तमा स्त्री. लाक्षा. हरिद्रा. रोचना । नेक औरत. लाख. हल्दी. गोलोचन ।

वराङ्ग–न० मस्तक. गुह्य. योनि. तज.

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

कङ्कुष्ट. (स्त्री) (ङ्की) हरिद्रा. श्रेष्ठाङ्गयुक्ता। माघा. गुदा. कुश. तज. मुर्दाशङ्ख. हल्दी. उमदः उजववाली।
वराट(क) पु० कपर्दक. रज्जु. पद्मबीज. (स्त्री) (का) कपर्दिका। कौड़ा. रस्सी. कमलवीज. कौड़ी।
वरारक–न० हीरक। हीरा।
वराशि–पु० स्थूलवस्त्र। मोटा कपड़ा।
वरासन–न० ओड्रपुष्प। जवापुष्प। दुपहरिया का फूल॥
वराह–पु० शूकर. मुस्ता. शिशुमार(स्त्री) (ही) भद्रमुस्ता। सूकर. मोथा. मगर. नागरमोथा।
वराहकर्णी–स्त्री०लघुदन्ती। छोटीदन्तूनि
वरिष्ट–न० ताम्र. मरिच. (पु) तित्तिरिपक्षी। तांवा. स्याह मरिच. तीतर।
वरी–स्त्री० शतावरी। छतावरि।
वरी(ली)वर्द्द–पु० वृष। बैल।
वरुण–पु० वरुणवृक्ष। वरुन का दरखत।
वरेण्य–न० कुंकुम। केसरि।
वर्कर–पु० मेषशावक. छाग। मेंढ़े का बच्चा. बकरा।
वर्चस् } न० रूप. विष्ठा. दीप्त।
वर्चस्क } हुसन. गूह. जर।
वर्ण–न० कुङ्कुम। केसरि।
वर्णक–न० हरिताल. चन्दन। हरताल. सन्दल।
वर्णपुष्प–पु० वाणपुष्प। यह गौड़देशमें प्रसिद्ध है।

वर्णरे(ले)खा–स्त्री० कठिनी। खड़ियामट्टी।
वर्णसि––पु० जल। पानी।
वर्णा–स्त्री० आढकी। पैमाना।
वर्णि–न० स्वर्ण। सोना।
वर्णिका–स्त्री कठिनी. मसि। खड़िया. स्याही।
वर्णिनी–स्त्री० हरिद्रा। वनिता।
वर्तक–पु० वर्तीकपक्षी। बटेर. पेढ़की।
वर्तन–न० विवृत्तस्य वर्तुलीकरणं।
वर्ताकु–पु० वृन्ताक। भांटा।
वर्तिचटक–पु० बगेरापक्षी।
वर्तिक } –पु० पक्षिविशेष। बेगेरा. बवर्तीक } टेर. पंडुकी।
वर्तुल–पु० कलाय। मटर।
वर्तुलातुम्बी–स्त्री० गृहतुम्बी। लौकी।
वर्तुली–स्त्री० जलपिप्पली। जलपीपरि
वर्द्धन–पु० हवालगने से मसूढ़े में बड़ा दर्द हो।
वर्द्धमान–पु० श्वेतएरण्ड। सुपेद एरण्डा
वर्म्मि–पु० मत्स्यविशेष। मच्छली।
वर्व्वट–पु० राजमाष (स्त्री) (टा) व्रीहिविशेष। पहाड़ी उरद. खासधान।
वर्व्वणा–स्त्री० नीलमक्षिका। स्याह मक्खी
वर्व्वर–न० हिङ्गुल पीतचन्दन (पु) केश. वृक्षविशेष(स्त्री)(रा) पुष्पविशेष. शाकविशेष. मक्षिकाविशेष. क्षुद्रवृक्षविशेष. इंगुरु. जर्द्दसन्दल. वाल. ववई. वरैया।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वर्बरी, वर्बरा — स्त्री० क्षुद्रवृक्षविशेष । न्य जबू. बवई ।

वर्व्वि—पु० घस्मर । भक्षक पेट ।

वर्षवर—पु० षण्ड । हिजड़ा ।

वर्षाभू—पु० भेक (स्त्री) भेकी पुनर्नवा । मेढ़क. मेढ़की. गदापुरैना बूंट ।

वर्षामद (मोद) —पु० मयूर । मोर ।

वर्षोपल—पु० करका । ओला. पत्थर ।

वर्ष्मन्—न० देह । जिस्म ।

वर्ह—न० मयूरपुच्छ. अग्नि । मोर. आगि

वर्हण—न० पत्र । पत्ता ।

वर्हिस्—पु० अग्नि. चित्रकवृक्ष (पु०न०) कुशतृण (न) ग्रन्थिपर्ण । आग. चित्रा का दरखत. कुसघास. गठिवन ।

वर्हिशुष्मन्—पु० अग्नि । आग ।

वर्हिण—न० तगर । तगर ।

वर्हिवर्ह—न० स्थौलेय । स्थौणेयघने ।

वर्हिष्ट—पु० वालक । सुगंध वाला ।

वलय—पु० रोगविशेष । गले की बीमारी

वला(स)—पु० श्लेष्मा । कफ ।

वला—स्त्री० नागदमनी । वरिआरी ।

वलाचतुष्टय—न० (वला. अतिवला. नागवला. सहदेवी) । वरिआरी. ककई. गुरशंकरी. सहदेयी ।

वलासक—पु० कोकिल. भेक । कोइल. मेढक ।

वलाह—न० वारि । पानी ।

वलाहक—पु० मेघ. मुस्तक । वादल. नागरमोथा ।

वलि—न० गन्धक ।

वल्क—पु० लोध्र । पठानी लोध ।

वल्गु—पु० छाग । वकरा ।

वल्गुक—न० चन्दन । सन्दल ।

वल्वल—पु० तृणविशेष ।

वल्मि(ल्मी) क (कि)—पु० वामलूर । वैंबउरि ।

वल्ल—पु०गुञ्जत्रयपरिमाण । तीनरत्ती भर

वल्लक—पु० भटवांसु (स्त्री) सालई ।

वल्लर—न० कृष्णागरु (स्त्री)(रि) चित्रमूललता । स्याह अगर. चीता ।

वल्या—स्त्री० धात्रीवृक्ष । आमले का दरखत ।

वशिका—स्त्री० अगरु । अगर ।

वशिर—न० सामुद्रलवण (पु) गजपिप्पली अपामार्ग. वचा । समुन्दरी निमक. गजपीपली. लटजीरा. वच ।

वश्य—न० लवङ्ग । लौंग ।

वसन्त—पु० अतिसार. ऋतुविशेष. रोगविशेष । दस्तहाल. वसन्त ऋतु चैत्र और वैशाख को कहते हैं शीतला की बीमारी ।

वसन्ततेत—पु० आम्रवृक्ष. कोकिल. (स्त्री) (ती) माधवीलता. पिकी । आम का पेड़. कोइल. माधवी वेल. कइली ।

वसा—स्त्री० मांसोद्भवधातुविशेष । चरबी

वसिर—न० सामुद्रलवण. गजपिप्पली । सामुन्दरी निमक. गजपिपरि ।

वसिरा—स्त्री० रक्तापामार्ग । सुर्खलटजीरा

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वसु–न० रत्न. धन. वृद्ध्योषधि. जल (पु) वकुलवृक्ष. अनल । रत्न. जवाहर. वृद्धिदवाई. पानी. बड़ी मौलसिरी. आग ।

वसुक–पु० न० श्वेतार्कवृक्ष. (न) साम्भरी लवण. पांशव. वास्तूक(पु) शिवमल्ली. पुष्पविशेष । सुपेद मदार. साम्भरनिमक. खारीनिमक. वथुई का साग. खास फूल ।

वसुच्छिद्रा–स्त्री० महामेदौषधि । महामेदा बूटी ।

वसुधा, वसुन्धरा, वसुमती – स्त्री० पृथिवी । ज़मीन ।

वस्य–छाग(न) गृह । बकरा. घर ।

वस्त–पु० छाग । बकरा ।

वस्तक–न० कृत्रिमलवण । बनावटी निमक ।

वस्ति–पु० स्त्री० नाभेरधोभागः । नाफ का निचला हिस्सा ।

वस्त्ररञ्जक–न० कुसुम्भ । कुसुम का पेड़ ।

वस्त्ररञ्जिनी–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मज्जीठ ।

वहला–स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।

वहुलवल्कल–पु० प्रियालवृक्ष. भूर्ज्यपत्रवृक्ष । चिरौंजी का पेड़. भोजपत्ते का दरखत ।

वह्नि–पु० चित्रक. भल्लातक. निम्बक. अग्नि । चित्रा. भिलावा. नीम. आगि ।

वह्निगर्भ–पु० वंश(स्त्री)(र्भा) शमीवृक्ष । बांस. जड़ी अर्थात् छीकुरि का दरखत ।

वह्निनी–स्त्री० जटामांसी । जटामासी बूटी ।

वाः–न० जल । पानी ।

वाकुची–स्त्री० सोमराजी । बकुची का दरखत ।

वागुण–पु० वार्ताकु । बैंगुन. भांटा ।

वाचस्पतिवल्लभा–स्त्री० पुषराजरत्न ।

वाज–न० अन्न. जल. घृत । अनाज़. पानी. घी ।

वाजिदन्ता–स्त्री० वासक । रूसा. रुसाह

वाजिन्–पु० घोटक (स्त्री) अश्वगन्धा । घोड़ा. असगंध ।

वाजिन–न० आमिक्षानिःसृतजल । खिरणी से निकसा हुआ जल ।

वाजिभक्ष–पु० चणक । चना. लहिला बूंट ।

वाजीकरण–न० वीर्य्यवृद्धिकारकऔषधि । मनी को बढ़ाने वाली दवाई ।

वाजीकरणतन्त्र–न० येन नरः स्त्रीषु विषये वाजीव सामर्थ्यं प्राप्नोति तद्वाजीकरणम् । येनात्यर्थमुच्यज्यते स्त्रीषु तद्वाजीकरणं व्यञ्जनं वाजो वेगः प्रसरत्वात् शुक्रस्य स विद्यते येषां ते वाजिनः अवाजिनो वाजिनः क्रियन्तेऽनेनेति वाजीकरणम् । अन्ये तु वाजिशब्देन शुक्रमभिधीयते तेन शुक्ररहितस्य वाजि शुक्रं क्रियतेऽननेनेति वाजीकरणम् तदर्थं तन्त्रं वाजीकरणतन्त्रम् ।

वाटवा–स्त्री० वृक्षविशेष । बैडियाला–पौधा ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वाटवाल(क)–पु० वृक्षविशेष(स्त्री)(ली)।

वाण–पु० गोस्तन. वह्नि. भद्रमुञ्ज। गाई के थन. आग. मूंज।

वातक–पु० असनपर्णी। जार।

वातघ्नी–स्त्री० शालपर्णी. अश्वगन्धावृक्ष। सरिवन. असगन्ध।

वातज्वर–पु० शरीर कांपे. ज्वर का वेग विषम हो. कण्ठ ओष्ठ और मुख सूखे. निद्रा न पड़े. छींक न आवे.गात्र रूखा रहे. शिर हृदय गात्र में पीड़ा रहे. मुंह फीका. कब्जियत रहे पेट में गुड़२ बोले जम्भायी आवें।

वातपित्तज्वर–पु० जृंभा. आध्मान.कम्प. पर्वभेद. तृट्प्रलाप. अभिताप।

वातपित्तकफज्वर–पु० सर्वज्वर। सान्निपातिकज्वर। जिसमें निद्रा नाश.भ्रम. प्रवास. तन्द्रा,सुप्तांगता. अरुचि. तृष्णा. मोह. मद. स्तम्भ. दाह. शीत. हृदिव्यथा. उन्माद. श्यावदन्तता. रसनापरुषाकृष्णा. सन्धिमूर्द्धास्थिजा रुजः. निर्भुग्ने कलुषे नेत्रे.कर्णौ शब्दरुगन्वितौ प्रलापः. स्रोतसां पाकः. कूजनं. चेतनाच्युतिः. स्वेदमूत्रपुरीषाणामल्पशः।

वातश्लेष्मज्वर–पु० शूल. काश. कफोत्क्लेश. शीत वेपथु. पीनस। गौरव. अरुचि विष्टंभ।

वातपोथ–पु०पलाशवृक्ष। पलाशका पेड़।

वातवैरी–स्त्री० बादाम।

वातरक्त–पु०रोगभेद। गठिया की बीमारी

वातरायण–पु० करपत्र. सरलद्रुम। आरा. शाल का पेड़।

वातश्लेष्महरा–स्त्री० हड़.संघार का वृक्ष

वातहर–पु० पलाशवृक्ष। पलाश का दरखत।

वाताद–पु० फलवृक्षविशेष। बदाम का दरखत।

वातामोदा–स्त्री० कस्तूरिका। कस्तूरी।

वातायु–पु० हरिण। हन्ना. हरना।

वातारि–पु० एरण्डवृक्ष. शतमूली. सेफालिका. यवानी. भार्गि. स्नुहि. विडंग. शूरण. भल्लातक. जतुका। एरंड. महाछतावरि. सम्भालू का पेड़. अजवाइन. भारंगी. सेहुण्ड. वायविडंग. सूरन. भेलावा. लाख।

वातौष्ठरोग–पु० वायुसंबन्धीओष्ठरोग।

वात–पु० वायु। हवा।

वातिङ्गण–पु० वार्ताकु। बैंगन।

वातीय–न० काञ्जिक। कांजी।

वादर–न० कर्पास(स्त्री)(रा) कार्प्पासी। कपास।

वाट्या
वाट्यालका
वाट्यालिका } स्त्री० वरियारी।

वानर–पु० कपि(स्त्री) (री) शूकशिम्बी. वानरयोषित्। बन्दर.भटंवासु.बन्दरी. किमांच. सिंगी।

वानप्रस्था–स्त्री० वनमधूकवृक्ष। वनमोहा का दरखत।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वानीर पु० वेतसवृक्ष वञ्जुलवृक्ष । वेत. मौलसिरी. अशोक ।

वानेय–न० कैवर्तीमुस्तक । कवर्ती मोथा. नागरमोथा ।

वापीह–पु० चातक । पपीहा ।

वाप्य–न० कुष्ठौषधि । कुट्. कूट ।

वाप्यजल–न० बृहत्कूपोद्भवजल । बावड़ी का पानी ।

वामन–पु० अङ्कोटवृक्ष । अंकोहर का दरखत ।

वामलूर–पु० वल्मीक । वल्मी. वेवंडरि ।

वामाचार–पु० पीलुवृक्ष । पीलू का दरखत ।

वामी–स्त्री० अश्वी. शृगाली. रासभी । घोड़ी. सिआरि. गधी ।

वायस–त्रि० काक. अगरुवृक्ष. श्रीवासवृक्ष । कौव्वा. अगर. संदल. सुपेद चन्दन ।

वायसी–स्त्री० कञ्जिका. काकमाची । कंजी केवैया का पौधा ।

वायसोली–स्त्री० काकोली ओषधि ।

वायु–पु० अदृश्यमूर्ति प्रकटक्रिय, खरस्पर्श, तिर्य्यग्गामी, शीतस्पर्शगुण, रजोबहुल ।

वायुनुत्–स्त्री० मेथिका । मेथी ।

वायुवाह–पु० धूम । धूंआं ।

वायुसख–पु० अग्नि । आग ।

वार्–न० जल । पानी ।

वारङ्ग–न० ग्रहणस्थल । पकड़ने की जगह ।

वारण–पु० गज (स्त्री) (णा) कदली । हाथी. केला ।

वारणमूल–न० उशीर । खस ।

वारणबुषा (सा) } स्त्री० कदली ।
वारणवल्लभा } केला ।

वाराह–पु० महापिण्डीतकवृक्ष । बड़ा मयनफल का दरखत ।

वाराहवदना–स्त्री० विदारीकन्द । बिलारीकन्द ।

वाराहाङ्गी–स्त्री० लघुदन्ती । छोटीदन्ति ।

वाराहीकन्द–पु० क्षीरविदारी । विदारीकन्द. गेठ़ि ।

वारि–न० जल. ह्रीवेर । पानी. सुगन्धवाला ।

वारिकण्टक–न० पु० शृङ्गाटक । सिंघाड़ा ।

वारिज–न० पद्म. लवङ्ग. (पु) शङ्ख. शम्बुक । कमलफूल. लौंग. शंख. घोंघा

वारिद–न० मेघ. मुस्तक । बादल. नागरमोथा ।

वारिदनामक–न० मुस्तक । नागरमोथा ।

वारिपर्णी–स्त्री० जलकुम्भी । सेवार ।

वारिबदरा–स्त्री० प्राचीनामलक ।

वारिरुह–पु० पद्म । कमल ।

वारिवर–न० करमर्द्दक । चकवड़ ।

वारुण–पु० वरुणवृक्ष । (स्त्री) (णी) इन्द्रवारुणी. सन्धानभेद । वरुण का पेड़. इन्द्रोरणि. ताड़ी

वार्तक–पु० वार्ताकु । बैंगनी भांटा ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वार्ताकी–स्त्री० बृहती । बरहंटा. बड़ी भटकटैया ।

वार्ट्टर–न० दक्षिणावर्तशंख. बीज. काकचिञ्चा शाक. भारती. कृमिज. जल. आम्रबीज । दहिनावर्ती शंख. बीज. केवैंआ का शाक. घुंघची. रत्ती. सरस्वती. रेशम. पानी. आम की गुठली।

वार्ध्रीणस–पु० खड्गपशु. पक्षिविशेष । गैंड़ा. खासपरिंदः ।

वार्श्वटीर–पु० त्रपु. आम्रास्थि. अङ्कुर । टीन. आम की गुठली. अंकूर. अंगूर ।

वार्हत–न० बृहतीफल । बड़ी भटकटैया का फल ।

वालीक–पु० वगेरापक्षी ।

वाशी–स्त्री० वंशलोचन । तवाशीर ।

वाष्प (स्प)–पु० ऊष्मा. लोह. अश्रु । भाफ. आंसू. लोहा ।

वाष्पक–पु० मरूमाशाक । मरसा का शाक ।

वास } –पु० रूसक । रूसा रूसाह ।
वासक }

वासत–पु० गर्द्दभ । गधा. खर ।

वासन्त–पु० उष्ट्र. कोकिल (स्त्री) (न्ती) माधवीलता । ऊंट. कोइल. वेला की वेल ।

वासपुष्पा–स्त्री० चन्द्रसूर । चंदसुर ।

वासा } स्त्री० वासकवृक्ष ।
वासिका } रूसा. रूसाह ।

वासिष्ठ–न० रुधिर । खून. वसिष्ठक ।

वास्तु (क)–न० वास्तूकशाक । बथुई का शाक ।

वास्तुकाकारा–स्त्री० पालक्यशाक । पलाकी का साग. पालक का शाक ।

वास्प(ष्प)–पु० ऊष्मा. लोह. अश्रु । गर्मी. भाफ. आंसू. लोहा ।

वाह–पु० अश्व परिमाणभेद, घोड़ा । १।)१≡। या ४०७६ तोले ।

वाहस–पु० अजगरसर्प । अजदहासांप ।

वाहु–पु० भुज. रेखाभेद । वाजू. खत ।

वाहुवारक–पु० वहुआर ।

वाहुमूल–न० कक्ष । कांख ।

वाल्हि (ल्ही) क–न० कुङ्कुम. हिङ्गु । केशरि. हींग ।

वाल्हिका–स्त्री० मत्स्याक्षी. मछेछी ।

वि–पु० विहग । पक्षी ।

विकङ्कत–पु० कण्टाईवृक्ष ।

विचक–त्रि० केशशून्य । गञ्जा ।

विकट–पु० विस्फोटक । फोड़ा

विकण्टक–पु० यवासवृक्ष । जवासा का पौधा ।

विकन्तक–पु० कण्टाईवृक्ष ।

विकर्त्तन–पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताव. आकका पेड़ ।

विकषा–स्त्री० मञ्जिष्ठा । मञ्जीठ ।

विकर्षण–न० विगृह्याकर्षण । पकड़ के खींचना ।

विकार–पु० रोग. मत्स्य । बीमारी. मछली ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

विकिर—पु० विहग. कुशतृण । पक्षि. कुशाघास ।

विकिरण—पु० अर्कवृक्ष । आकका पेड़ ।

विकीरण—पु० रक्तार्क । सुर्ख आक का पेड़ ।

विक्षीरिणी—स्त्री० दुग्धिका । दूधी. दुधियाबूटी ।

विग्रह—पु० देह । जिस्म।

विघस—पु० आहार (न) सिक्थक । खुराक. मोम ।

विघ्न—पु० कृष्णपाकफला । करौंदा का पेड़ ।

विचक्षणा—स्त्री० नागदन्ती । खासलता ।

विचित्र—पु० भूर्जपत्र । भोजपत्ता ।

विजया—स्त्री० मञ्जिष्ठा. शमी. अग्निमन्थ. भङ्गा । मंजीठ. छीकुरि. रणि. भांग ।

विट—पु० लवणभेद. खदिरभेद. नारङ्गवृक्ष. मूषिक । खारनिमक. खैरादरखत. रियां का पेड़. नारङ्गी का पेड़. मूसा ।

विटखदिर—पु० दुर्गन्धखदिर । रियां का पेड़ ।

विटि (टी)—स्त्री० पीतचन्दन । जर्द सन्दल ।

विड—न० सौवर्चललवण । सोंचरनिमक ।

विडंग—पु० न० वायुभृङ्ग । वायविडंग ।

विडाल—पु० मार्जार. नेत्राञ्जनविशेष. नेत्रडिम्ब (स्त्री) (ली) विदारीकन्द. (न) हरताल । विल्ली. सुरमा. आंख का डेला. विलारीकंद. हड़ताल ।

विडुल—पु० वेतसवृक्ष । वेत का पेड़ ।

विड्वराह—पु० ग्राम्यशूकर । गांव का सुअर ।

वितुन्नक—न० धन्याक. मुस्ताकृतिशुकाभतृणविशेष. तुत्थक । धनिया. सोथाघास तूतिया. नीलाथोथा ।

विदिल—न० द्विधाभूतदाडिम. (पु) त्रिवृत । फटाअनार. तेवड़ी. निशोथ ।

विदारण—पु० कर्णिकारवृक्ष । कनयर का पेड़. अमिलतास का पेड़ ।

विदारी—स्त्री० विदारीकन्द । विलारीकंद ।

विदारीगन्धा—स्त्री० शालिपर्णी । शरिवनवृक्ष ।

विदुल—पु० वेतस. (स्त्री)(ला) शातला । वेत का पेड़. पीले फूल के सुहुण्ड की जड़ ।

विदूरज—न० वैडूर्य्यमणि । नीलम ।

विद्रुम—पु० प्रवालरत्न. पल्लव । मूंगा का पेड़ नये किल्ले ।

विद्रुमलता—स्त्री० नलिका । पवारी ।

विध—पु० चन्द्र. कर्प्पूर. वायु । चांद. काफूर. हवा ।

विनमन—न० निम्नीकरण । नीचाकरना।

विनीत—पु० मदनवृक्ष । दवना का पेड़ ।

विन्दुपत्र—पु० भूर्जपत्र । भोजपत्ता ।

विपर्णक—पु० पलाशवृक्ष । पलास का दरखत ।

विपुलास्रवा—स्त्री० घृतकुमारीवृक्ष । घीकुवार ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

विफला—स्त्री० केतकी । केवड़ा का पौधा ।

विबन्ध—पु० रोगभेद । कब्जियतकी बिमारी ।

विभाकर—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताब. आक का पेड़ ।

विभावरी—स्त्री० रात्रि. हरिद्रा । शब. हल्दी ।

विभावसु—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष. वह्नि. चित्रकवृक्ष । आफताब. आक का पेड़ । आग. चीता. चित्रा का दरखत ।

विभीतक—पु० भूतवासवृक्ष । बहेड़े का दरखत ।

विभीषण—पु० जलतृण । नरई ।

विमर्द्द—पु० वृक्षविशेष ।

विमला—स्त्री० शातला । पीले फूल के सेहुंड़ की जड़ ।

विमान—पु० अश्व । घोड़ा ।

विमुक्ता—स्त्री० माधवीलता । बेला की बेल ।

विम्बट—पु० सर्षप । सरसों का पौधा ।

विम्बिका } स्त्री० विम्बाफलवल्ली ।
विम्बी } कुंदुरू की बेल ।

वियोगिन्—पु० चक्रवाकपक्षी । चकवा परिन्दह ।

विरजा—स्त्री० दूर्वा । दूब घास ।

विरण—न० उशीर । खस ।

विराल—पु० विडाल । बिल्ली ।

विरेचन—न० रेचन (पु०) पीलुवृक्ष । जुलाब. पीलू का पेड़ ।

विरोचन—पु० सूर्य्य. चन्द्र. अर्कवृक्ष । आफताब. चांद. आक का पेड़ ।

विल—न० घोटकोत्तम (पु) वेतस वस्त्रः घोड़ा. बेद ।

विलसा—स्त्री० श्वेतवला । सीसाकबूटी. सुपेद बरियारी ।

विल(ले)शय—पु० सर्प्प. मूषिक. गोधा । सांप. मूसा. गोह ।

विलेपनी—स्त्री० यवागू । जव की मांड़ ।

विलेप्य—पु० यवागू । मांड ।

विलोचन न० नेत्र । आंख ।

विलोडित—न० तक्र । छाछ ।

विल्व—पु० श्रीफलवृक्ष (न) परिमाण । नारियल का दरखत. पैमाना. बेलका दरखत ।

विल्वकर्कटी } स्त्री० आमविल्वफल ।
विल्वपेशिका } कच्चा बेल का फल ।

विवरण—प्रकाशन । प्रकाश करना ।

विवर्त्तन—न० कर्णवायोः निष्काशयितुमिष्टस्य कर्णलग्नस्य पुनर्निवर्त्तनम् ।

विवस्वत्—पु० सूर्य्य. अर्कवृक्ष । आफताब. आक का पेड़ ।

विश—पु० कमलनाल । कमल की नाली ।

विशप्रसून—न० कमल । कमल का फूल ।

विशल्या—स्त्री० गुडूची. लाङ्गली. लघुदन्ती । गुरच. करियारी. छोटीदन्ती ।

विशाखा—स्त्री० कठिल्लक । करेला की बेल ।

विशारद—पु० वकुलवृक्ष. क्षुद्रदुरालभा । मौलसिरी का पेड़. जवासा का पौधा ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

विशाल–पु० मृगभेद (स्त्री) (ला) इन्द्रवारुणी । हरिण. इन्दोरणिकी बेल ।

विशालत्वक्–पु० छतिवन ।

विशालाक्षी–स्त्री० नागदन्ती ।

विशोक–पु० अशोकवृक्ष । अशोक का पेड़

विशोधिनी–स्त्री० नागदन्ती ।

विश्व–न० जगत. शुंठी. अतिविषा (स्त्री) (श्वा) शुंठी. अतिविषा । दुनिया. सोंठि. अतीश ।

विश्व(ष्व)क्सेना–स्त्री० प्रियङ्गुवृक्ष । मेहदी ।

विश्वदेवा–स्त्री० गोरखकर्कटी । विश्वभेषज–न० शुंठी । सोंठि ।

विष्–स्त्री० विष्ठा । गूह ।

विष–न० जल. पद्मकेशर. मृणाल. (पु०न०) गरलमन्त्र. यथाः–वत्सनाभ. हारिद्र. सक्तुक. प्रदीपन. सौराष्ट्रिक. शृङ्गिक. कालकूट. हालहल ।

विषकण्टकिनी–स्त्री० वन्ध्याकर्क्कोटकी । बांझखेखसा ।

विषघातिन्–पु० शिरीषवृक्ष । शरीह का दरखत. सिरसा का पेड़ ।

विषघ्न–पु० शिरीषवृक्ष. यवास. विभीतक. चम्पक. हिलमोचिका. इन्द्रवारुणी. वर्वरा. भूम्यामलकी. रक्तपुनर्नवा. हरिद्रा. तण्डुलीय (त्रि) विषनाशक । सिरसा का पेड़. जवासा. वहेरा. चम्पा की वेल. हुरहुर. इन्दोरनि. ववई. भूआमला. सुरख गदापुरैना. हल्दी. चवराई. जहरनाश करने वाली

विषघ्नी–स्त्री० ह्रीवेर. देवदाली । हाऊबेर. वंदाल. सोनैया ।

विषज्वर–पु० महिष । भैंसा ।

विषण्ड–न० मृणाल । कमलफूल की डंडी. भिस ।

विषतिन्दुक–पु० कुपील । मकरतेंदू. कोचिला का दरखत ।

विषद–न० पुष्पकाशीश । हीराकशीश ।

विषदन्तक } पु० सर्प्प । सांप ।
विषधर }

विषनाशिनी–स्त्री० रास्नाभेद । नाईबूटी ।

विषपुष्पक–न० पु० मदनफल । मयनफल

विषमच्छद–पु० विशालत्वक् । तपेदिक्क.

विषमा–स्त्री० क्षुद्रकोलि । झरवेरिया ।

विषमुष्टिका–स्त्री० महानिम्ब । वकायन का दरखत ।

विषा–स्त्री० अतिविषा । अतीश ।

विषाण–न० पशुशृङ्ग. हस्तिदन्त. वराहकन्द. ऋषभकौषध । सींग. हाथीदान्त. वाराहीकंद. ऋषभबूटी. (स्त्री) (णी) मेषशृंगी । मेढ़ासिंगी ।

विषापहा–स्त्री० नागदमनी ।

विषाराति–पु० कृष्णधूस्तर । स्याह धत्तूरा

विषास्य–पु० सर्प्प. भल्लातक । सांप. भेलांवा ।

विष्किर–पु० विहग । परिंदह ।

विष्ठा–स्त्री० पुरीष । गूह ।

विष्णुक्रान्ता–स्त्री० अपराजिता । श्वेत

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

तथा रक्त फूलवाली विष्णुक्रान्ता की वेल ।

विष्वक्सेना–स्त्री० प्रियङ्गूसुगन्धितबूटी महदी के बीज ।

विस–न० मृणाल । कमलफूल की डंडी ।

विसकुसुम–पु० पद्म । कमलफूल ।

विसङ्कट–इङ्गुदीवृक्ष । हिङ्गोट का दरखत

विसार } पु० मत्स्य । मच्छली ।
विसारिन् }

विसूचिका–स्त्री० रोगविशेष । हैजा ।

विस्त–पु० न० स्वर्ण. कर्ष । सोना. अस्सी रत्तीभर ।

विस्फोट(क)–पु० स्फोटविशेष । फोड़ा. फुनसी. चेचक. दुम्बल ।

विस्रगन्धा–स्त्री० त्रपुषा. ह्रीवेर । लाख. हाहुबेर. सुगन्धवाला ।

विस्रगन्धि–पु० हरिताल । हड़ताल ।

विस्रा–स्त्री० लघुमूलिका । छोटी सूली ।

विहग } पु० पक्षी मेघ. चन्द्र. सूर्य्य ।
विहङ्गम } " "

विहार–पु० स्कन्ध । कन्धा ।

वीङ्गा–स्त्री० शूकशिम्बी. कपिकच्छूलता भटवांसु. किमाच की वेलि ।

वीजक–पु० असनवृक्ष । विजैसार ।

वीजगर्भ पु० पटोलवल्ली । परवरकी बेल ।

वीजन–न० व्यजन. चामर । पंखा. चौरी । चँवर ।

वीजपूर–पु० जम्बीरभेद । विजौरानिम्बू

वीजफलक–पु० जम्बीर । जम्भीरीनिम्बू

वीतशोक–पु० अशोकवृक्ष (त्रि) शोकरहित । अशोकदरखत. वेग़म ।

वीतिहोत्र–पु० अग्नि. अनल. सूर्य्य । आतिश. हवा. आफताब ।

वीर–न० मरिच. पद्ममूल. काञ्जिक. उसीर (पु०) अर्जुनवृक्ष. (स्त्री०) (रा) श्रृङ्गी. सुरानाम. काकोली. आमलकी. रम्भा. विदारी. दुग्धिका । स्याहमिरच. भसेंड़. कांजी. खस्स. अर्जुनहरा. काकरासिंघी. मदिरा. काकोलीबूटी. आंमला. केला. बिलारीकन्द. दूधिया ।

वीरण–न० उशीर । खस्स ।

वीरतरु–पु० उशीर. वरवेल । खस्स. वरवेल ।

वीरपत्रा–स्त्री० विजया । भंग ।

वीररजस–न० सिन्दूर । सेन्दुर ।

वीरवती–स्त्री० रोहिणी औषधि ।

वीरवृक्ष–पु० भल्लातक. अर्जुनवृक्ष । भेलांवा. अर्जुनहरा ।

वीरसेन–पु० अरुपिडारुकन्द ।

वीर्य्य–न० देहस्थ चरमधातु । नुत्फा. वीर्य्य ।

वुक–पु० बृहन्नीलशिरीवृक्ष । बड़ी नीलसिरी का दरखत ।

वृक–पु० हिंस्रकपशुविशेष । भेड़िया ।

वृकदंश–पु० कुक्कुर । कुत्ता ।

वृकधूर्त पु० शृगाल । गीदड़. सियार ।

वृक्षधूप–पु० सालद्रुम । तारपीनवृक्ष ।

वृक्षधूपक–पु० सालनिर्य्यास । गुग्गुलु ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वृक्षनाथ } पु० वटवृक्ष । वर का पेड़ ।
वृक्षपाक } "
वृक्षभक्ष्या—स्त्री० वन्दा । बान्दा ।
वृक्षमर्कटिका—स्त्री० वनविड़ाल । रूखी. वनविलार ।
वृक्षमार्जार—पु० वनविड़ाल । रूखी. वनविलार ।
वृक्षरुहा } स्त्री० वन्दा । बान्दा ।
वृक्षादनी }
वृक्षामय न०—लाक्षा । लाख ।
वृक्षाम्ल—न० विषाम्ल । विषामिल ।
वृजन—पु० केश । बाल ।
वृतकोश—पु० देवदालीलता । बन्दाल. सौनैश्रा ।
वृतपुष्प—न०पु० कदम्बवृक्ष । कदमका पेड़
वृतफला—स्त्री० रक्तापामार्ग । सुरखलटजीरा ।
वृत्ता—स्त्री० रोहिणी ।
वृद्ध—न० शैलज नाम गन्धद्रव्य. (पु) वृक्षविशेष । शिलाजीत. छरीला. भूर ।
वृद्धदारुक—पु० विधारावृक्ष विधारा का पौधा ।
वृन्ताक—न० वार्ताकु । बैंगन. भांटा ।
वृष—पु० वासा । रूसाह. बैल ।
वृषकेतु—स्त्री० पु० रक्तपुनर्नवा । लालगदापुरैना ।
वृषभ—पु० ऋषभौषध. वृष । ऋषभबूटी. बैल ।
वृषा—स्त्री० गो । गाय ।
वृष्या—स्त्री० कपिकच्छू । किमाचबेल ।
वृहज्जीरक—पु० कालम्बी । कलौंजी ।
वृहत्पत्र—पु० लोध्र । पठानीलोध ।
वृहत्पञ्चमूल—न० यथाः—बेल १. खम्भारि २. पाडरि ३. रणि ४. पाढ़ा ५ ।
वृहत्पुष्प—पु० कुब्जक । कूजाफूल का वृक्ष।
वृहती—स्त्री० कण्टकारीद्वय । बड़ी और छोटी भटकटैया ।
वृहदेलिका स्त्री० स्थूलैला । बड़ी इलायची ।
वृहल्लोणी—स्त्री० वृहल्लोणिका । बड़ी लोनी ।
वेणी—स्त्री० देवदाली । सौनैश्रा. बन्दाल
वेणु—न० वंशतृण । बांस
वेणुपत्री—स्त्री० वंशपत्री । बांसपाती ।
वेण्ड—पु० वंश । बांस ।
वेखडन—न०कटुरसयुक्तद्रव्यविशेष. मिरच । स्याहमिरच ।
वेतस्—पु० वेत्र । वेत का दरखत ।
वेतस—पु० लताविशेष । बांस ।
वेत्र—पु० स्वनामख्यातवृक्ष । वेत ।
वेदण्ड—पु० हस्ती । हाथी ।
वेदना—स्त्री० चर्म्म । चमड़ा ।
वेदि—न० अम्बष्ठा केवैया. पाढा. जूही ।
वेदोदय—पु० सूर्य्य ।
वेधक—न० धन्याक(पु)कर्पूर. अम्लवेतस । धनियां. काफूर. अमिलवेत ।
वेधमुख्य—पु० कर्चूर (स्त्री) (यथा) कस्तूरिका । कचूर. कस्तूरी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वेधस–न० ब्रह्मतीर्थ । अंगुष्ठे का मूल ।
वेधस्–पु० श्वेतार्कवृक्ष । सुपेद आक का पेड़ ।
वेधिद्रु–पु० अश्वत्थवृक्ष । पिप्पल का पेड़
वेर–न० शरीर. वार्ताकु. कुङ्कुम । जिस्म. वेंगन. केशरि ।
वेरक–न- कर्पूर । काफूर ।
वेल–न० श्रीफल. विल्ववृक्ष । नारियल. वेल का पेड़ ।
वेल्ल–न० कृमिघ्न । वायविडंग ।
वेल्लन–न० रोटिकानिर्माणार्थस्थूलवर्तुल यन्त्र । वेलन ।
वेशन–न० गृह. मुद्गादिचूर्ण । मकान. मूंगवगैरः का आटा ।
वेशनवटिका–स्त्री० मुद्गादिचूर्णनिर्मित-वटिका । पकौरी. फुलौरी ।
वेश्यकलिङ्ग–पु० चटक । चिड़िया ।
वेष्ट–पु० निर्य्यास । गोंद ।
वेष्टक–न० निर्य्यासश्रीवेष्ट(पु)कूष्माण्ड । गूंद. तारपीन. पेठा. कुह्मड़ा ।
वेष्टन–न० कर्णशष्कुली. गुग्गुलु । कान का सुराख. गूगल ।
वेसवार–पु० उपस्कर । गर्मसमाला ।
वैक्रान्त–न० मणिविशेष गोनस. चुम्बक ।
वैजयन्तिका–स्त्री० जयन्ती का पौधा. रणि ।
वैडूर्य्य–न० रत्नविशेष । वैडूर्य्यरत्न. पन्ना ।
वैणव–न० वेणुफल(स्त्री)(वी)वंशलोचन । बांस का फल. तवाशीर ।
वैतस–पु० अम्लवेतसवृक्ष । अमिलवेद का पेड़ ।
वैदल–पु० शिम्बीधान्य । छीमी का अनाज ।
वैदूर्य–न० कृष्णपीतवर्णमणिविशेष । पन्ना
वैदेही–स्त्री० पिप्पली. रोचना. हरिद्रा । पीपली. हल्दी ।
वैद्य–पु० वासकवृक्ष. आयुर्वेदवेत्ता(स्त्री) (द्या) काकोली । रुसाह. तबीब. काकोलीबूटी ।
वैधात्री–स्त्री० ब्राह्मी ओषधि । ब्राह्मी बूटी ।
वैराट–पु० इन्द्रगोपकीट । वीरवहूटी कीड़ा ।
वैल्व–न० विल्वफल । बेल का फल ।
वैश्रवण–पु० वटवृक्ष. कुवेरदेवता । वर का पेड़. कुवेर ।
वैश्रवण(लय)(वास)(णोदय)–पु० वट-वृक्ष । वर का पेड़ ।
वैश्वानर–पु० अग्नि. चित्रकवृक्ष । आतिश. आग ।
वैष्णवी–स्त्री० अपराजिता. तुलसी । विष्णुकान्तवेल. तुलशी ।
वैसारिण–पु० मत्स्य । मच्छली ।
वोड–पु० गुवाक । सुपारी ।
वोड्र–पु० गोनससर्प्प. मत्स्यविशेष । गोह सांप. खास मच्छली ।
वोद–त्रि० आर्द्रकृष्णवर्णतरलमृत्तिका । स्याह रंग की पतली मट्टी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वोदाल–पु० मत्स्यविशेष । एक खास मच्छली ।

वोधिनी–स्त्री० मेथिका । मेथी ।

वोरट–पु० कुन्दपुष्प । कुन्द फूल ।

वोल–पु० बोलौषधि ।

व्यङ्ग–पु० भेक. हीनाङ्ग. मुखरोगविशेष (स्त्री) (ङ्गा) किमाच वल्ली । मेढक. अंगहीन. मुंह की बीमारी. खजोहरा की बेल ।

व्यज(न)–पु० न० व्यजन । पंखा ।

व्यञ्जन–न० सूपशाकादि. चिन्ह. श्मश्रु. अवटाव. दिन. उपस्थ. । तरकारी दाल आदि. निशान. दाढ़ी. अंग केर लिंग ।

व्यवहारिका–स्त्री० लोकयात्रा. सम्मार्जनी इङ्गुदिवृक्ष । कारखाई. झाडू. हिंगोट का दरखत ।

व्यवाय–न० तेज.(पु)मैथुन । तेज. जिना ।

व्याघ्र–पु० जन्तुविशेष (स्त्री) (घ्री) एरण्डवृक्ष. करञ्जवल्ली । बाघ. एरण्डी का पेड. कञ्ज की बेल ।

व्याघ्रदल–पु० रक्तएरण्डवृक्ष । सुरख एरण्ड का दरखत ।

व्याघ्रनख–न० नखनखी । बघनखी सुगन्धद्रव्य ।

व्याघ्रपात्(द्)–पु० विकङ्कतवृक्ष । कटाई दरखत ।

व्याघ्रपुच्छ–पु० रक्तैरण्ड । सुरख एरण्ड का पेड़ ।

व्याघ्राट–पु० भरद्वाजपक्षी । चण्डूल ।

व्याघ्रायुध–न० नखनखी सुगन्धद्रव्य विघनखी खुशबूदार चीज़ ।

व्याघ्रास्य–पु० विडाल । बिल्ली ।

व्याघ्री–स्त्री० क्षुद्रबृहती. बृहती । छोटी भटकटैया बड़ी भटकटैया ।

व्याधाम–पु० वज्र । हीरा ।

व्याधि–पु० कुष्ठरोग. पुरुष दुःखसंयोग-व्याधयः । बीमारी. कोढ़ ।

व्याधिघात–पु० आरग्वधवृक्ष । अमिलतास का पेड़ ।

व्यान–पु० कृत्स्नदेहचरोव्यानः । संपूर्ण देह में फिरने वाला वायु. रससंवहनोद्यतः । सदुष्टः ज्वरातीसार रक्तपित्तप्रभृतीन् व्याधीन् कुरुते ।

व्याप्य–न० कुष्ठौषधि । कुष्ठ. कूट ।

व्यामपीर–न० रोहिषतृण । सींधिया. हरद्वारीकुश ।

व्याल–पु० सर्प. श्वापद. दुष्टगज. चित्रक. व्याघ्र । सांप. शिकार. खराब हाथी. चीता. बाघ ।

व्यालमृग–पु० चित्रव्याघ्र । चित्ताबाघ ।

व्यालम्ब–पु० रक्तैरण्ड । सुरख एरण्डी का पेड़ ।

व्यूहन–न० ऊर्द्ध्वीकरणं ।

व्योकार–पु० लोहकार । लोहार ।

व्योष–न० त्रिकटु. त्रिकुटा. आमला । (सोंठ मिरच. सुंठी. पिपली)

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

श

शंवर—न० जल । पानी ।

शकट—पु० न० द्विसहस्रपलपरिमाण. तिनिशवृक्ष । दो हज़ार पलभर वज़न. पसही का वृक्ष. तिरच्छ का पेड़ ।

शकुटाल—पु० दात्यूहपक्षी । पपीहा ।

शकलिन्—पु० मीन । मच्छी ।

शकुनाहृत—पु० ठंढ. कालीधान ।

शकुल—पु० मत्स्य । मछली ।

शकुलाक्षक—पु० गाण्डारि । दुबिआ ।

शक्कर(रि)—पु० वृष. खण्ड । बैल. चीनी ।

शक्तु—पु० न० भर्जितयवादिचूर्ण । सत्तू ।

शक्तुक—न० विषविशेष । खास जहर ।

शक्तुफला—स्त्री० शमीवृक्ष । छीकुरि का पेड़ ।

शक्र—पु० कुटजवृक्ष. अर्जुनवृक्ष । कुरैआ का पेड़. अर्जुन का पेड़ ।

शक्रपुष्पी—स्त्री० लाङ्गली । करियारी ।

शक्रशाखी—स्त्री० कुटजवृक्ष । कोरैआ का पेड़ ।

शङ्करी—स्त्री० मञ्जिष्ठा. शमी । मंजीठ. छीकुरि ।

शङ्कव—पु० साकुचमत्स्यविशेष ।

शङ्कित—पु० रोचकनामगन्धद्रव्य ।

शङ्कु—पु० मत्स्यविशेष. मेढ्र । खास मच्छली. लिंग ।

शङ्कुकर्ण—पु० गर्द्दभ । गधा ।

शङ्कुतरु—पु० शालवृक्ष । साल का पेड़ ।

शङ्कुला—स्त्री० उत्पलपत्रिका. पूगकर्तनी । कमल का पत्ता. सरौता ।

शंङ्कोच (चि)—पु० मत्स्यविशेष । खास मच्छली ।

शङ्ख—पु० न० समुद्रजातजीवविशेष. रत्नविशेष (पु) ललाटास्थि । शंख. खास-जवाहर. माथेपर की हड्डी ।

शङ्खधरा—स्त्री० हिलमोचिका । हिंचाशाग. हुरहुर ।

शङ्खनखी—स्त्री० क्षुद्रशंखी । छोटीशंखी ।

शङ्खपुष्पी—स्त्री० शंखाहूली । कौड्याला-बूटी ।

शङ्खालुक—न० शंङ्खारु । सखारुकन्द ।

शङ्खाह्वा—स्त्री० शंखपुष्पी । कौड्याला ।

शङ्खिनी—स्त्री० चोरपुष्पी. श्वेतपुन्नागवृक्ष. श्वेतवृन्दा. श्वेतचुक्रा । खासबूटी. सुपेदकमल. सुपेदवांदा. सुपेदचूक ।

शट—त्रि० अम्लरसविशेष. (स्त्री) (टा) जटा. केशर (स्त्री) (टी) कर्चूरौषधि । तुरश जायकह. जड़. फूल की तिरी. कचूरदवाई ।

शठ—न० तगरपुष्पवृक्ष. कुङ्कुम. लोह.(पु) धूस्तरवृक्ष । तगर का पेड़. केशर. लोहा. धतूरह का पौधा ।

शठी—स्त्री० गन्धपालाशी । गन्धपसारणि. गन्धपलाशी ।

शण—न० भङ्गा (पु) सणवृक्ष । भांग. सन का पौधा ।

शणपुष्पिका—स्त्री० आढकी । अरहरि ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

शणपुष्पी–स्त्री० चहुली । यह बूटी सण के फूल के सदृश होती है ।
शण्डिल्य–पु० विल्ववृक्ष । वेल का पेड़ ।
शतकुन्द–पु०करवीरवृक्ष ।कनयरका पेड़ ।
शतकुम्भ–पु० श्वेतकरवीरवृक्ष (न) स्वर्ण (स्त्री) वृक्षविशेष. सुपेद कनयर का पेड़. सोना ।
शतखण्ड–न० स्वर्ण । सोना ।
शतघ्नी–स्त्री० वृश्चिक. कण्ठरोग । बिच्छू. गले की बीमारी ।
शतधा–स्त्री० दूर्वा । दूव ।
शतधामन्–पु० विष्णु । नारायण ।
शतपत्र–न० पद्म (पु) मयूर. सारसपक्षी (स्त्री) (त्रा) स्त्री (स्त्री) (त्री) सेवती पुष्प कमल. मोर. सारस. औरत. सेवतीगुलाब ।
शतपदी–स्त्री० कनकोल. शतावरी । कानखजूरा. छतावरी ।
शतपद्म–न० श्वेतकमल । सुपेद सौ दल का कमल ।
शतपर्वन्–पु० वंश. इक्षुविशेष (स्त्री) (र्वा) दूर्वा. वचा । बांस. पैंड़ा. दूब. वच ।
शतपर्वा–स्त्री० वंश (स्त्री) (र्वी) कालम्बीशाक । वांस. कलौंजी का साग ।
शतपर्विका–स्त्री० वच. नीलदूर्वा । वच. स्याहदूब ।
शतपुष्प–पु० गर्भ में परिपक्व होने वाला वार्षिकधान. (स्त्री) (ष्पा) शाकविशेष । सेढ़धान. सोये का साग ।
शतपोरक–पु०पौण्ड्रइक्षुक । मतिना ऊख ।
शतफली–स्त्री० वंश । बांस ।
शतवल्ली–स्त्री० नीलदूर्वा । नीलदूब ।
शतवीर्य्या–स्त्री० श्वेतदूर्वा. शतावरी । सुपेददूब. छतावरि ।
शतवेधि–स्त्री० अम्लवेत । अमिलवेत ।
शतवेधिनी–स्त्री० चुक्र । चूक ।
शतमूली–स्त्री० महाशतावरी । महाछतावरि ।
शतारुस्–न० कुष्ठविशेष । कोहड़ ।
शतावरी–स्त्री० शतवीर्य्या । शतावरि
शताह्वा–स्त्री० शतपुष्पा । सौंफ ।
शत्रि–पु० हस्ती । हाथी ।
शफ–न० गोखुर. वृक्षमूल । गायखुर. वेख ।
शफर–मत्स्यविशेष (स्त्री) (री) अमिलोणी । मछली. आंम्बिलोना ।
शमिर–पु० शमीवृक्ष । जंडी का पेड़. छीकुरि का पेड़ ।
शमी–स्त्री० शमीवृक्ष । जंडी का पेड़. छीकुरि का दरखत ।
शमीज, शमीधान्य } न० माषादिसस्य । उड़द वगैरह अनाज ।
शमीपत्रा–स्त्री० लज्जालुलता । लाजवन्ती का पौधा ।
शमीर–पु० शमी । छीकुरि का पेड़ ।
शम्पात–पु० आरग्वध वृक्ष । अमिलतास का पेड़ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

शम्बर—पु० मत्स्यविशेष. लोध्रवृक्ष. अर्जुन वृक्ष. । मछली. पठानी लोध. अर्जुन हर्रे का पेड़ ।

शम्बु(क)—पु० जलजन्तुविशेष । घोंघा ।

शम्बूक—पु० स्त्री० जलजन्तुविशेष. शङ्ख. क्षुद्रशङ्ख (स्त्री) (का) जलशुक्ति । घोंघा. संख. संखी. सीपी ।

शर—न० जल. रामशर । पानी. रमसर ।

शरट—पु० कुसुम्भशाक. कृकलाश । कुसुम का साग. गिरगट ।

शरणी—स्त्री० प्रसारणी लता । गन्ध प-सारणी ।

शरत(द्)(दा)—स्त्री० ऋतु विशेष । मौ-सम खिज़ां ।

शरपुंखा—स्त्री० बाणपुङ्खावृक्ष । सरफोंका का पौधा ।

शरारि—पु० पक्षिविशेष । "सारी" चि-ड़िया ।

शराव—पु० न० मृत्पात्रविशेष. परिमाण विशेष । सरवा. ऽ॥ साढ़े छः छ-टांक तौल ।

शरीर—न० देह । जिस्म ।

शरीरावरण—न० चर्म्म । जिस्म का चमड़ा ।

शर्कर—पु० वालुका. शिलाखण्ड. (स्त्री) (रा) खण्ड । बालू. चीनी, कंकर. खांड ।

शर्करोदक—न० शरबत ।

शर्द्ध(न)—पु० अपानोत्सर्ग । वायु त्याग ।

शर्म्मेरा—स्त्री० दारुहरिद्रा । दारुहल्दी ।

शर्व्वर—न० कन्दर्प (स्त्री) (री) हरिद्रा । वीर्य्य. हल्दी ।

शलाका—स्त्री० शल्य. शारिका पक्षिणी. शल्लकी. शर. शूली. अस्थि. काण्डक. अङ्कुर । सलाई. मयना. स्याही का कांटा. तीर. नक्काश की कलम. हड्डी. कांटा ।

शलाकायन्त्र—न० अठाइस प्रकार के श-लाका यन्त्र ।

शल्क—न० खण्ड. वल्कल. मत्स्यत्वक् । टुकड़ा. छिलका. मछली का कांटा ।

शल्कलिन्—पु० मत्स्य । मछली ।

शल्मलि—पु० शाल्मलि वृक्ष (स्त्री)(ली) । सिम्बल का पेड़ ।

शल्य—न० अस्थि (पु) मदनवृक्ष. शलाका. विल्ववृक्ष. मत्स्य विशेष. (पु० न०) अस्त्र विशेष. शजारुपशु । हड्डी. मय-नफल. वेल का पेड़. खास मछली. बरछी. स्याही मछली ।

शल्यक—पु० मदनफल वृक्ष. शजारुपशु । मयनफल का पेड़. स्याही ।

शल्यतन्त्र—न० शल्याहरणप्रधानं तन्त्रं शल्यतन्त्रम् ।

शल्यपर्णी—स्त्री० मेदौषधि । मेदाओषधि ।

शल्ल—न० त्वक् (पु) भेक । छाल. मेंड़क ।

शल्लक—न० त्वक्. शोणवृक्ष (स्त्री) (की) सलइवृक्ष. जीवविशेष । छाल. सोना-दरखत. सलइ का पेड़. स्याहीजीव ।

शव—न० जल. पानी ।

शवर—पु० जल । पानी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

शबल–पु० कर्बुरवर्ण. जल । चितकबरा. पानी ।

शरारिका–स्त्री० सीधु । शारी ।

शश(क)–पु० मृगविशेष.लोध्रवृक्ष । खर्गोश. पठानीलोध ।

शशघातक–पु०श्येनपक्षी । बाज.शशारि ।

शशधर–पु० चन्द्र.कर्पूर । चांद. काफूर ।

शशिप्रभ–न० नीलकमल. (स्त्री) (भा) कौमुदी । नीलोफर. चांदनी ।

शशिलेखा–स्त्री० चन्द्रकला. गुडूची. सोमराजी । गुरच. बाकुची ।

शष्कुल–पु० छिति. (स्त्री) (ली) कर्णछिद्र. मत्स्यविशेष. घृतपक्व रोटिका ।

शष्प–न० नीलदूर्वा । नीलदूब ।

श(स्य)ष्प–न० नूतनघास । नयाघास ।

शस्त्र, शस्त्रक – न० लोह । लोहा ।

शस्य–न० अन्न । अनाज ।

शस्यसम्बर–पु० शालवृक्ष । साखु का पेड़ ।

शाक–न० पत्रपुष्पादि. शिरीषवृक्ष. (स्त्री) (का) हरीतकी । सब्जी. शिरीस का दरखत. हरीड़ का पेड़ ।

शाकट–पु० श्लेष्मान्तक वृक्ष । बहुआर का पेड़. शेलु का पेड़ ।

शाकम्भरीय–न० अजमेराख्यदेशान्तर्गतसाम्भरनगरीयजलाशयोत्पन्नलवण । साम्भर निमक ।

शाकराट–पु० वास्तूक शाक । बथुई ।

शाकश्रेष्ठ-पु०जीवन्तीशाक । जिबाई साग ।

शाखोट–पु० पिशाचद्रुम । सिहोरे का पेड़ ।

शाण्डिल्य–पु० विल्ववृक्षविशेष । बेल का पेड़ ।

शातकुम्भ–न० स्वर्ण । सोना ।

शातला–स्त्री० चर्मकशा. पीतसेहुण्डमूल । चाबुक. पीला सेहुण्ड ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

देहस्य सम्यङ्‌ नाडी न बुध्यते ॥ २ ॥ तैलाभ्यक्ते[1] रतेरन्ते भोजनान्ते तथैव च। उद्वेगादिषु नाडी च न सम्यगवबुध्यते॥३॥

अर्थ–तत्काल स्नान करा हो, तत्काल भोजन करा हो, अथवा "सुप्तस्य" अर्थात् निद्रित, क्षुधित, तृषार्त्त, गरमीसैं घबडाया हुआ, तथा व्यायामद्वारा थकित देह जिसका ऐसे मनुष्यकी नाडी भलेप्रकार प्रतीत नहीं हो उसीप्रकार जिसने तेल लगाया हो; मैथुनान्तमें भोजनके मध्यमें उद्वेग आदि समयमें नाडीकी यथार्थगति निश्चय नहीं हो अतएव वैद्य इन समयोंमें नाडी परीक्षा न करे किंतु रोगीका चित्त जिससमय स्वस्थहोय तब नाडी देखे परंतु वातमूर्च्छादिक क्षणिक रोगोंमे यह उक्तनियम नहींहै ॥ २ ॥ ३ ॥

नाडीदेखने योग्य वैद्य ।

स्थिरचित्तः प्रसन्नात्मा मनसा च विशारदः ।
स्पृशेदङ्गुलिभिर्नाडीं जानीयाद्दक्षिणे करे ॥ ४ ॥

अर्थ–अब नाडी देखने योग्य वैद्य कहते है कि जो स्थिरचित्त और प्रसन्न आत्मा तथा मनकरके चतुर ऐसा वैद्य तीन उंगलीयोंसैं दहने हाथकी नाडीका स्पर्श करके उसकी गतीकी परीक्षा करे ॥ ४ ॥

मूढवैद्य ।

पीतमद्यश्चञ्चलात्मा मलमूत्रादिवेगयुक् ।
नाडीज्ञानेऽसमर्थः स्याल्लोभाक्रान्तश्च कामुकः ॥ ५ ॥

अर्थ–जिसने मद्य पीरक्खाहो, और चंचलचित्त, मल मूत्र बाधा लग रहीं हो, लोभी और कामीहो ऐसे वैद्यको नाडी न दिखावे, क्योंकि यह नाडीके जाननेमें असमर्थ है ॥ ५ ॥

नाडी देखने योग्य रोगी ।

त्यक्तमूत्रपुरीषस्य सुखासीनस्य रोगिणः ।
अन्तर्जानुकरस्यापि नाडी सम्यक् प्रबुद्ध्यते ॥ ६ ॥

अर्थ–अब नाडी देखनेके योग्य रोगी कहतेहै, कि जो मलमूत्रका परित्याग

---

१ तैलाभ्यंगे च सुप्ते च तथा च भोजनान्तरे । तथा न ज्ञायते नाडी यथा दुर्गतरा नदी इति पाठान्तरम् ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

करचुकाहो, और सुखपूर्वक घोंटुओंके भीतर हाथको करे सावधानीसें बैठाहो, ऐसे रोगीकी नाडीको वैद्य देखे, क्योंकि ऐसे मनुष्यकी नाडी भली रीतिसें जानी जाती है ॥ ६ ॥

नाडीदर्शनमें अयोग्य ।

धूर्त्तमार्गस्थविश्वासरहिताज्ञातगोत्रिणाम् ।
विनाभिशंसनं वैद्यो नाडीद्रष्टा च किल्बिषी ॥ ७ ॥

अर्थ—अब कहते हैं ऐसे मनुष्योंकी नाडी वैद्य न देखे, किं जो धूर्त है तथा मार्गमें चलते चलते दिखाने लगे, और जिनको विश्वास नहींहै तथा जिसकी जात पाँति वैद्य नहीं जाने, और विनकहे अर्थात् जबतक रोगी अथवा उस रोगीके बांधव न कहे तबतक वैद्य नाडी न देखे, यदि उक्तमनुष्योंकी वैद्य नाडी देखे तो पापभागी होताहै ॥ ७ ॥

परीक्षाप्रकार ।

सव्येन रोगधृतिकूर्परभागभाजा-
पीड्याथ दक्षिणकराङ्गुलिकात्रयेण ।
अङ्गुष्ठमूलमधिपाश्चिमभागमध्ये
नाडीं प्रभञ्जनगतिं सततं परीक्षेत् ॥ ८ ॥

अर्थ—अब नाडी परीक्षाका प्रकार लिखते हैकी रोगके धारण करने वाली जो पहुचेमें नाडीहै उसको दहने हाथकी तीन उंगली (तर्जनी, मध्यमा और अनामीका) सें दाबकर तथा रोगीके हाथकी कोहनीको दुसरे हाथसें अच्छी रीतिसें पकडकर उसके अंगूठेकी जडके नीचे वातगती नाडीकी वारंवार परीक्षा करे तात्पर्य यह है कि प्रथम दहने हाथसें कोहनीको पकडे फिर वाहसें हाथको हटाय नाडीको दावे, और वाऐ हाथसें रोगीके हाथको साधकर नाडीकी परीक्षा करे ।

इसजगे " दक्षिणकराङ्गुलिकात्रयेण " यह पद केवल उपलक्षण मात्रको धराहै किंतु नाडी वामहाथसें भी देखे यदि ऐसा न मानोंगे तो फिर अपनी नाडीका देखना किसप्रकारहोगा । और वाजे वैद्य दहने हाथकी नाडी वामहाथसें और वामहाथकी दहनेसें देखतेहै यह ठीकहै ।

कदाचित् कोई शंकाकरे कि एकही हाथकी नाडी देखनेसें रोग जानाजाताहै फिर दोनो हाथकी देखना व्यर्थहै इसलिये कहतेहै कि बहुतसें मनुष्योंके वाम-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अंगही चेष्टावाले होतेहै, अतएव ऐसे मनुष्योंके वामअंगकी जबतक नाडी नहीं देखीजाय तबतक यथार्थ ज्ञान नहीं होता। दूसरे दोषोंके भेदसैं नाडीके वाम दक्षिण में भेद होजाताहै अथवा यह परंपराहै इसीसैं लोकविरुद्धभयसैं देखते है ॥ ८ ॥

दूसरा प्रकार ।

ईषद्विनामितकरं विततांगुलीकं
बाहुप्रसाररहितं परिपीडनेन ।
ईषद्विनम्रकृतकूर्परवामभाग-
हस्ते प्रसारितसदङ्गुलिसन्धिके च ॥ ९ ॥
अङ्गुष्ठमूलपरिपश्चिमभागमध्ये
नाडीं प्रभञ्जनगतिं प्रथमं परीक्षेत् ॥ १० ॥

अर्थ—वैद्य रोगीके हाथको किंचिन्मात्र नवायकर और हाथकी उंगलीयोंको एकत्र कर तथा भुजाको बहुत लंबी न होनेदे और हाथ पट्टी आदिसैं बंधा न हो क्योंकी पट्टिआदिके बंधनसे नाडीकीगति रुकजातीहै फिर रोगीके कूर्पर (कोहनीके वामभाग) को पकड अंगुली और उनकी संधिसहित हाथको पसार रोगीके अंगूठेके पिछलेभागमें प्रथम वातकी परीक्षा करे, कारण यहहै कि आदिमें वातका स्थानहै अतएव प्रथम वातकी परीक्षा करनी चाहिये ॥ ९ ॥ १० ॥

प्रदर्शयेद्दोषनिजस्वरूपं
व्यस्तं समस्तं युगलीकृतं च
मूकस्य मुग्धस्य विमोहितस्य
दीपप्रभावा इव जीवनाडी ॥ ११ ॥

अर्थ—यह जीवनाडी गूंगेके मूढके और मोहितपुरुषके पृथक् पृथक् और मिले तथा द्वंद्वज दोषोंका जो निजस्वरूप है उसको दिखाती है, जैसैं दीपक अपने प्रकाशसैं घरमें स्थित पदार्थोंको दिखताहै ॥ ११ ॥

स्त्रीणां भिषग्वामहस्ते वामे पादे च यत्नतः । शास्त्रेण संप्रदायेन तथा स्वानुभवेन च ॥ परीक्षेद्रत्नवच्चासावभ्यासादेव जायते ॥ १२ ॥

अर्थ—वैद्य स्त्रियोंके वामहाथ और वामपैरमें शास्त्रकी संप्रदायसैं और अपने अनुभवद्वारा रत्नके समान नाडी परीक्षाकरे, यह परीक्षा केवल अभ्याससाध्यहै

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

तात्पर्य यह है कि जैसें जोंहरी रत्नपरीक्षामें अभ्यास करनेसें रत्नकी परीक्षा करताहै उसीप्रकार इस नाडीका देखनाभी रत्नपरीक्षाके समानहै, अतएव इसके देखनेमें वैद्य अभ्यासकरे ॥ १२ ॥

करस्याङ्गुष्ठमूले या धमनी जीवसाक्षिणी।
तच्चेष्टया सुखं दुःखं ज्ञेयं कायस्य पण्डितैः ॥ १३ ॥
प्रभञ्जनगतिर्यत्र इति नाड्यन्तरनिरासः सततम् इति सुस्थदशायामपि परीक्षणीया।

अर्थ–तहां नाडीदेखनेका स्थान कहतेहै, जैसैंकि हाथके अंगूठेकी जडमें जो जीवसाक्षिणी धमनी नाडीहै उसकी चेष्टा करके इसप्राणीके देहका सुख दुःख वैद्यजन जाने, ८ के श्लोकमें "प्रभञ्जनगतिर्यत्र" इस लिखनेसें यह सूचनाकरी कि अंगूठेके संनिकट नाडीको देखनी अन्य नाडियोंको न देखना तथा "सततं" इस पदके धरनेसें यह प्रयोजनहै कि वैद्य रोगावस्थाहीमें नाडी न देखे किंतु स्वस्थ दशामेंभी नाडीकी परीक्षाकरे. कारणकि जिसकी नाडी स्वस्थावस्थामें देखीहै यदि उसके रोग प्रगटहोनेवाला होवेतो उस रोगका निश्चय नाडीद्वारा बहुत सुगमतासें होसकताहै इसीसें लिखाहै यथा ॥ १३ ॥

भाविरोगाववोधाय सुस्थनाडीपरीक्षणम् ॥ १४ ॥

अर्थ–अर्थात् होनहार रोगज्ञानके अर्थ वैद्यको स्वस्थ (रोगरहित) मनुष्यकी नाडीपरीक्षा करनी चाहिये ॥ १४ ॥

स्पर्शनादिभिरभ्यासान्नाडीज्ञो जायते भिषक्। तस्मात्परामृशेन्नाडीं सुस्थानामपि देहिनाम् ॥ १५ ॥ स्पर्शनात्पीडनाद्घाताद्वेदनान्मर्दनादपि। तासु जीवस्य सञ्चारं प्रयत्नेन निरूपयेत् ॥ १६ ॥

अर्थ–ग्रन्थान्तरोंमें लिखाहै कि स्पर्शनादिके अभ्याससें अर्थात् प्रत्येककी नाडीं देखनेसें यह वैद्य नाडीका ज्ञाता होताहै अतएव यह वैद्य स्वस्थ मनुष्योंकीभी नाडी देखाकरे उस नाडीके स्पर्शसें, पीडन (दावने) सें, घातसें (ऊंगलियोंमें लगनेसें

१ यद्यस्ति नाडी सर्वत्र शरीरे धातुवाहिनी। तथाप्यङ्गुष्ठमूलस्था करस्था सुवंशोभना ॥१॥ विलसति मणिरन्ध्रे ग्रन्थिरङ्गुरष्ठमूले तदधरणमिताभि स्त्र्यङ्गुलीभिर्निपीड्य। स्फुरणमसकृदेषा नाडिकायाः परीक्षा पदमनुघुटिकाधोऽङ्गुष्ठमूले तथैव ॥ २ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वेदन (तडफ) सें और मर्दनकरना इन कारणोंसें वैद्य उन नाडियोंके जीवसंचार-को निरूपण करे ॥ १५ ॥ ॥ १६ ॥

गुरुतोऽत्र प्रयत्नेन वैद्येन शुभमिच्छता ।
ज्येष्ठेनाङ्गुष्ठमूलेन नाडीपुच्छं परीक्षयेत् ॥ १७ ॥

अर्थ–यशेच्छु वैद्य यत्नपूर्वक गुरुसें अर्थात् गुरुद्वारा अंगुठेकी जडमैं नाडीपुच्छकी परीक्षाकरे, तात्पर्यार्थ यहहै कि जो वैद्य अपने हितकी चाहना करे वो गुरुद्वारा नाडीपरीक्षा सीखे स्वयंही न देखनेलगे ज्येष्ठ कहनेसैं अंगूठेका बृहन्निम्नभाग जानना ॥ १७ ॥

नाडीं वायुप्रवाहेन शास्त्रं दृष्ट्वा च बुद्धिमान् ।
गुरूपदेशं संस्मृत्य परीक्षेत मुहुर्मुहुः ॥ १८ ॥

अर्थ–बुद्धिवान् वैद्य पवनके संचारकरके और शास्त्रके अनुसार तथा गुरूके उपदेश-को स्मरणकर बारबार नाडीकी परीक्षा करे ॥ १८ ॥

वारत्रयं परीक्षेत धृत्वा धृत्वा विमुच्य च ।
विमृश्य बहुधा बुद्ध्या रोगव्यक्तिं तु निर्दिशेत् ॥ १९ ॥

अर्थ–बारबार नाडीपर उँगलिरखे और हटायले अर्थात् नाडीको कुछ दबाय-के ढीली छोडदेवे इसप्रकार करनेसैं नाडीकी सबलता और निर्बलता चौडाव लंबा-व तथा शीघ्रता और मंदताका ज्ञान होताहै । इस प्रकार तीनवार परीक्षाकर संपूर्ण नाडीकी व्यवस्था अपने मनमें विचारकर फिर रोगव्यक्ति कहे अर्थात् इसरोगीके देहमें अमुक रोगहै ऐसै विना विचारे न कहे ॥ १९ ॥

अङ्गुलित्रितयैः स्पृष्ट्वा क्रमाद्दोषत्रयोद्भवैः ।
मन्दां मध्यगतां तीक्ष्णां त्रिभिर्दोषैस्तु लक्षयेत् ॥ २० ॥

अर्थ–नाडीको तीनउँगलियोंके स्पर्शसैं तीनोदोषोंकरकै मन्द, मध्य, और तीक्ष्ण गति जाननी, अर्थात् प्रथम उँगलीमें मध्यस्पर्शहोनेसैं वातकी, और बीचकी उँगलीमें तीक्ष्णस्पर्श होनेसैं पित्तकी, और अंतकी उँगली (अनामिका) में मंदस्पर्श होनेसैं कफकी नाडी जाननी ॥ २० ॥

रोगरहितमनुष्यकीनाडी ।

भूलता भुजगप्राया स्वच्छा स्वास्थ्यमयी शिरा ।
सुखितस्य स्थिरा ज्ञेया तथा बलवती मता ॥ २१ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ-स्वस्थ अवस्थाकी नाडी केंचुआ और सर्पके समान टेढीगतिसैं और पुष्ट तथा जडता रहित होतीहै यह नैरोग्य पुरुषकी नाडीके लक्षणहै तथा सुखी पुरुषकी नाडी स्थिर और बलवान् होतीहैं ॥ २१ ॥

नाडीके देवता ।

वातनाडी भवेत् ब्रह्मा पित्तनाडी च शंकरः ।
श्लेष्मनाडी भवेद्विष्णुस्त्रिदेवा नाडीदेवताः ॥ २२ ॥

अर्थ--वातनाडीका ब्रह्मा, पित्तनाडीका शंकर, और कफनाडीका पति विष्णुहै।२२।

नाडीन्के वर्ण ।

वातनाडी भवेन्नीला पित्तनाडी तु पाण्डुरा ।
श्वेता तु कफनाडी स्यादेवं वर्णानि संवदेत् ॥ २३ ॥

अर्थ-वातकी नाडीका वर्ण नीलहै, पित्तकी नाडीका पीला, कफनाडीका श्वेत, इसप्रकार नाडीके वर्ण कहने चाहिये ॥ २३ ॥

नाडीन्का स्पर्श ।

पित्तनाडी भवेदुष्णा कफनाडी तु शीतला ।
वातनाडी भवेन्मध्या एवं स्पर्शविनिर्णयः ॥ २४ ॥

अर्थ-पित्तकी नाडी स्पर्शकरनेसैं गरम प्रतीत होतीहै, कफकी नाडी शीतल, और वातकी नाडीका स्पर्श मध्यम होताहै इसप्रकार नाडीका स्पर्श जानना ॥ २४ ॥

कालपरत्व नाडीकी गति ।

प्रातः स्निग्धमयी नाडी मध्याह्ने चोष्णतान्विता ।
सायाह्ने धावमाना च रात्रौ[1] वेगविवर्जिता ॥ २५ ॥

अर्थ-स्वभावसैंही नाडी प्रातःकाल स्निग्ध, मध्यान्हमें उष्ण, और सायंकालमें वेगवती, तथा रात्रिमें वेगवर्जित होतीहै ॥ २५ ॥

अथ वातादिस्वभावक्रम ।

आदौ च वहते वातो मध्ये पित्तं तथैव च ।
अन्ते च वहते श्लेष्मा नाडिकात्रयलक्षणम् ॥ २६ ॥

अर्थ-अब वातादिकका स्वभाव क्रम कहतेहै, जिससमय वैद्य कोहनीको पकडताहैं। उसके द्वितीयक्षणमें प्रथम वातकी नाडी फिर मध्यमें पित्तकी और अंतमें कफकी नाडी

१ चिराद्रोगविवर्जितेति पाठान्तरम् ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

चलतीहै । यह द्वितीयादिक्षणोंमें जाननी कोई कहताहै कि आदिमें वातकी बीचमें पित्तकी और अंतमें कफकी नाडी चलती है यह बात सर्वथा निर्मूलहै क्योंकि स्थानका नियम किसी जगे नहीं करा, विशेष आगे कहते हैं यथा ॥ २६ ॥

उक्तश्लोकका विरोधीवचन ।

आदौच वहते पित्तं मध्ये श्लेष्मा तथैव च ।
अन्ते प्रभञ्जनो ज्ञेयः सर्वशास्त्रविशारदैः ॥ २७ ॥

अर्थ—आदिमें पित्तकी मध्यमें कफकी और अंत्यमे वातकी नाडी सर्वशास्त्रज्ञाता वैद्योंकरके जाननी ॥ २७ ॥

नाडीचक्रमिदम्

वात	पित्त	कफ	नाडीके नाम
श्याम हरित	पीत लाल नील	सपेद	नाडीके वर्ण
ब्रह्मा	शिव	विष्णु	नाडीके देवता
न गरम न शीतल किंतु मध्यम	गरम	शीतल	नाडीका स्पर्श
विषम	दीर्घ	ह्रस्व	नाडीमाप
गंधहीन	तीव्रगंध	मध्यमगंध	नाडीका गंध
तिर्यग्गमन	ऊर्ध्वगमन	अधोगमन	नाडीका गमन
हलकी	हलकी	भारी	नाडीका गुरुता और लघुता
रात्रिदिवाबली	दिवाबली	रात्रिबली	नाडीके बलवा न होनेका समय

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C). Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

उक्तश्लोकका पुष्टिकर्त्ता दृष्टान्त।

तृणं पुरःसरं कृत्वा यथा वातो वहेद्बली। शेषस्थं च तृणं गृह्य पृथिव्यां वक्रगो यथा ॥ २८ ॥ एवं मध्यगतो वायुः कृत्वा पित्तं पुरस्सरम्। स्वानुगं कफमादाय नाड्यां वहति सर्वदा ॥ २९ ॥

अर्थ-इस वाक्यको दृष्टान्त देकर पुष्ट करतेहैं कि जैसै प्रबलवात अर्थात् आंधी. तिनकाओंको अगाडी करके और कुछ पिछाडीके तिनकाओंको लेकर आप बीचमें टेढी होकर चलती है। इसीप्रकार मध्यगत वायु पित्तको अगाडीकर और अपने पिछाडी कफको करके बीचमें आप टेढी होकर चलती है ॥ २८ ॥ २९ ॥

अतएव च पित्तस्य ज्ञायते कुटिला गतिः। वक्रा प्रभञ्जनस्यापि प्रोक्ता मन्दा कफस्य च ॥ ३० ॥ पित्ताग्रेऽस्ति गतिः शीघ्रा तृणस्येति विदृश्यताम्। मन्दानुगस्य वक्रा वै मारुतो मध्यगस्य ह ॥ ३१ ॥ तथात्रैव च ज्ञातव्या गतिर्दोषत्रिकोद्भवा। नान्यथा ज्ञायते स्नायुगतिरेतद्विनिश्चितम् ॥ ३२ ॥

अर्थ-इसीसैं नाडीमें पित्तकी गति कुटिलहै, और वातकी गति टेढी एवं कफकी मन्दगति प्रतीत होतीहै। पित्तकी शीघ्रगति सो आंधीमें तृणके देखनेसैं प्रत्यक्ष होती है। और जैसैं आंधीमें पिछाडीके तृणकी मंदगति होतीहै उसीप्रकार नाडीमें पिछाडी कफकी मंदगति है। और जैसैं आंधीके बीचमें पवनकी गति टेढी तिरछी होती है। उसीप्रकार इसनाडीके बीचमें वातकी गति टेढी तिरछी प्रतीत होती है इस प्रकार ही नाडीकी गति प्रतीत होती है। अन्यप्रकारसैं नहीं ॥ ३० ॥

परंतु हमको शंकाहैकि नाडीका और आंधीका क्या संबंधहै, क्योंकि आंधीमें आगे पीछे और बीचमें पवनही कहाती है, परंतु नाडीमे तो न्यारे न्यारे दोषहै, जैसें वात पित्त, तथा कफ, और पवनका एकहीकर्महै परतु इन तीन्यो दोषोंके कर्म पृथक् पृथक् है इस कारण यह दृष्टान्तही असंभवहै हमारे मनको हरण कर्ता नहींहै ॥ ३१॥३२ ॥

ग्रंथकर्त्ताका मत

इदानीं कथयिष्यामि स्वमतं शास्त्रसंमतम्। मिथ्यारोपित-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वादस्य खण्डनं लोकरञ्जनम् ॥ ३३ ॥ वातमग्रे वदन्त्येके पित्तमग्रे च केचन । हास्यास्पदमिदं सर्वं नतु सत्यं मनागपि ॥ ३४ ॥

अर्थ–अब हम शास्त्रसंमत तथा मनुष्योंकी रंजना (प्रसन्नता) को और मिथ्यारोपित वादका खंडनरूप अपने मतको कहतेहै । जैसें कोईतो वातकी, और कोई पित्तकी नाडीको आगे बतलाताहै यह केवल उनके हास्यका स्थानहै किंतु किंचिन्मात्रभी सत्य नहींहै इसप्रकार माननेसें बडाभारी अनर्थ होताहै जैसें आगे लिखतेहै ॥ ३४ ॥

सति पित्तभवे व्याधौ बुद्ध्यतिक्रमतो यदि । वातकोपवशादेवमादौ ज्ञात्वा धरागतिम् ॥ ३५ ॥ प्रदद्भेषजं ह्युष्णं तद्दोषविनिवृत्तये । तदा नूनं भवेन्मृत्युः पित्तकोपेन भूयसा ॥ ३६ ॥

अर्थ–कदाचित् किसीरोगीके पित्तकी व्याधिहोवे और वैद्यबुद्धिभ्रमसें वातकोपकी नाडी अग्रभागमें समझकर उस रोगीको दोष दूर करनेको उस उष्ण (शुंठ्यादि) औषध देय तो कहो एकतो पित्तदोषकी गरमी और दूसरे गरम ही दीनी औषध अब कहो वह रोगी पित्तकी गरमीके मारे मरेगा कि बचेगा? किंतु अवश्यही मरेगा ॥

सति वातभवे व्याधौ बुद्ध्यतिक्रमतो यदि । नाडीगतिं पित्तवशादादौ ज्ञात्वा ततो भिषक् ॥ ३७ ॥ प्रदद्भेषजं शीतं तद्दोषविनिवृत्तये । तदा नूनं भवेन्मृत्युर्वातकोपेन भूयसा ॥ ३८ ॥

अर्थ–इसीप्रकार रोगीके देहमें वातजन्य रोगहोय और वैद्यबुद्धिके भ्रमसें पित्तकी नाडी जानकर यदि उसरोगीको पित्तनाशक शीतल उपचार करे तो कहो अत्यंत शरद औषधसें रोगी सरदीके मारे मरेगा या बचेगा? किंतु अवश्यही मरेगा ॥ ३७–३८ ॥

अत्याश्चर्यमिदं लोके वर्त्तते दृश्यतां यथा । वदन्त्येके दिनं रात्रिं केऽपि रात्रिं दिनं तथा ॥ ३९ ॥ एवं स्वेच्छाभिलाप-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

न स्वल्पलोभेन मानवाः । रोगिणां सुप्रियान् प्राणान्हरन्ति ज्ञानवर्जिताः ॥ ४० ॥

अर्थ-इस संसारमें अत्यंत आश्चर्यहै देखो कोई दिनको रात्रि और कोई रात्रिको दिन कहताहै । इसप्रकार अपनी अपनी इच्छानुसार बकतेहै और ए मूर्ख वैद्य थोडेसें लोभके कारण रोगियोंके परमप्रिय प्राणोंको हरण करते है । कहो इनसें बढकर कौन पामरहै जो विना विचारे अनर्थ करते है भाई यह वैद्यविद्या खेल नहीं है ॥ ४० ॥

अत एवं मया चित्ते सर्वमानीय तत्त्वतः । कथ्यते नास्ति नास्तीह नाडीस्थानविचारणा ॥ ४१ ॥ किन्तु नाडीगतिः श्रेष्ठा शास्त्रकारैः प्रकीर्तिता । न च तत्रहि सन्देहो लेश मात्रोऽपि विद्यते ॥ ४२ ॥ तत्प्रकारोप्ययं ज्ञेयः सावधानतया किल । यथा सर्पजलौकादिगतिर्वातस्य गद्यते ॥ ४३ ॥ न तत्र कुरुते कोऽपि पित्तश्लेष्मभवं भ्रमम् । कुलिङ्गकाकमण्डूकगतिः पित्तस्य कीर्त्यते ॥ ४४ ॥ न तत्र कोऽपि कुरुते वातश्लेष्मभवं भ्रमम् । कपोतानां मयूराणां हंसकुक्कुटयोरपि ॥ ४५ ॥ या गतिः सा च विज्ञेया कफस्यैव गतिर्नृभिः । न तत्र कोऽपि कुरुते वातपित्तभवं भ्रमम् ॥ ४६ ॥

अर्थ-इन ऊपरकहेहुए सर्वकारणोंको अपने चित्तमें भलेप्रकार विचारकर हम कहते है कि नाडीके जो आदि मध्य और अंत्य ये स्थान किसीने कहे हैं सो नहीं हैं नहीं हैं । तो क्याहै? इसलिये कहते हैं कि नाडीकी जो गति है वो सत्यहै क्योंकि इसमें सर्वग्रंथकर्त्ताओंकी संमतिहै और इसमें लेशमात्रभी संदेह नहीं है, उसप्रकारको तुम सावधानताकरके सुनो, जैसें सर्प और जोंककी गति वातकी है इसमें कोई भ्रम नहीं करे कि यह पित्तकी नाडीहै या कफकी उसीप्रकार कुलिंग काक और मंडूककी गति पित्तकी है इसमें वात तथा कफकी नाडीका कोई भ्रम नहीं करता, इसीप्रकार कपोत, मोर, हंस, और कुक्कुट इनकी जो गतिहै वह कफकी है इसमें कोई यह नहीं कहे कि ये गति कफकी नहीं है वातपित्तकी है, इसीसें हमारातो यही सिद्धांतहै कि नाडीके स्थान असत्य और गति सत्यहै ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ४६ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वातादिकोंकी क्रमसैं गति ।

वाताद्वक्रगता नाडी चपला पित्तवाहिनी ।
स्थिरा श्लेष्मवती ज्ञेया मिश्रिते मिश्रिता भवेत् ॥ ४७ ॥

अर्थ-वात तिरछी वहती है, अतएव वातकी नाडी टेढी चलतीहै, अग्नि चंचल हो ऊपरको जाती है अतएव पित्तकी नाडी ऊपरकी तरफ वहती है और चपलहै, जल नीचेको जाताहै, इसीसै प्रवल नहींहै अतएव कफकी नाडीभी स्थिरहै और जो मिश्रित नाडी है उनकी गतिभी मिली हुई होती है । इस्सै यह दिखाया कि द्विदोषजमें दोदोषके चिन्ह होतेहै, त्रिदोषमें तीनो दोषोंके चिन्ह होते है, कदाचित् कोई प्रश्नकरेकि एकही नाडी चपल और स्थिर कैसैं होसकती है ? इस्सैं कहतेहै कि समय भेद होनेसैं दोनो गति होसक्तीहै ॥ ४७ ॥

वातादीकी विशेषगति ।

सर्पजलौकादिगतिं वदन्ति विबुधाः प्रभञ्जने नाडीम् ।
पित्ते च काकलावकभेकादिगतिं विदुः सुधियः ॥ ४८ ॥
राजहंसमयूराणां पारावतकपोतयोः ।
कुक्कुटादिगतिं धत्ते धमनी कफसंवृता ॥ ४९ ॥

अर्थ-सर्प और जोखकी गति पंडितजन वातकी नाडीकी गति कहते, हैं अर्थात् जैसैं सर्प और जोख टेढे तिरछे होकर चलते है उसीप्रकार वादीकी नाडी चलती है । आदि शब्दसे विछूकी गतिका ग्रहणहै । उसी प्रकार पित्तमें काक कौआ लावक (लवा) और भेद (मैंडका) की गतिके सदृश नाडी चलतीहै अर्थात् जैसैं कौआ, लवा, और मेंडका भुदकते उछलते चलतेहै उसी प्रकार पित्तकी नाडी चलतीहै । आदिशब्दसैं कुलिंग और चिडा आदिकी गतिका ग्रहणहै । एवं राजहंस (वतक) मोर, खबुतर, कपोत (पिंडुकिया) और मुरगा इन पक्षियोंकीसी अर्थात् ए पक्षी जैसैं मंदमंद गति चलतेहै इसप्रकार कफकी नाडी चलती है । आदिशब्दसैं हाथी और उत्तम स्त्रीकी चालका ग्रहण है अर्थात् जैस हाथी और उत्तम स्त्री झूमती हुई मंद मंद चलती है उसी प्रकार कफकी नाडी चलतीहैं ॥ ४८ ॥ ४९ ॥

द्वंद्वजनाडीकी चाल ।

मुहुः सर्पगतिं नाडीं मुहुर्भेकगतिं तथा । वातपित्तद्वयोद्भूतां प्रवदन्ति विचक्षणाः ॥ ५० ॥ भुजगादिगतिश्चैव राज-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

हंसगतिं धराम् । वातश्लेष्मसमुद्भूतां भाषन्ते तद्विदो जनाः ॥ ५१ ॥ मण्डूकादिगतिं नाडीं मयूरादिगतिं तथा । पित्तश्लेष्मसमुद्भूतां प्रवदन्ति महाधियः ॥ ५२ ॥

अर्थ–बारबार सर्पगति (टेढी) और बारबार मेंडकाकी गति (उछलती) नाडी चले उसको चतुरवैद्य वातपित्तकी नाडी कहतेहैं । तथा कभी सर्पगति और कभी राजहंसकी गतिसैं नाडी चले उसको पंडितजन वातकफकी नाडी कहतेहै । एवं कभी मेडक और कभी मोरकी चाल चले उस नाडीको पित्तकफकी बुद्धिवान् वैद्य कहतेहैं ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

प्रकारान्तर ।

वातेऽधिके भवेन्नाडी प्रव्यक्ता तर्जनीतले । पित्ते व्यक्ता मध्यमायां तृतीयाङ्गुलिगा कफे ॥ ५३ ॥ तर्जनीमध्यमामध्ये वातपित्ताधिके स्फुटा । अनामिकायां तर्जन्यां व्यक्ता वातकफे भवेत् ॥ ५४ ॥ मध्यमानामिकामध्ये स्फुटा पित्तकफेऽधिके । अङ्गुलित्रितयेऽपि स्यात्प्रव्यक्ता सान्निपाततः ॥ ५५ ॥

अर्थ–वाताधिक्य नाडी तर्जनीके नीचे चलतीहै । पित्तकी नाडी मध्यमा ऊंगलीके नीचे । और कफकी नाडी तीसरी ऊंगली अर्थात् अनामिकाके नीचे चलती है । वातपित्तकी नाडी तर्जनी और मध्यमाके नीचे चलती है । वातकफकी नाडी अनामिका और तर्जनीके नीचे चलती है । मध्यमा और अनामिकाके नीचे पित्तकफाधिक नाडी चलतीहै । और तीनो ऊंगलियोंके नीचे सन्निपातकी नाडी गमन करती है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ ५५ ॥

वक्रमुत्प्लुत्य चलती धमनी वातपित्ततः । वहेद्वक्रश्च मन्दश्च वातश्लेष्माधिके त्वचः ॥ ५६ ॥ उत्प्लुत्य मन्दं चलति नाडी पित्तकफेऽधिके ।

अर्थ–वातपित्ताधिक्यसैं नाडी टेढी और उछलती हुई चलतीहै । वातकफसैं टेढी और मन्दगमनकरतीहै पित्तकफाधिक्यमें नाडी उछलीहुई मंद गमन करती है ॥ ५६ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

त्रिदोषकीनाडी ।

**उरगादिलावकादि हंसादीनाञ्च बिभ्रती गमनम् ॥ ५७ ॥
वातादीनाञ्च समं धमनी सम्बन्धमाधत्ते ।**

अर्थ–वातादि त्रिदोषके समान होनेसैं नाडी सर्प, लवा, और हंस आदि पक्षियोंके समान गमन करतीहै । समके कहनेसैं न्यूनाधिक्यका त्यागहै यदि नाडी तीनो दोषोंकी क्रमसैं चले तो असाध्य नहीं है ॥ ५७ ॥

लावतित्तिरवार्तीकगमनं सन्निपाततः ॥ ५८ ॥ कदाचिन्मन्दगमना कदाचिच्छीघ्रगा भवेत् । त्रिदोषप्रभवे रोगे विज्ञेया हि भिषग्वरैः ॥ ५९ ॥

अर्थ–लवा तीतर और वटेरकी चाल नाडी संनिपातके कोपसैं करतीहै कभी मंदगमन करे, और कभी शीघ्रगमनकरे, ऐसी नाडी त्रिदोषजन्य रोगमें वैद्योंको जाननी चाहिये इस त्रिदोषमें पित्तके क्रमसैं साध्यासाध्य और कृच्छ्रसाध्य जानना अर्थात् अधिकपित्तसैं साध्य, मध्यसैं कष्टसाध्य, और पित्त सर्वथा नाडीमें न होयतो वह रोगी असाध्यहै ॥ ५८ ॥ ५९ ॥

सामान्यतापूर्वकसुखसाध्यत्व ।

**यदा यं धातुमाप्नोति तदा नाडी तथागतिः ।
तथा हि सुखसाध्यत्वं नाडी ज्ञानेन बुध्यते ॥ ६० ॥**

अर्थ–नाडी जिससमय जिसधातुमें प्राप्तहोय उससमय यदि उसका प्रकृति अनुसार चलना होय तो पीडा सुखसाध्य ऐसे नाडीज्ञानकरके जानी जातीहै इसका निष्कृष्टार्थ यहहै कि अपराह्णादि कालमें वातोल्बणा नाडी प्रथम वातकी गति करके चले, फिर क्रमसैं पित्त और कफकी चालचले, किंतु पित्तोल्बणा वातगतिसैं न चले तो सुखसाध्य जाननी यदि इससै विपरीतहोय तो विपरीत अर्थात् असाध्य जाननी जैसै किसीने कहाहै “ नाडी यथा कालगतिस्त्रयाणां प्रकोपशान्त्यादिभिरेव भूयः” ॥ ६० ॥

असाध्यत्व ।

**मन्दं मन्दं शिथिलशिथिलं व्याकुलं व्याकुलं वा
स्थित्वा स्थित्वा वहति धमनी याति नाशं च सूक्ष्मा ।**

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

नित्यं स्थानात्स्खलति पुनरप्यङ्गुलिं संस्पृशेद्वा।
भावैरेवं बहुविधविधैः सन्निपातादसाध्या ॥ ६१ ॥

अर्थ–जो नाडी कभी प्रखरतारहित मंदमंद गमन करे, कभी स्खलित भावसैं कभी व्याकुल व्याकुलवत् (जैसें त्रासित मनुष्य चलताहै) कभी ठहर ठहरके चले और जो संपूर्ण रूपसैं लुप्तहोजाय अथवा बहुत सूक्ष्म वहे अर्थात् यह प्रतीत नहोय कि यह नाडी चलेहै या नहीं चले और जो नित्यस्थान अर्थात् अंगुष्ठमूलको परित्यागकरदे, इसीप्रकार कुछकालमें फिर अपने स्थानमें प्रगटहोय ऊंगलियोंको आघातकरे, ऐसे अनेक प्रकारके भावोंकरके नाडीको मृत्युकी कारण जाननी ॥ ६१ ॥

महादाहेऽपि शीतत्वं शीतत्वे तापिता शिरा।
नानाविधगतिर्यस्य तस्य मृत्युर्न संशयः ॥ ६२ ॥

अर्थ–जिस प्राणीके देहमें अत्यंत ताप होय परंतु नाडी शीतल होय, एवं देह अत्यंत शीतल होय और नाडी उष्ण प्रतीतहो, तथा जिसनाडीकी अनेकप्रकारकी गति होय उसरोगीकी निश्चय मृत्यु होय, इस श्लोकमें महाशब्द पित्तकृत दाहके निवारणार्थ है ॥ ६२ ॥

त्रिदोषे स्पन्दते नाडी मृत्युकालेऽपि निश्चला ॥ ६३ ॥

अर्थ–संनिपातावस्थामें मृत्युकालमें भी नाडी सामान्य भावसैं चलती है क्योंकी अतीसारादि रोगोंमें हाथपैरमें स्वेदादिक करनेसैं नाडीका तडफना प्रतीत होता है ॥ ६३ ॥

पूर्वं पित्तगतिं प्रभञ्जनगतिं श्लेष्माणमाबिभ्रतीम्।
स्वस्थानभ्रमणं मुहुर्विदधतीं चक्राधिरूढामिव।
तीव्रत्वं दधतीं कलापिगतिकां सूक्ष्मत्वमातन्वतीम्।
नो साध्यां धमनीं वदन्ति सुधियो नाडीगतिज्ञानिनः ॥६४॥

अर्थ–प्रथम पित्तगतिसैं चले (अर्थात् प्रथम वातगति चलना चाहिये सो त्याग दे यह विपरीत क्रम दिखाया) फिर वातगति और फिर कफकी गतिसैं चले तथा अपने स्थानको छोड वारंवार अनेक प्रकारसैं चक्र (चाक) पर बैठ चाकफेरीके सदृश भ्रमणकरे, कभी तीव्रवेगसैं चले और कभी मोरकी गतिके समान

१ भीमत्वंदधतीं कदाचिदपि वा इति पाठांतरम्।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

उत्तरोत्तर मंद पडजावे ऐसी नाडीको नाडीके ज्ञाता साध्य नहींकहते, किंतु असाध्य कहतेहै ॥ ६४ ॥

यात्युच्चा च स्थिरात्यन्ता या चेयं मांसवाहिनी ।
या च सूक्ष्मा च वक्रा च तामसाध्यां विदुर्बुधाः ॥ ६५ ॥

अर्थ–जो नाडी अत्यंत ऊंची, अत्यंत स्थिर. और जो मांसवाहिनी कहिये मांसाहारकरनेसें जैसी चले ऐसी चलने लगे और जो अत्यंत सूक्ष्म, और टेढीहो उसको वैद्यजन असाध्य कहतेहै ॥ ६५ ॥

असाध्यनाडीका परिहार ।

भारप्रवाहमूर्च्छा भयशोकप्रमुखकारणान्नाडी ।
संमूर्च्छितापि गाढं पुनरपि सा जीवनं धत्ते ॥ ६६ ॥

अर्थ–अत्यंत वोझाके उठानेसें, अथवा विषवेग धाराके वहनेसे, रुधिरदेखनेके कारण जो मूर्छित हो गयाहो राक्षसादि दर्शनकरके भयभीततासें धनपुत्रादि नष्ट होनेके शोकसें जो नाडी अत्यंत स्पन्दरहितभी होगईहो वो फिरभी साध्यताको प्राप्त होतीहै कोई भावप्रवाह ऐसा पाठमानताहै सो असत्है ॥ ६६ ॥

पतितः सन्धितो भेदी नष्टशुक्रश्च यो नरः ।
शाम्यते विस्मयस्तस्य न किञ्चिन्मृत्युकारणम् ॥ ६७ ॥

अर्थ–जो उच्चस्थानादिसें गिराहो, हड्डी आदिके जोडनेसें, अतीसार रोग वाला, जिसकै यक्ष्मा आदि रोगके कारण अथवा रमणकरनेके कारण शुक्रक्षीण होगयाहो, ऐसे मनुष्योंकी यदि नाडी अत्यंत क्षीणभी होगईहो तथापि मृत्युका कारण नहीहै, अर्थात् असाध्यके विस्मयको दूरकरेहै ॥ ६७ ॥

तथा भूताभिषङ्गेऽपि त्रिदोषवदुपस्थिता । समाङ्गा वहते नाडी तथा च न क्रमंगता । अपमृत्युर्न रोगाङ्गा नाडी तत्सन्निपातवत् ६८

अर्थ–एवं भूताभिषंग अर्थात् भूतप्रेतबाधामें यदि नाडी सन्निपातके सदृश चले तथा वह नाडी वात पित्त कफ स्वभावक्रमवालीहो किंतु वे क्रम न होय तौ उस सन्निपातके सदृश नाडीसेंभी मृत्युका भय नहींहै ॥ ६८ ॥

स्वस्थानहीने शोके च हिमाक्रान्ते च निर्गदाः ।
भवन्ति निश्चला नाड्यो न किञ्चित्तत्र दूषणम् ॥ ६९ ॥

अर्थ–उच्चस्थानसें गिरनेसें शोक और हिम (बर्फ कोहल आदिकी शरदी)

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

सैं यदि नाडी निश्चल होय फिरभी प्रगट होय इस्से मृत्यु शंकाका भय नहीं है इस श्लोकमें "निर्गदा" जो पदहै सो असंगतहै। क्योंकि निर्गदा नाडीभी निश्चला होतीहै ॥ ६९ ॥

स्तोकं वातकफं जुष्टं पित्तं वहति दारुणम्।
पित्तस्थानं विजानीयाद्भेषजं तस्य कारयेत् ॥ ७० ॥

अर्थ-किंचिन्मात्र वातकफयुक्त और पित्त जिसमें प्रबल होय तो उस रोगीका यत्न करना चाहिये, वो असाध्य नही है ॥ ७० ॥

स्वस्थानच्यवनं यावद्धमन्या नोपजायते।
तावच्चिकित्सा सत्वेऽपि नासाध्यत्वमिति स्थितिः ॥ ७१ ॥

अर्थ-जबतक नाडी स्वस्थान कहिये अंगुष्ठमूलसैं च्युत न होय, तावत्कालतक चिकित्सा करे यह असाध्य नहीं है ॥ ७१ ॥

प्रसङ्गवशकालनिर्णय कहतेहै

भूलता भुजगाकारा नाडी देहस्य संक्रमात्।
विशीर्णा क्षीणतां याति मासान्ते मरणं भवेत् ॥७२॥

अर्थ-कभी नाडी केंचुएके सदृश कृश और टेढी चले, कभी सर्पके समान पुष्ट बलयुक्त और तिरछी चले, तथा कभी अलक्ष और अतिकृशतापूर्वक गमनकरे एवं कभी देह सूजन आदिसैं स्थूल होजावे और कभी कृशहो जाय तो वह रोगी दूसरे महिनेमें मरे ॥ ७२ ॥

क्षणाद्गच्छति वेगेन शान्ततां लभते क्षणात्।
सप्ताहान्मरणं तस्य यद्यङ्गं शोथवर्जितः ॥ ७३ ॥

अर्थ-कभी नाडी जल्दी चले कभी चलनेसैं रहि जावे और देहमें शोथ होय नहीं, तो उस प्राणीकी सातदिनमें मृत्यु होय ॥ ७३ ॥

निरीक्षा दक्षिणे पादे तदा चैषा विशेषतः।
मुखे नाडी वहेन्नित्यं ततस्तु दिनतुर्यकम् ॥ ७४ ॥

अर्थ-पुरुषके दहने पैरमें और स्त्रीके वामपैरमें यदि नाडी विशेष संचारकरे तथा आदिमें नित्य नाडी चले तो वहरोगी चारदिन जीवे। आदिशब्दसैं इस जगे तर्जनी ऊंगली जाननी ॥ ७४ ॥

१ तत्स्थाचिह्नस्य सत्वेपीति पाठान्तरम्।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

हिमवद्विशदा नाडी ज्वरदाहेन तापिनाम् ।
त्रिदोषस्पर्शभजतां तदा मृत्युर्दिनत्रयात् ॥ ७५ ॥

अर्थ–सन्निपात ज्वर दाहसैं संतप्त रोगीकी नाडी यदि शीतल और निर्मल होय तो वह रोगी तीन दिनमें मरे ॥ ७५ ॥

गतिन्तु भ्रमरस्येव वहेदेकदिनेन तु ।

अर्थ–जिस प्राणीकी नाडी भ्रमरके सदृश गमन करे अर्थात् जैसें भौंरा कुछ दूर उडकर चला जाताहै और फिर उसीजगे आय जाताहै इसप्रकार नाडी चलनेसें उसकी एकदिनमें मृत्यु होय ॥

कन्देन स्पन्दते नित्यं पुनर्लगति नाङ्गलौ ॥ ७६ ॥
मरणे डमरूकारा भवेदेकदिने न तु ।

अर्थ–मरणमें नाडी डमरूके आकार होतीहै, वो १ दिनमें मरे ॥ ७६ ॥

दृश्यते चरणे नाडी करे नैवाधि दृश्यते ।
मुखं विकसितं यस्य तं दूरात्परिवर्जयेत् ॥ ७७ ॥

अर्थ–जिसके चरणमें नाडी प्रतीत होय और हाथमें न मालुमहो, तथा जिसका मुख खुलगयाहो उसै वैद्य त्यागदेय ॥ ७७ ॥

वातपित्तकफाश्चापि त्रयो यस्यां समाश्रिताः ।
कृच्छ्रसाध्यामसाध्यां वा प्राहुर्वैद्यविशारदाः ॥ ७८ ॥

अर्थ–जिसकी नाडीमें वातपित्त और कफ ए तीनोंदोष होय उसरोगीको बुद्धिवान् वैद्य कृच्छ्रसाध्य अथवा असाध्य कहतेहै ॥ ७८ ॥

शीघ्रा नाडी मलोपेता शीलता वाथ दृश्यते ।
द्वितीयदिवसे मृत्युर्नाडीविज्ञातृभाषितम् ॥ ७९ ॥

अर्थ–जिस रोगीकी नाडी बहुधा मलदूषित होकर शीघ्र चले, किंवा शीतल प्रतीतहो उस रोगीकी दूसरे दिन मृत्युहोय, इसप्रकार नाडीज्ञान पारंगत वैद्योंने कहाहै ॥ ७९ ॥

मुखे नाडी वहेत्तीव्रा कदाचिच्छीतला वहेत् ।
आयाति पिच्छलस्वेदः सप्तरात्रं न जीवति ॥ ८० ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ–वातनाडी तीव्रगति, तथा कभी मंदवहे तथा अंगमेंसें गाढा पसीनां निकले तो वह रोगी सातरात्रि नही वचे ॥ ८० ॥

देहे शैत्यं मुखे श्वासो नाडी तीव्रा विदाहिनी।
मासार्धं जीवितं तस्य नाडीविज्ञातृभाषितम् ॥ ८१ ॥

अर्थ–शरीरमें शीतलता, मुखसें अत्यंत श्वास छोडे, तथा नाडी तीव्रदाहयुक्त चले, उसका अर्धमास आयुष्यहै, ऐसें नाडीज्ञाताओंने कहाहै ॥ ८१ ॥

मुखे नाडी यदा नास्ति मध्ये शैत्यं बहिः क्लमः।
यदा मन्दा वहेन्नाडी त्रिरात्रं नैव जीवति ॥ ८२ ॥

अर्थ–जिस कालमें वातनाडी चले नहीं अंतर्गत शीतहो तथा बाहर ग्लानीहोकर मंदमंद नाडी चले तो वह रोगी तीनरात्रि नहीं जीवे ॥ ८२ ॥

अतिसूक्ष्मातिवेगा च शीतला च भवेद्यदि।
तदा वैद्यो विजानीयात्स रोगी त्वायुषः क्षयी ॥ ८३ ॥

अर्थ–जिसकालमें नाडी अति सूक्ष्म किंवा अतिवेगवान् और शीतल वहे तो रोगी क्षीण आयुहै ऐसें वैद्य जाने ॥ ८३ ॥

विद्युद्द्रोगिणां नाडी दृश्यते न च दृश्यते।
अकालविद्युत्पातेव स गच्छेद्यमसादनम् ॥ ८४ ॥

अर्थ–जिस रोगीकी नाडी कभी कभी बिजलीके समान फडकजावे और फिर अस्त होजावे, वो रोगी अकस्मात् जैसें बिजली गिरती है, इसप्रकार रोगी यमराजके घर जाय ॥ ८४ ॥

तिर्यगुष्णा च या नाडी सर्पगा वेगवत्तरा।
कफपूरितकण्ठस्य जीवितं तस्य दुर्लभम् ॥ ८५ ॥

अर्थ–नाडी उष्ण वक्रगति तथा सर्पके समान बहुत वेगवानहो, तथा कंठ कफसें घिरजावे ऐसा रोगीका जीवन दुर्लभ जानना ॥ ८५ ॥

चला चलितवेगा च नासिका धारसंयुता।
शीतला दृश्यते या च याममध्येच मृत्युदा ॥ ८६ ॥

अर्थ–जिसकी नाडी कांपनेवाली तथा चंचल नासिकाके श्वासोल्लासके आधारसें चलनेवाली और शीतल ऐसी प्रतीतहो वो रोगी एकप्रहरमें मरे ऐसा जानना ॥ ८६ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

शीघ्रा नाडी मलोपेता मध्याह्नेऽग्निसमो ज्वरः ।
दिनैकं जीवितं तस्य द्वितीयेऽह्नि म्रियेत सः ॥ ८७ ॥

अर्थ–जिस रोगीकी त्रिदोषयुक्त नाडी बहुतजल्दी चले, तथा जिसको मध्याह्नमें अग्निके समान ज्वर आवे, उस रोगीकी आयु एकदिनकी है दूसरे दिन मृत्यु होय ८७॥

स्कन्देन स्पन्दते नित्यं पुनर्लगति नाङ्गुलौ ।
मध्ये द्वादशयामानां मृत्युर्भवति निश्चितम् ॥ ८८ ॥

अर्थ–जो नाडी अपने मूलस्थानमें फडके नहीं और ऊंगलीयोंका स्पर्श न करे उसकी बारह प्रहरमें मृत्युहोय. ऐसा जानना ॥ ८८ ॥

स्थित्वा नाडी मुखे यस्य विद्युद्द्योतिरिवेक्षते ।
दिनैकं जीवितं तस्य द्वितीये म्रियते ध्रुवम् ॥ ८९ ॥

अर्थ–जिस रोगीकी नाडी मूलस्थानके अग्रभागमें ठहरकर विजलीके सदृश तडफजावे वह एकदिन जीवे, दूसरे दिन निश्चय मरे ॥ ८९ ॥

स्वस्थानविच्युता नाडी यदा वहति वा न वा । 40
ज्वाला च हृदये तीव्रा तदा ज्वालावधि स्थितिः ॥ ९० ॥

अर्थ–जिस रोगीकी नाडी अपने स्थानसें विच्युतहो (छूट) कर कभी चले कभी नहीं और हृदयमें तीव्र दाहहोय तो जबतक हृदयमें ज्वालाहै तावत्काल रोगीका जीवन है ॥ ९० ॥

अङ्गुष्ठमूलतो बाह्ये द्व्यङ्गुले यदि नाडिका ।
प्रहरार्द्धाद्बहिर्मृत्युं जानीयाच्च विचक्षणः ॥ ९१ ॥

अर्थ–अंगुष्ठमूल अर्थात् तर्जनी ऊंगली धरनेके स्थलमें यदि नाडीकी गति प्रतीत नहीं, केवल मध्यमा और अनामिका इन दो अंगुलीसें प्रतीतहोय तो उस रोगीकी अर्ध प्रहरके उपरांत मृत्यु होय ॥ ९१ ॥

सार्द्धद्व्याङ्गुलाद्बाह्ये यदि तिष्ठति नाडिका ।
प्रहरैकाद्बहिर्मृत्युं जानीयाच्च विचक्षणः ॥ ९२ ॥

अर्थ–नाडी मूलस्थानसें २॥ अंगुल अंतर अर्थात् यदि केवल अनामिकाके शेषार्द्ध मात्रमें फडके उसकी प्रहरउपरांत अर्थात् दूसरे प्रहरमें मृत्युहोय ॥ ९२ ॥

पादाङ्गुलगता नाडी चञ्चला यदि गच्छति ।
त्रिभिस्तु दिवसैस्तस्य मृत्युरेव न संशयः ॥ ९३ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ–यदि नाडी तर्जनीको सर्वांश और मध्यमा ऊंगलीके चतुर्थांशमें व्याप्तहो प्रतीत होवे और मध्यमाके अवशिष्ट पादत्रय और अनामिकाके सर्वांशमें न प्रतीत होय तो उस रोगीकी तीनदिनमें मृत्यु होय ॥ ९३ ॥

पादाङ्गुलगता नाडी कोष्णा वेगवती भवेत् ।
पञ्चभिर्दिवसैस्तस्य मृत्युर्भवति नान्यथा ॥ ९४ ॥

अर्थ–नाडी पूर्ववत् तर्जनी और मध्यमाके चतुर्थांशमें व्यापकहो जल्दी जल्दी चले और किंचिन्मात्र गरम प्रतीत होय तो उसरोगीकी चारदिनमें निश्चय मृत्युहोय ॥ ९४ ॥

पादाङ्गुलगता नाडी मन्दमन्दा यदा भवेत् ।
पञ्चभिर्दिवसैस्तस्य मृत्युर्भवति नान्यथा ॥ ९५ ॥

अर्थ–नाडी पूर्ववत् समग्र तर्जनी और मध्यमाके चतुर्थांशमें व्याप्तहो मन्दमन्द चले तो उसरोगीकी पांचवे दिन मृत्युहोय ॥ ९५ ॥

नाडीद्वारा आयुका ज्ञान ।

वामनाडी दीर्घरेखा बाहुमूले च स्पन्दते ।
जीवेत्पञ्चशतं वर्षं नात्र कार्या विचारणा ॥ ९६ ॥

अर्थ–जिस रोगी वामनाडी दीर्घरेखाके आकारसें भुजाकी जडमें तडफे वो १०९ वर्षजीवे इसमें संदेह नहीं ॥ ९६ ॥

दीर्घाकारा वामनाडी कर्णमूले च स्पन्दते ।
जीवेत्पञ्चशतं सार्द्धं धनिको धार्मिको भवेत् ॥ ९७ ॥

अर्थ–जिसकी वामनाडी आकारमें लंबी होकर कानकी जडमें प्रतीत होय वह सार्धपंचशतवर्ष जीवे और धनिक तथा धार्मिक होय ॥ ९७ ॥

वामनाडी स्वल्परेखा हनुमूले च स्पन्दते ।
पञ्चवर्षाधिकश्चैव जीवनं नात्रसंशयः ॥ ९८ ॥

अर्थ–जिसकी वामनाडी स्वल्परेखामें हो ठोडीकी जडमें तडफे वो पांचवर्ष अधिक जीवे इसमें संदेह नहीं ॥ ९८ ॥

नाडीद्वारा भोजनका ज्ञान ।

पुष्टिस्तैलगुडाहारे मांसे च लगुडाकृतिः । क्षीरे च स्तिमिता वेगा मधुरे भेकवद्गतिः ॥ ९९ ॥ रम्भागुडवटाहारे रूक्षशु-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

ष्कादिभोजने । वातपित्तार्त्तिरूपेण नाडी वहति निष्क्रमम् ॥ १०० ॥

अर्थ–तैल और गुडके खानेसें नाडी पुष्ट प्रतीत होतीहै, मांसके खानेसें नाडी लकडीके आकार चलती है, दूधपीनेसें मंदगतिसें चलती है । मधुर आहारसें नाडी मंडककेसमान चलतीहै केला, गुड, वडा रूक्षवस्तु, और शुष्कद्रव्यादि भोजनसें जैसी वातपित्तरोगमें नाडी चलती है उसप्रमाण चलेहै ॥ ९९ ॥ १०० ॥

अथ रसज्ञानम् ।

मधुरे बर्हिगमना तिक्ते स्याद्धूलतागतिः[1] । अम्ले कोष्णा त्प्लवगतिः कटुके भृङ्गसन्निभा ॥ १०१ ॥ कषाये कठिना म्लाना[2] लवणे सरला द्रुता । एवं द्वित्रिचतुर्योगे नानाधर्मवती धरा ॥ १०२ ॥

अर्थ–मिष्ट पदार्थ भक्षणसें नाडी मोरकीसी चाल चलती है कडुई द्रव्य भक्षणसें स्थूलगति, खट्टे पदार्थ खानेसें कुछ उष्ण और मैंडकाकीगति होती है, चरपरी द्रव्य खानेसें भौंराके आकार गति होतीहै, कसेली द्रव्य खानेसें नाडी कठोर और म्लान होतीहै, निमकीन पदार्थ खानेसें सरल (सीधी) और जल्दी चलनेवाली होती है, इसीप्रकार भिन्न भिन्न रसके एकही समय सेवन करनेसें नाडी अनेकप्रकारकी गतिवाली होतीहै ॥ १०१ ॥ १०२ ॥

अम्लैश्च मधुराम्लैश्च नाडी शीता विशेषतः । चिपिटैर्भ्रष्टद्रव्यैश्च स्थिरा मन्दतरा भवेत् ॥ १०३ ॥ कूष्माण्डमूलकैश्चैव मन्दमन्दा च नाडिका । शाकैश्च कदलैश्चैव रक्तपूर्णेव नाडीका ॥ १०४ ॥

अर्थ–खट्टे पदार्थ अथवा मधुराम्ल (मिष्ठ और खट्टामिला) भोजनसें नाडी शीतल होती है चिरवा औ भुनीहुई (चना, वोहरी) द्रव्य भक्षणसें नाडी स्थिर और मंदगति चलतीहै पेठा मूली अथवा कंदपदार्थके भक्षणसें नाडी मंद मंद चलतीहै शाक (पत्रपुष्पादिकका) और केलेकी फली भक्षण करनेसें नाडी रक्तपूर्णके सदृश चलेहै ॥ १०३ ॥ १०४ ॥

---

१ तिक्ते स्यात्स्थूलता गतेः । २ कषाये कठिनाम्लावा इति वा पाठः ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मांसात्स्थिरवहा नाडी दुग्धे शीता बलीयसी । गुडैः क्षीरैश्च पिष्टैश्च स्थिरा मन्दवहा भवेत् ॥ १०५ ॥ द्रवेऽतिकठिना नाडी कोमला कठिनापि च । द्रवद्रव्यस्य काठिन्ये कोमला कठिनापि च ॥ १०६ ॥

अर्थ-मांस भक्षणसें नाडी मंदगामिनि होती है, दूधके पीनेसें नाडी शीतल और बलवती होती है, तथा गुड, दूध, और पिष्टपदार्थ (चूनके, पिट्टी आदिके पदार्थ) भक्षणसें नाडी चंचलतारहित मंदगामिनी होतींहे, द्रवपदार्थ (कढी, पने, श्रीखंडआदि) भोजनसें नाडी कठिन होतीहै और कठोर (लड्डुके सुहार आदिसें नाडी कोमल होती है यदि द्रवपदार्थ कुछ कठोर होयतो नाडी कोमल और कठोर उभय स्वभाववती होती है ॥ १०५ ॥ १०६ ॥

उपवासाद्भवेत्क्षीणा तथा च द्रुतवाहिनी ।
संभोगान्नाडिका क्षीणा ज्ञेया द्रुतगतिस्तथा ॥ १०७ ॥

अर्थ-उपवास (निराहार) सें नाडी क्षीण और शीघ्रवाहिनी होती है एवं स्त्री संभोगसें नाडी क्षीण और शीघ्र चलनेवाली होतीहै ॥ १०७ ॥

कुपथ्यवसनाडीकीचाल ।

उष्णत्वं विषमावेगा ज्वरिणां दधि भोजनात् ॥ १०८ ॥

अर्थ-यदि ज्वरवान् पुरुष दहि खाय तो उसकी नाडी गरम और विषमवेगवती होतीहै ॥ १०८ ॥

इति श्रीमाथुरकृष्णलालाङ्गजदत्तरामेणसङ्कलिते नाडीदर्पणे द्वितीयावलोकः

अब इसके उपरान्त कितनेक रोगोंकी नाडीकी जैसी अवस्था होतीहै, उसको लिखतेहै, तहां रोगनिरूपणमें प्रधानता करके प्रथम ज्वरनिरूपण करते है ।

ज्वरके पूर्वरूपमें ।

अङ्गग्रहेण नाडीनां जायन्ते मन्थराः प्लवाः ।
प्लवः प्रबलतां याति ज्वरदाहाभिभूतये ॥ १ ॥
सान्निपातिकरूपेण भवन्ति सर्ववेदनाः ।

अर्थ-ज्वर आनेवाली अवस्थाके कितनेक क्षण पहिले अंगमें पीडा होने लगे, नाडी मंथर (मंद) भावसें मेंडकाकी चाल चलने लगे तथा दाह ज्वरकी पूर्वव-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

स्थाके वा धारामें वहनेवाले मेंडकाके समान तथा सांनिपातिक ज्वरकी पूर्व अवस्थाके प्रमाण नाना आकृतिसें गमन करे ॥ १ ॥

ज्वरके रूपमें ।

ज्वरकोपेन धमनी सोष्णा वेगवती भवेत् ॥ २ ॥

अर्थ–जिस कालमें इसप्राणीको ज्वर चढआताहै उस समय नाडी गरम और वेगवती होती है ॥ २ ॥

ऊष्मा पित्तादृते नास्ति ज्वरो नास्त्यूष्मणा विना ।
उष्णा वेगधरा नाडी ज्वरकोपे प्रजायते ॥ ३ ॥

अर्थ–विना पित्तके गरमी नहीं और विना गरमीके ज्वर नहीं होता अतएव ज्वरके वेगमें नाडी गरम और वेगवान् होती है ॥ ३ ॥

ज्वरे च वक्रा धावन्ती तथा च मारुतप्लुवे ।
रमणान्ते निशि प्रातस्तथा दीपशिखा यथा ॥ ४ ॥

अर्थ–ज्वरके कोपमें और वादीमें नाडी टेढी और दोडती चलती है तथा मैथुनकरनेके पिछाडी रात्रिमें और प्रातःकालमें नाडी दीपशिखाके समान मंद गमन करती है ॥ ४ ॥

वातज्वरे ।

सौम्या सूक्ष्मा स्थिरा मन्दा नाडी सहजवातजा ।
स्थूला च कठिना शीघ्रा स्पन्दते तीव्रमारुते ॥ ५ ॥
वक्रा च चपला शीतस्पर्शा वातज्वरे भवेत् ।

अर्थ–स्वाभाविक वायुके द्वारा नाडी कोमल, सूक्ष्म, स्थिर, और मंद वेगवाली होती है । तीव्रवायुद्वारा नाडी स्थूल, कठिन, तथा जल्दी चलनेवाली होती है । और वातज्वरमें टेढी, चपल, तथा शीतल स्पर्शवान् नाडी होती है ॥ ५ ॥

द्रुता च सरला दीर्घा शीघ्रा पित्तज्वरे भवेत् ।
शीघ्रमाहननं नाड्याः काठिन्याच्चलते तथा ॥ ६ ॥

अर्थ–पित्तज्वरमें नाडी शीघ्र चलनेवाली, सरल, दीर्घ, और कठिनताके साथ शीघ्र फडकनेवाली होती है ॥ ६ ॥

नाडी तन्तुसमा[१] मन्दा शीतला श्लेष्मदोषजा ।

१ मंदाच सुस्थिरा शीता पिच्छला श्लेष्मिनोभवेत् इति पाठांतरम् ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मलाजीर्णे नातितरां स्पन्दनं च प्रकीर्त्तितम् ॥ ७ ॥

अर्थ–कफके प्रकोपमें नाडी तंतुवत् सूक्ष्म, मंदवेगवाली, और शीतल होती है । और मलाजीर्णमें अत्यंत नहीं फडकती ॥ ७ ॥

द्वंद्वजनाडी

चञ्चला[1] तरला स्थूला कठिना वातपित्तजा । ईषच्च दृश्यते तूष्णा मन्दा स्याच्छ्लेष्मवातजा ॥ ८ ॥ निरन्तरं खरं रूक्षं मन्दश्लेष्मातिवातलम् । रूक्षवाते भवेत्तस्य नाडी स्यात्पित्तसन्निभा ॥ ९ ॥ सूक्ष्मा शीता स्थिरा नाडी पित्तश्लेष्मसमुद्भवा ॥ १० ॥

अर्थ–वातपित्तकी नाडी चंचल, तरल, स्थूल, और कठोर होती है । वातकफकी नाडी कुछ गरम और मंदगामिनी होती है । जिस नाडीमें किंचिन्मात्र कफ और अधिक वात होती है । वह अत्यंत खर और रूक्ष होती है । जिसके नाडीमें वायुका अत्यंत कोप होय उसकी पित्तके सदृश अर्थात् अत्यंत वक्र और अत्यंत स्थूल होय, पित्तकफज्वरमें नाडी सूक्ष्म शीतल, और मन्दवेगवाली होती है ॥ १० ॥

रुधिरकोपजानडी ।

मध्ये करे वहेन्नाडी यदि सन्तापिता ध्रुवम् ।
तदा नूनं मनुष्यस्य रुधिरापूरितामलाः ॥ ११ ॥

अर्थ–मध्य करमें अर्थात् मध्यमांगुली निवेशस्थलमें नाडी संतापित होकर तडफे तो जानेकि वातादि दोषत्रय रक्तप्रकोपकरके परिपूर्ण है । अर्थात् रुधिरसैं दूषितहै ॥ ११ ॥

आगन्तुकरूपभेदमाह ।

भूतज्वरे सेक इवातिवेगात् धावन्ति नाड्यो हि यथाब्धिगामाः ।

अर्थ–भूतज्वरमें नाडी अत्यंत वेगसैं चलती है जैसैं समुद्रमें जानेवाली नदियोंका प्रवाह वेगसैं चलता है ॥ १२ ॥

तथा ।

एकाहिकेन क्वचन प्रदूरे क्षणान्तगामा विषमज्वरेण ॥

१ वक्रा च ईषच्चपला कठिना वातपित्तजा इति पाठान्तरम् ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

द्वितीयके वाथ तृतीयतुर्य्यें गच्छन्ति तप्ता भ्रमिवत् क्रमेण १३

अर्थ–एकाहिकज्वरमें नाडी सरलमार्गको त्यागकर क्षणक्षणमें पार्श्वगामिनी होती है तथा द्वितीय, तृतीय (तिजारी) और चातुर्थनामक विषमज्वरमें उष्ण होकर इतस्ततो धावमाना होती है ॥ १३ ॥ ४५

अन्यत्रापि ।

उष्णवेगधरा नाडी ज्वरकोपे प्रजायते । उद्वेगक्रोधकामेषु भयचिन्ताश्रमेषु च । भवेत् क्षीणगतिर्नाडी ज्ञातव्या वैद्यसत्तमैः १४

अर्थ–गरम और वेगवान् नाडी ज्वरके कोपमें होती है उद्वेग, क्रोध, कामबाधा भय, चिन्ता, और श्रम इनमें नाडी क्षीणगतिवाली होती है अर्थात् मंद मंद गमन करती है ॥ १४ ॥

प्रसङ्गादाह ।

व्यायामे भ्रमणे चैव चिन्तायां श्रमशोकतः ।
नाना प्रभावगमना शिरा गच्छति विज्वरे ॥ १५ ॥

अर्थ–व्यायाम (दंडकसरत) करनेसें, डोलनेसें, चिंता, श्रम, और शोकसें, एवं ज्वररहित मनुष्यकी नाडी अनेकप्रभावसें गमन करतीहै ॥ १५ ॥

अजीर्णरूपमाह ।

अजीर्णे तु भवेन्नाडी कठिना परितो जडा ।
प्रसन्ना च द्रुता शुद्धा त्वरिता च प्रवर्तते ॥ १६ ॥

अर्थ–आमाजीर्ण और पक्काजीर्ण दोनोंमें नाडी कठोर और दोनोपार्श्वोंमें जड होती है इसीप्रकार कभी निर्मल निर्दोष तथा शीघ्रवेगवाली होती है ॥ १६ ॥

तत्र विशेषमाह ।

पक्काजीर्णे पुष्टिहीना मन्दं मन्दं वहेज्जडा ।
असृक्पूर्णा भवेत् कोष्णा गुर्वी सामा गरीयसी ॥ १७ ॥

अर्थ–पक्काजीर्णमें नाडी पुष्टतारहित मंद मंद चलती है । तथा भारी होती है एवं रुधिरकरके परिपूर्णनाडी गरम, भारी होतीहै और आमवातकी नाडी भारी होती है ॥ १७ ॥

लघ्वी भवति दीप्ताग्नेस्तथा वेगवती मता ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मन्दाग्नेः क्षीणधातोश्च नाडी मन्दतरा भवेत् ।
मन्देऽग्नौ क्षीणतां याति नाडी हंसाकृतिस्तथा ॥ १८ ॥

अर्थ–दीप्ताग्निवाले मनुष्यकी नाडी हलकी और वेगवती होती है, मंदाग्निवालेकी और क्षीणधातुकपुरुषकी नाडी मंदतर होती है, इसीप्रकार जिस मनुष्यकी जठराग्नि सर्वथा मंदहोईहो उसकी नाडी हंसके समान अतिशय मंदहोती है ॥१८॥

आमाश्रमे पुष्टिविवर्धनेन भवन्ति नाड्यो भुजगाग्रमानाः ।
आहारमान्द्यादुपवासतो वा तथैव नाड्योऽग्रभुजाभिवृत्ताः॥१९॥

अर्थ–आम, और परिश्रम न करनेसैं तथा देहमें अत्यंत पुष्टता होनेसैं नाडी सर्पके अग्रभागके सदृश होती है इसीप्रकार थोडा भोजन करनेसैं या उपवास करनेसैं नाडी भुजाके अग्रभागमें सर्पके अग्रभाग समान होती है ॥ १९ ॥

ग्रहणीरोगे ।

पादे च हंसगमना करे मण्डूकसंप्लुवा ।
तस्याग्नेर्मन्दता देहे त्वथवा ग्रहणीगदे ॥ २० ॥

अर्थ–जिसकी पैरकी नाडी हंसके समान और हाथकी नाडी मैंडकाके समान चले उसके देहमें मंदाग्निहै अथवा संग्रहणी रोगहै ऐसा जानना ॥ २० ॥

भेदेन शान्ता ग्रहणीगदेन निर्वीर्यरूपा त्वतिसारभेदे ।
विलम्बिकायां प्लवगा कदाचिदामातिसारे पृथुता जडा च२१

अर्थ–संग्रहणीका दस्तहोनेके उपरांत नाडी शांतवेगा होती है अतिसाररोगका दस्तहोनेके उपरांत नाडी सर्वथा बलहीन होजातीहै विलंबिकारोगमें नाडी मैंडकाके तुल्य चलती है इसीप्रकार आमातिसारमें नाडी स्थूल और जडवत होती है ।

विषूचिकाज्ञानम् ।

निरोधे मूत्रशकृतोर्विड्ग्रहे त्वितराश्रिताः ।
विषूचिकाभिभूते च भवन्ति भेकवत्क्रमाः ॥ २२ ॥

अर्थ–केवल मल वा केवल मूत्र अथवा मलमूत्र दोनो एसाथ बंद होजावे वा इच्छापूर्वक इनके वेगको रोकनेसैं एवं विषूचिका रोगमें नाडीकी गति मैंडकाकी चालके समान होती है ॥ २२ ॥

अनाहमूत्रकृच्छ्रे ।

अनाहे मूत्रकृच्छ्रे च भवेन्नाडीगरिष्ठता ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ–अनाह अफरा और मूत्रकृच्छ्र रोगमें नाडी गुरुतर अर्थात् भारी होती है ॥

शूलरोगे ।

वातेन शूलेन मरुत्प्लुवेन सदैव वक्रा हि शिरा वहन्ती ।
ज्वालामयी पित्तविचेष्टितेन साध्या न शूलेन च पुष्टिरूपा ॥ २३ ॥

अर्थ–वायुशूलमें और वायुके प्रखरता निबंधनमें नाडी सदैव अत्यंत टेढी चलती है पित्तके शूलमें यह अतिशय गरम होती है। और आमशूलमें पुष्टियुक्त होती है ॥ २३ ॥

प्रमेहज्ञान ।

प्रमेहे ग्रन्थिरूपा सा सुतप्ता त्वामदूषणे ।

अर्थ–प्रमेह रोगमें नाडी ग्रंथि अर्थात् गांठके आकार प्रतीत होयहै और आमवात रोगमें नाडी सर्वकालमें उष्ण होती है ॥

विषविष्टम्भगुल्मज्ञानम् ।

उत्पित्सुरूपा विषरिष्टकायां विष्टम्भगुल्मेन च वक्ररूपा ।
अत्यर्थवातेन अधः स्फुरन्ती उत्तानभेदिन्यसमाप्तकाले ॥ २४ ॥

अर्थ–विषभक्षण वा सर्पादि दंशजन्य अरिष्टलक्षण प्रकाशित होनेसें तत्कालमें नाडी देखनेसें बोधहोयहैं । कि इसके यह रोगकी नवीन उत्पन्न होताहै । और विष्टंभ तथा गुल्म रोगमे विषके तुल्य और विशेषता यह होतीहै कि उसनाडीकी गति वक्ररूप होतीहै। इन दोनों पीडामें अत्यंत वायुका प्रकोप होनेसें नाडी अधस्फुरित होय एवं इनकी असंपूर्णावस्थामें अर्थात् पूर्वरूपावस्थामें नाडी अत्यंत ऊर्ध्व गतिहोय ॥ २४ ॥

गुल्मे विशेषमाह ।

गुल्मेन कम्पाथ पराक्रमेण पारावतस्येव गतिं करोति ॥ २५ ॥

अर्थ–गुल्मरोगमें नाडी कंपितहो बलपूर्वक खबुतरकी तुल्य गमन करती है ।

अथ भगन्दरज्ञानम् ।

व्रणार्थे कठिने देहे प्रयाति पैत्तिकं क्रमम् । भगन्दरानुरूपेण
नाडी व्रणनिवेदने ॥ २६ ॥ प्रयाति वातिकं रूपं नाडीपावकरूपिणी

अर्थ–व्रणरोगकी अपक्वअवस्थामें नाडीकी गति पैत्तिक नाडीके तुल्य होतीहै ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

भगंदर तथा नाडीव्रण रोगमें नाडीकी गति वातनाडीके तुल्य और अत्यंत उष्ण होतीहै ॥ २७ ॥

वान्तादिज्ञानम् ।

वान्तस्य शल्याभिहतस्य जन्तोर्वेगावरोधाकुलितस्य भूयः । गतिं विधत्ते धमनी गजेन्द्रमरालमानेव कफोल्बणेन ॥ स्त्रीरोगादिकमपि रक्तादिज्ञानक्रमेण ज्ञातव्यम् ॥ २८ ॥

अर्थ–वमित (जिसने रद्द करीहो) शल्याभिहत (जिसके किसी प्रकारका बाण आदि शल्य लगाहो) और वेगरोधी (जिसने मल मूत्रको धारण कर रक्खाहो) ऐसे प्राणियोंकी नाडी तथा कफोल्बणा नाडी हाथी और हंसादिककी गतिके समान चलतीहै । इसीप्रकार रक्तादि ज्ञानकरके अनुक्त जो स्त्रीके रोग प्रदरादिक उनकोभी वैद्य अपनी बुद्धि मानीसें जानलेवे यह नाडीपरीक्षा शंकरसेनके मतानुसार लिखिहै ॥ २८ ॥

नाडीस्पन्दनसंख्या ।

षष्ट्यास्पन्दास्तु मात्राभिः षट्पञ्चाशद्भवन्ति हि । शिशोः सद्यः प्रसूतस्य पञ्चाशत्तदनन्तरम् ॥ २९ ॥ चत्वारिंशत्ततः स्पन्दाःषट्त्रिंशद्यौवने ततः । प्रौढस्यैकोनत्रिंशत्स्युर्वार्धकेऽष्टौ च विंशतिः ॥ ३० ॥

अर्थ–अब नाडीके फडकनेकी संख्या कहतेहै, जैसें कि ६० दीर्घ अक्षर उच्चारण करनेमें जितना काल लगताहै उतने समयमें अर्थात् १ पलमें तत्काल हुए बालकी नाडीकी स्पंदनसंख्या ५६ वार होतीहै । इसके उपरान्त अवस्था बढनेके अनुसार ५० तथा ४० वार होती है । यौवन अवस्था अर्थात् जवानीमें ३६ वार होती है । और प्रौढ अवस्थामे २९ वार, और बुढापेमें २८ वार, एकपलमें नाडी फडकती है ॥ २९ ॥ ३० ॥

पुंसोऽतिस्थविरस्य स्युरेकत्रिंशदतः परम् । योषितां पुरुषाणांच स्पन्दास्तुल्याः प्रकीर्त्तिताः ॥ ३१ ॥ प्रौढानां रमणीनांतु द्व्यधिकाः सम्मता बुधैः ॥ ३२ ॥

अर्थ–अति वृद्धहोनेसें नाडीकी संख्या फिर बढनें लगती है अर्थात् एकपलमें ३१ वार तडफती है यह अवस्थाभेदकरके संपूर्ण स्पन्दन संख्या लिखि गईहै ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

यह संख्या स्त्री और पुरुष दोनोंमें समान कही है । परंतु केवल प्रौढावस्थामें स्त्री-की नाडी संख्या पुरुष संख्याकी अपेक्षा अधिक अधिक अर्थात् प्रौढ पुरुषकी स्पन्दनसंख्या प्रतिपलमें २९ वार होती है । और प्रौढा स्त्रीकी संख्या ३१ वार होती है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

दशगुर्वक्षरोच्चारकालः प्राणः षडात्मकैः ।
तैः पलं स्यात्तु तत् षष्ट्या दण्ड इत्यभिधीयते ॥ ३३ ॥

अर्थ-एक दीर्घवर्णउच्चारण करनेमें जितना समय लगता है उसको एक मात्रा अथवा निमेष कहते है । १० मात्राका १ प्राण ६ प्राणका १ पल ६० पलका १ दंड होताहै । अतएव एक पलका साठ भाग उसमें एक भागको विपल कहतेहै उसीको मात्रा कहते है ॥ ३३ ॥

मतान्तरेण ।

स्वस्थानां देहिनां देहे वयोवस्थाविशेषतः ।
प्रवहन्ति यथा नाडयस्तत्संख्यानमिहोच्यते ॥ ३४ ॥

अर्थ-अब मतान्तरसें कहते है कि स्वस्थपुरुषोंके देहमें आयुकी अवस्था विशे-षकरके जैसें नाडी चलती है उनकी संख्या इसग्रंथमें लिखते है ॥ ३४ ॥

सार्धद्वयपलः कालो यावद्गच्छति जन्मतः ।
तावत्प्रकम्पते नाडी चत्वारिंशच्छताधिकम् ॥ ३५ ॥

अर्थ-बालकके जन्मलेनेसें यावत् २॥ पल व्यतीत नहीं हो उतने समयमें १४० वार नाडी वारंवार कंपन होती है ॥ ३५ ॥

तदूर्ध्वं हायनं यावत्सार्द्धद्वयपलेन सा ।
मुहुः प्रकम्पमाधत्ते त्रिंशद्वारं शतोत्तरम् ॥ ३६ ॥

अर्थ-फिर १ वर्षकी अवस्थापर्यंत बालककी नाडी २॥ पलमें १३० वार त-डफती है ॥ ३६ ॥

उपरिष्टादाद्वितीयात्तावत्काले शरीरिणः ।
ततः प्रकम्पते नाडी दशाधिकशतं मुहुः ॥ ३७ ॥

अर्थ-वर्ष दिनसें लेकर जबतक यह बालक दो वर्षका होताहै तावत्कालपर्यंत नाडी ढाई पलमें ११० वार वारंवार तडफती है ॥ ३७ ॥

ततास्त्रिवत्सरं व्याप्य देहिनां धमनी पुनः ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

मुहुः प्रकम्पते तद्वत्सार्द्धद्वयपले शतम् ॥ ३८ ॥

अर्थ-फिर दो वर्षसैं उपरांत तीन वर्षतकके बालककी नाडी २॥ पलमें १०० वार वारंवार तडफती है ॥ ३८ ॥

ततस्त्वासप्तमाद्वर्षान्नवतिः स्यात्प्रवेपनम् ।
धमन्यास्तन्मिते काले प्रत्यक्षादनुभूयते ॥ ३९ ॥

अर्थ-फिर तीन वर्षसैं सात वर्षतकके बालककी नाडी २॥ पलमें ९० वार वारंवार चलती है ॥ ३९ ॥

ततश्चतुर्दशं तावत्पञ्चाशीतिः प्रवेपनम् । त्रिंशद्वर्षमभिव्याप्य ततोऽशीतिः प्रकीर्त्तितम् । शतार्द्धवत्सरं व्याप्य कम्पनं पञ्चसप्ततिः । ततोऽशीतौ प्रकथितं षष्टिवारं प्रवेपनम् ॥ ४० ॥

अर्थ-फिर सात वर्षसैं लेकर चौदह वर्षकी अवस्थातक इस प्राणीकी नाडी २॥ पलमें ८५ वार तडफती है । और चौदह वर्षकी अवस्थासैं लेकर ३० वर्षकी अवस्थापर्यंत ढाई पलमें ८० वार तडफती है । तीस वर्षके उपरांत पंचास वर्ष पर्यंत ७५ वार कंपन होती है । और पंचास वर्षसैं लेकर अस्सी वर्षकी अवस्थातक इस प्राणीको नाडी २॥ पलमें ६० वार कंप होती है ॥ ४० ॥

वयोऽवस्थाक्रमेणैवं क्षीयन्ते गतयो मुहुः ।
सार्द्धद्वयपले काले नाडीनामुत्तरोत्तरम् ॥ ४१ ॥

अर्थ-फिर जैसै जैसै अवस्था क्षीण होती जाती है उसी, प्रकार नाडीका गमनभी २॥ पलमें क्षीण होता जाताहै ॥ ४१ ॥

एवं बहुविधाद्रोगात्तत्तल्लिङ्गानुबोधनी ।
नाडीनां च गतिस्तद्वद्भवेत्कालात्पृथक् पृथक् ॥ ४२ ॥

अर्थ-इसप्रकार अनेकविध रोगोंसैं उन्हीं लिङ्गोकी बोधन करनेवाली नाडियोंकी गति पृथक् पृथक् कालमें पृथक् पृथक् होती है ॥ ४२ ॥

हृदयस्य बृहद्भागः संकोचं प्राप्यते यदि ।
प्रसारयेत्तदा नाडी वायुना रक्तवाहिनी ॥ ४३ ॥

अर्थ-जिस समय हृदयका बृहद्भाग संकुचित होताहै और खुलताहै उससमय रक्तवाहिनी नाडियोंकी गति पवनके वेगसैं प्रस्पन्दन होती है ॥ ४३ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

नाडीगतिरतिक्षीणा भवेन्मलविभेदतः ।
जीर्णज्वराद्दल्परक्ता दुर्बलत्वाच्च तादृशी ॥ ४४ ॥

अर्थ–मलके निकलनेसैं नाडीकी गति अत्यंत क्षीण होती है । उसीप्रकार जीर्णज्वरसैं अल्परुधिरसैं और दुर्बलतासैंभी नाडी अतिक्षीण होती है ॥ ४४ ॥

तर्पयन्त्यसृजं देहे व्याघातैर्गतिभेदतः ।
तेजःपुञ्जा चञ्चला च दुर्बला क्षीणधीरकैः ॥ ४५ ॥

अर्थ–ये संपूर्ण रक्तवाहिंनी नाडी आघातकरके और अपनी गतिके भेदसैं देहमें रुधिरको तर्पण करेहै अर्थात् सर्वत्र फैलाती है । उनकी गति भेद कहतेहै । जैसै तेजःपुंजा, चंचला, दुर्बला, क्षीणदा, और धीरगामिनी, ये नाडियोंकी पांच प्रकारकी गती है ॥ ४५ ॥

चंचला और तेजःपुंजगति ।

रक्तोष्णे शीघ्रगा नाडी ज्वरे च चञ्चला भवेत् ।
ज्वरारम्भे तथा वाते तेजःपुञ्जा गतिः शिरा ॥ ४६ ॥

अर्थ–तहां रुधिरके कोपमें गरमीमें नाडी शीघ्र चलती है, उसीप्रकार ज्वरमें चंचला नाडी होती है और ज्वरके आरंभमें तथा वातके रोगमें नाडीकी तेजःपुंजा गति होती है ॥ ४६ ॥

दुर्बलाऔरक्षीणनाडी ।

दुर्बले ज्वररोगे च अतिसारे प्रवाहिके ।
दुर्बला क्षीणदा नाडी प्रबला प्राणघातिका ॥ ४७ ॥

अर्थ–दुर्बलतामें ज्वरमें अतिसार और प्रवाहिकारोगमें नाडीकी दुर्बला गति होती है, क्षीणदा नाडीप्रबल प्राणोंकी नाशक होती है ॥ ४७ ॥

बहुकालगता रोगाः सा नाडी धीरगामिनी ।

अर्थ–जिसप्राणीके बहुतदिनोंसैं रोगहोवे उसकी नाडी धीरगामिनी होती है ।

सुखीपुरुषकीनाडी ।

हंसगा चैव या नाडी तथैव गजगामिनी ।
सुखं प्रशस्तं च भवेत्तस्यारोग्यं भवेत्सदा ॥ ४८ ॥

अर्थ–जिसप्राणीकी नाडी हंसकीसी अथवा हाथीकीसी चाल चले उसको उत्तम सुखहोय और सदैव आरोग्यरहे ॥ ४८ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

सुव्यक्तता निर्मलत्वं स्वस्थानस्थितिरेव च।
अमन्दत्वमचाञ्चल्यं सर्वासां शुभलक्षणम् ॥ ४९ ॥

अर्थ–उत्तम प्रकारसैं प्रतीतहो निर्मल अपने स्थानमें स्थिति, अमंदत्व और चांचल्यता रहितहो येसंपूर्ण नाडियोंके शुभ लक्षण जानने ॥ ४९ ॥

दोषसाम्याच्च सादृश्यादनुक्तासु रुजास्वपि।
ज्ञातव्या धमनीधर्मा युक्तिभिश्चानुमानतः ॥ ५० ॥

अर्थ–यह कितनेएक रोगोंमें नाडीकी प्रकृति लिखी है, इस्सैं भिन्न अन्य समस्त रोगोंमें जैसी जैसी नाडियोंकी गति होती है उसको वैद्य अनुमान और युक्तिद्वारा जाने, अर्थात् जिस रोगकी जिस जिस रोगके साथ सादृश्यताहै अथवा जिसकिसी रोगमें संपूर्ण कुपितदोषोंके साथ अन्य किसीरोगके कुपित दोषोंकी साम्यता मिले उन उन रोग समस्तोंमें नाडीकी एकविध गति होती है ऐसा जानना ॥ ५० ॥

नाडीदर्शनानंतरहस्तप्रक्षालन।

नाडीं दृष्ट्वा तु यो वैद्यो हस्तप्रक्षालनं चरेत्।
रोगहानिर्भवेच्छीघ्रं गंगास्नानफलं लभेत् ॥ ५१ ॥

अर्थ–जो वैद्य रोगीकी नाडी देवखकर हाथको जलसैं धोताहै, तो जिसरोगीकी नाडीदेखी उसका रोग शीघ्र नष्टहोय, और वैद्यको गंगास्नानका फल प्राप्तहोय ॥५१॥

तथाच।

यो रोगिणः करं स्पृष्ट्वा स्वकरं क्षालयेद्यदि।
रोगास्तस्य विनश्यन्ति पङ्कःप्रक्षालनाद्यथा ॥ ५२ ॥

अर्थ–जो वैद्य रोगीकी नाडी देख अपने हाथको धोताहै इसकर्मसैं जैसै धोनेसै कीच जाती है इसप्रकार उस रोगीका रोग दूर होताहै ॥ ५२ ॥

इति श्रीपाठकज्ञातीयमाथुरकृष्णलालसूनुना दत्तरामेण निर्मिते आयुर्वेदोद्धारे बृहन्निघंटुरत्नान्तर्गते नाडीदर्पणे आयुर्वेदोक्तनाडीपरीक्षावर्णनंनामचतुस्त्रिंशस्तरङ्गः ॥ ३४ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अथ यूनानीमतानुसारनाडीपरीक्षामाह ॥

नाडीनामान्तरं नब्जं यूनानी वैद्यके मतः ।
विधास्ये तत्क्रमं चात्र वैद्यानां कौतुकाय च ॥ १ ॥

अर्थ—यूनानी वैद्यनाडीको नब्ज कहते हैं उस नब्जका क्रम अर्थात् नब्जपरीक्षाकोमें वैद्योंके कौतुकनिमित्त लिखताहू ॥ १ ॥

हयवानीचैव नफसानी रूहद्वयमुदाहृदम् ।
हृदयस्थं शिरस्थं च देही देहसुखावहम् ॥ २ ॥

अर्थ—रूह दो प्रकारकी है एक हयवानी दूसरी नफसानी हयवानी हृदयमें रहती है । और नफसानी मस्तकमें रहती है । ए दोनो देहधारियोंकी देहको सुखदायक है ॥ २ ॥

तत्सङ्गतास्तु या नाड्यः शुरियानसवः क्रमात् ।
हृत्पद्मे यास्तु संलग्नाः समन्तात्प्रस्फुरन्ति ताः ॥ ३ ॥

---

१ मानसिक शिराके परिवर्तनको नाडी कहते, वह मनके प्रफुल्लित और संकुचित होनेसैं चलतीहै । इसका यह कारणहै कि उसके विकसित होनेसैं वाहरी पवन भीतर जातीहै, इसीसैं हयवानीरूह जो मनमेंहै वह प्रसन्न होतीहै । और उष्ण पवनके दूरकरनेको हृत्पद्म संकुचित होताहै, इन दोनो कारणोंसैं मनुष्यके संपूर्ण देहकी चेष्टा और उसके रोग तथा स्वस्थताका ज्ञान होताहै इस नाडीके दश भेदोंसैं शरीरकी चेष्टा प्रतीत होती है ।

प्रथमतो यह कि यह कितनी विकसित और कितनी संकुचित होतीहै, इसके विस्तार (लंबाव) आयत (चोडाव) और गंभीरादि भेदसैं नौ भेद होतेहै, अर्थात् कितनी लंबी, कितनी चौडी, और कितनी गंभीर इनतीनोको अधिक न्यून और समानताके साथ प्रत्येकके गुणन करनेसैं नौ भेद होजातहै । जैसे १ दीर्घ २ ह्रस्व ३ समान ४ स्थूल ५ कृश और ६ समानविस्तृत ७ बहिर्गति अत्युच्च ८ अंतर्गति अतिनीच ९ उच्चनीचत्वसमान ।

१ अति लंबनाडीमें अति उष्णताके कारण रोगकी आधिक्यता प्रतीत होतीहै । २ न्यूनलंबनाडीमें गरमीके न्यून होनेसैं रोगकी न्यूनता प्रतीत होतीहै, ३ समान लंबनाडीमें प्रकृतिकी उष्णता यथार्थ रहतीहै, । ४ अधिक विस्तृतमें शरदी अधिक होतीहै । अतएव यह नाडी अपने अनुमानसैं अधिक चोडी होती है ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ-उस रूहके साथ लगीहुई जो नाडी है वो दो है एक शुरियान् दूसरी असद इनमें शुरियान् नाडी हृत्पद्ममें लगरही है उस्से सर्वत्र स्फुरण होताहै ॥ ३ ॥

शिरोन्तर्मार्गसम्बद्धास्ताभिश्चेष्टादिकं भवेत् ।
श्रेष्ठो जीवनिवासोऽहृद्राज्ञो राज्यासनं यथा ॥ ४ ॥

अर्थ-और दूसरी असव नामक जो नाडी है, वह शिरोन्तरभाग अर्थात् मस्तकके भीतर लगरहीहै, इन नाडीयोंकरके इसदेहकी चेष्टादि होतीहै । जैसें राजा राजसिंहासनपर स्थितहो शोभित होताहै । उसीप्रकार जीवका श्रेष्ठनिवास हृदय स्थान है ॥ ४ ॥

तद्भवाधमनी मुख्या मनुष्यमणीबन्धगा ।
परीक्षणीया भिषजाह्यङ्गुलीभिश्चतसृभिः ॥ ५ ॥

अर्थ-उन हृद्गतनाडीयोंमें मनुष्यके पहुचेकी धमनी नाडी मुख्यहै । उसको वैद्य चार उंगली रखकर परीक्षा करे । अपने शास्त्रमें तीन उंगलीसें परीक्षा करना सिखाहै परंतु यूनानी वैद्य चार दोषोंको चार उंगलियोंसें देखना कहते है ॥ ५ ॥

यथैणगतिपर्यायस्तद्वदुत्प्लुत्य गच्छति ।
गिजाली गतिराख्याता पित्तकोपविकारतः ॥ ६ ॥

अर्थ-जैसै मृगकाबच्चा उछलता कूदता चलता है इस प्रकार नाडीकी गतिको गिजाली कहतेहै । यह पित्त कोप विकारको सूचित करती है ॥ ६ ॥

तरङ्गनाममोजस्यात् मोजीगतिरितीरिता ।
निवेदयतिवर्ष्मस्थं वायोरूष्माणमेव सा ॥ ७ ॥

अर्थ-यूनानी जलकी लहरको मौज कहते है उस मौज सदृश नाडीकी गतिको मौजी गति कहतेहै यह देहस्थ पवनकी गरमीको जाहिर करती है ॥ ७ ॥

दूदस्यात्क्रिमिपर्यायो दूदी तस्य गतिः स्मृता ।
श्लेष्माणसंचयं चामं प्रकटीकुरुते हि सा ॥ ८ ॥

अर्थ-दूद (कानसलाई आदि) कृमिका पर्याय है अतएव तद्विशिष्ट नाडीकी गतिको दूदी गति कहते है । यह कफके संचयको और आमको प्रकाशित करती है ॥ ८ ॥

उमल्पिपीलिकामोर उमली तद्गतिः स्मृता ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

यस्य नाडी तथा गच्छेन्मृतिं तस्याशु निर्दिशेत् ॥ ९ ॥

अर्थ–उमल चैंटी (कीडी) और मोरका नामहै अतएव इन्हो किसी गतिको उमली गति कहते हैं । जिस पुरुषकी नाडी ऐसी अर्थात् मोर चैंटी कीसी चले वो प्राणी जल्दी मृत्युको प्राप्तही ॥ ९ ॥

असिपत्रस्य पर्यायो मिन्शार इति कीर्त्तितः ।
यथास्यात्तत्क्रमः काष्ठे मिन्शारी सा गतिर्भवेत् ॥ १० ॥
तद्गतिं धमनीधत्ते बाह्यान्तः शोथरोगिणः ।

अर्थ–आरेका पर्याय यूनानीमें **मिन्शार** है वो जैसै लकडीके ऊपर चलता है इसप्रकार नाडीके गमन करनेको **मिन्शारी** गति कहतेहै । इसप्रकारकी नाडी बाहरभीतर सोथ रोगीकी चलती है ॥ १० ॥

जन्वलफारनाम्नीया गतिर्मूषकपुच्छवत् ॥ ११ ॥
पित्तश्लेष्मप्रकोपेण धमन्याः सम्भवेत्किल ।

अर्थ–जिस नाडीकी गति मूषक (चूहे) की पुच्छसदृशहो अर्थात् एक ओरसैं मोटी और दूसरी तरफ क्रमसैं पतलीहो उसको **जन्वलफार** गति कहते है । यह पित्तकफके कोपमें होती है ॥ ११ ॥

माली शलाका सदृशी सूक्ष्मा धीरा बलात्ययात् ॥ १२ ॥
गत्याघातद्वयं यस्यामधस्तादङ्गुलेर्भवेत् ।
जुलफिकरत्तत्स्मृता पित्तश्लेष्मदग्धप्रबोधिनी ॥ १३ ॥

अर्थ–जो नाडी सलाईके आकार अत्यंत सूक्ष्म और धीरगामिनी होय वह **माली** कहाती है यह बल नाश होनेसैं होती है और जो नाडी मध्यमांगुलीमें दोवार आघातकरे वह पित्तकफ दग्धको बोधन करती है इसको **जुलफिकरत्** कहते दै ॥ १२ ॥ १३ ॥

मुर्त्तइद प्रस्फुरन्तीया गतिः कोष्ठस्य रूक्षताम् ।
विड्ग्रहत्वं च सौदावी विचारान् ज्ञापयत्यपि ॥ १४ ॥

अर्थ–जिस नाडीके प्रस्फुरणसैं कोठेकी रूक्षता प्रगटहोवे उसको **मुर्त्तइद** कहते है और इसीसैं मलबंधका ज्ञान होताहै यह **सौदावी** (वादीकी) नाडीके विचारसैं जाने ॥ १४ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

इर्तिशा कम्पपर्यायस्तद्विशिष्टा तु या भवेत् ।
मुर्त्तइश्नाम सा ज्ञेया सफ़रासौदाविकारयुक् ॥ १५ ॥

अर्थ–कंपको फारसीमें इर्तिशा कहते है उसके समान जो नाडी हो उसको मुर्त्तइस नाडी कहते है यह सफरा (पित्त) और सौदा दोनोंके मिश्रितावस्थामें होती है ॥ १५ ॥

मुम्तिला पूर्त्ति तूद्दिष्टाऽसृजोस्यां मुम्तिली तु सा ।
तमः कफादधोगाया मुन्खफ़िज् सा प्रकीर्त्तिता ॥ १६ ॥

अर्थ–परिपूर्णको फारसीमें मुम्तिला कहतेहै, अतएव जिस नाडीसें रुधिरकी परिपूर्णता प्रतीतहो उस नाडीकी गतिको मुम्तिली कहतेहै जो नाडी तमोगुण या कफसें अधोभागमें गमनकरे उसको मुम्खफिज् नाडी कहतेहै ॥ १६ ॥

उर्ध्वमुत्प्लुत्य या गच्छेत्किंचिन्मायुप्रकोपतः ।
शाहक्बुलन्द सा ख्याता धमनी संपरीक्षकैः ॥ १७ ॥

अर्थ–जो नाडी पित्तके प्रकोपसें उछलकर ऊपरको गमनकरे उसको नाडीके ज्ञाता वैद्य शाहक़्बुलन्द नामक कहतेहै ॥ १७ ॥

चतुरङ्गुलिसंस्थानादपि दीर्घा तवीलसा ।
दराज इति पर्यायस्तस्या एव निपातितः ॥ १८ ॥

अर्थ–जो नाडी चारअंगुलसें भी अधिक लंबीहो उसको तवील ऐसा कहतेहै और उसी नाडीका नामान्तर दराज है ॥ १८ ॥

परिमाणान्यूनरूपा सा कसीर समीरिता ।
अमीक निम्नगा या च अरीज आयती स्मृता ॥ १९ ॥

अर्थ–जितना नाडीका परिमाण कहाहै यदि उस्सें न्यूनहो उसको कसीर कहतेहै और अधोगामिनी नाडीको अमीक कहतेहै और लंबी नाडीको अरीज कहाहै ॥ १९ ॥

यथा गतिस्तु दोषाणां धत्ते प्राज्यत्वहीनते ।
गलवे कसूर अरक्कात तारतम्येन निर्दिशेत् ॥ २० ॥

अर्थ–दोषोंके यथागति अनुसार नाडीको बली और निर्बली जानना इनकेवली निर्वली आदि नाडियोंको गलवे कसूर और अरक्कातके तारतम्यसें कहे॥ २० ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वाकियुल्वस्तनिर्द्दोषा स्वस्थस्य परिकीर्त्तिता ।
इति संक्षेपतो नाडीपरीक्षा कथिता बुधैः ॥ २१ ॥
विस्तरस्तु मया प्रोक्तो भाषायां जनहेतवे ।

अर्थ–स्वस्थ प्राणीकी निर्दोष नाडीको वाकियुल्वस्त कहतेहैं यह मैंने संक्षेपसैं यूनानी मतानुसार नाडीपरीक्षा कहीहै इसका विस्तार मैंने भाषामें कहाहै ॥ २० ॥

यूनानीमतानुसार नाडी कोष्टकम्.

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
गिजालि	मोजी	दूदी	मिन्शारी	जनवुल फार	नुमूली	मतली	मतरकी	जुलफि-करत	वाकअ फिलवस्त
मृग शावक	तरंग	कृमि	आरा	मूंसेकी पूछ	मोरचैंटी	शलाई	हथोडा	शोकाक्रांत समान	विषम टं कोरदेना
मृगके बच्चेके समान जो नाडी उछलती कूदती चले उसको गिजाली कहतेहै यह पित्ताधिक्यसैं होतीहै ।	जो नाडी जलकी तरंगके समान गमनकरे उसको मोजी गति कहते है । यह तरीको सूचित करती है । अथवा देहकी निर्बलताको सूचित करेहै।	जो नाडी कीडाके समान मंद मंद गमनकरे वो कफ और आम दोषको सूचित करती है । इस नाडीकी गतिको दूदी कहतेहै ।	जैसै लकडीके ऊपर आरा चलता इसप्रकार खरदराट लिये जो नाडी ऊंगलियोंका स्पर्शकरे वो बाहर और भीतर सुजनको सूचित करतीहै । इस गतिको मिन्शारी गति कहतेहै ।	जो नाडी चूहेकी पूछसदृश गमन करे उसको जनवुल्फारगति कहतेहै । यह कफपित्तके कोपसैं होतीहै ।	जो नाडी चैंटी और मोरकी गतिके समान गमन करे उसको नुमली गति कहतेहै । ऐसी नाडी रोगीकी शीघ्र मृत्यु सूचना करतीहै ।	जो नाडी सलाईके समान दोनो प्रांतोंमें पतली और बीचमें मोटी होकर गमन करे उसको मतलीगति कहतेहै । यह निर्बलता सूचना करतीहै।	जो नाडी हथोडेके समान ऊंगलियोंको वारंवार चोट देवे उसको मतरकी गति कहतेहै । यह अत्यंत गरमीकी सूचना करतीहै ।	जो नाडी गमन करते करते ठहर जावे उसको जूल्फिकरगति कहते है। यह दिलकी कमजोरी सूचित करती है प्रायः यह शोक समय होतीहै।	जिस नाडीका टंकोरदेना जिस वख्तमें देनाउचितहै उस्से पूर्वही जास्ती टंकोर देदेवे यह श्वासाधिक्य निर्बलतामें होतीहै ।

यूनानी भाषामें नाडीको नब्ज कहनेका यह कारणहै कि नब्जका अर्थ शिराका तडफना है वह प्रत्येक मनुष्यकी प्रकृति, देश, काल, अवस्थाओंके भेदसै समान नहीं होती, कुछ न कुछ भेद रहताही है वैद्य जिस स्वस्थमनुष्यकी नाडी

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अनेकवार देखी होगी यदि फिर उसकी रोगावस्थामें देखेगा तो उसको उसकी नाडीका ज्ञान यथार्थ होगा, अन्यथा ज्ञान होना अति दुस्तर है ।

नाडीदेखने वालेको वा दिखाने वालेको उचित है कि किसीवस्तुका हाथको सहारा न देवे, न कोई वस्तु पकड रक्खीहो, तथारोगीके हाथमें पट्टीआदि बंधनादिक न होवे, यद्यपि बहुतसे वैद्य पहुचे, कनपटी, गुदा, टकने आदि अनेक स्थानकी नाडी देखते है, परंतु बहुधा हाथकी देखनेका यह कारणहै कि अन्यनाडी सब थोडी थोडी प्रगटहै शेष हाड मांसमें प्रवेश होनेके कारण अस्त होरही हैं उसजगे उंगलीयोंको स्पर्श प्रतीत नहीं होसकता परंतु हाथकी नाडी विशदहै अतएव इस-पर उंगली उत्तमरीतिसें धरी जाती है परंतु मुख्य कारण इसका यह है कि किसी स्त्रीकी नाडी देखनेकी आवश्यकता होवे तो वो अन्योन्य अङ्गोकी नाडी लज्जाके वस नहीं दिखा सकती, परंतु हाथके दिखानेमें किसिकोभी संकोच नहीं होता अतएव सर्वत्र हाथकी नाडी देखना प्रसिद्ध है ॥

अब कहतेहै कि यूनानी वैद्य नाडीकी गति दोप्रकारकी वर्णन करते है । प्रथम इम्बिसात दूसरी इन्किबाज ।

इम्बिसात (बाह्यगति)	इन्किबाज (अभ्यंतरगति)
इम्बिसात उसगतिको कहतेहैं जब नाडी बाहर आनकर ऊंगलीयोंका स्पर्श करती है ।	इन्किवाज उसगतिको कहतेहै कि ज़ब नाडी ऊंगलियोंका स्पर्शकर भीतरको प्रवेश करतीहै ।

दोषः खिल्त इति प्रोक्तः स चतुर्धा निरूप्यते ।
सौदा सफरा तथा वल्गम् तुरीयं खून उच्यते ॥ २१ ॥

यूनानीमें दोष शब्दको खिल्त कहतेहै वह चार प्रकारकाहै जैसै सौदा (वात) सफरा (पित्त वल्गम् (कफ) और चौथा दोष खून (रुधिर) है परंतु अपने शास्त्रमें दूष्यहोनेसैं इसको दोष नहीं माना यह शारीरकमें हम लिख आएहै ॥ २१ ॥

प्रत्येकदोषमें दोदोगुणहै यथा ।

तत्र सौदा धरातत्वं रूक्षं शीतं स्वभावतः । पित्तमग्नेः स्व-रूपन्तु सफरा रूक्षउष्णकम् ॥ २२ ॥ वल्गम्वारिस्वरूपं स्यात्सकफः स्निग्धशीतलः । अस्रं वायुः खून इति स्नि-ग्धोष्णं तेषु तद्वरम् ॥ २३ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

तहां सौदा अर्थात् वातमें पृथ्वीतत्त्व अधिकहै अतएव वातस्वभावसें ही रूक्ष और शीतलहै पित्तमें अग्नितत्त्व विशेषहै अतएव सफरा पित्त रूक्ष और उष्ण है बल्गम (कफ) में जलतत्त्व अधिक होनेसें स्निग्ध शीतल गुणवालाहै खून (रुधिर) में वायुतत्त्व अधिक होनेसें स्निग्ध और उष्णहै अतएव अन्य दोषोंकी अपेक्षा यह रुधिर श्रेष्ठ है।

इस प्रकार दोषोंके गुणोंका विचारकर उक्त नाडीके लक्षणोंसें मिलाकर द्वंद्वज गुण अपनी बुद्धिसें कल्पना करै।

जैसे जो नाडी दीर्घ और स्थूलहो उसको गरमतर गुणविशिष्ट होनेसें रुधिरकी जाननी और जो नाडी दीर्घ तथा पतली होवे उसमें गरम और खुष्क गुण होनेसें पित्तकी जाननी जो ह्रस्व और मोटीहो वुह शरद और तर गुणवाली होनेसें कफकी जाननी और जो नाडी ह्रस्व और पतली होवे उसमें शरद और खुष्क गुणहोनेसें वातकी नाडी जाननी चाहिये।

इम्बसातके भेद।

तवील (दीर्घाकार)			अरीज (स्थूलाकार)			उमक (बहिर्गत्याकार)		
मुअदिल समान ३	कसीर ह्रस्व २	तवील १ दीर्घ	अरीज स्थूल	ज्यैयकवा जीक (कृष)	मुअदिल समान	मुशरिफ उमक बहिर्गत	मुनखफिज अंतर्गत	मुअदिल समान
यदि नाडी चार अंगुलसें कुछभी न्यूनाधिक नहो किंतु समहो तो उसप्राणीके शरदी गरमी समान जाननी।	और चार अंगुलसें न्यून होवे तो वो शरदीके लक्षण वाली जाननी अर्थात् ऐसे पुरुषके शरदी जानना।	जो नाडी पहुचेसें भुजाके प्रति चार अंगुलसें अधिक लंबी प्रतीतहो तो वो गरमीके लक्षणवाली जाननी।	यदि नाडी तर्जनी उंगलीसें लेकर कनिष्ठिका पर्यंत स्थूल प्रतीत होवे तो वो तर अर्थात् जैसे रुधिर और कफमें।	जो नाडी पतली प्रतीतहोवे उसको कृश अर्थात् खुश्क कहतेहैं। जैसे पित्त और वातकोपमें होतीहै।	जो नाडी न स्थूलहो न कृशहोवे किंतु समानहो उसमें तरी ठीकठीक होतीहै।	जो नाडी अत्यंत उछलकर बलपूर्वक उंगलियोंको स्पर्शकरै उसमें गरमीकी आधिक्यता प्रतीत होतीहै।	जो नाडी हद्दसें कमउंची उठे अर्थात् धीरे उंगलियोंको स्पर्शकरे गरमी उसमें न्यूनता प्रतीत होतीहै। किंतु शरदीको चेतन करतीहै।	जो नाडी न बहुत न बहुत उभरी हुईहो न बहुत बिलकुल दबी हुई हो किंतु समानहो इसमें गरमी होतीहै।

अब जानना चाहिये कि हिकमतमें दोष चारप्रकारके कहे है यथा।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अन्यचक्र

क्रम	विषय	भेद	यूनानी नाम	विवरण
१	नाडीका बलाबल	सबल	शीघ्रचरिणी	जो नाडी उंगलियोंके मांसमें जोरसैं धक्कादेवेकर ऊंची उठावे तो हृदयकी प्रबलता जाने ।
		दुर्बल	मंदचारी	और यदि नाडी उंगलियोंको स्पर्शकर दवजावे तो हृदयकी दुर्बलता जाननी ।
		मोतदिल	समता	और जो नाडी न बहुत जोरसै लगे न अत्यंत धीरे लगे वो दिलकी समताको प्रगट करतीहै।
२	नाडीका विलंबहोना	सरी	समता	जो नाडी शीघ्र आवा गमनकरे वो देहमें गरमीकी विशेषता द्योतन करतीहै ।
		वती	मंदचारी	और धीरे धीरे आवा गमनकरे वो देहमें सरदीकी आधिक्यता द्योतन करतीहै ।
		मोअदिल	शीघ्रचारी	जो नाडी मध्यम चालसैं आवा गमन करे वो सरदी गरमीकी समानता प्रगट करतीहै ।
३	आकृति	मृदु	गरम	जो नाडी दावनेसै सहज दवजावे उसको तरस्निग्ध कहतेहै, इसे फारसीमें लीन कहतेहै ।
		कठिण	सखूक्त	और जो दवानेसैं न दवे वह खुष्क जाननी उसको फारसीमें सल्व कहतेहै ।
		सम	मोअद्दिल	जिसमें मध्यम गुणहो अर्थात् न बहुत कठोर न बहुत नम्र वो मोतदिल जाननी ।
४	प्रमाण	रुधिरपूर्ण	मुमतिला	जो नाडी मोटी और शीघ्र चलतीहो वह रुधिर और मवादसें भरी हूई जानना अथवा जीवसैं परिपूर्ण जानना ।
		स्वल्परुधिर	खाली	और जो नाडी खाली होतीहै वो मंद और पतली होतीहै उसमें थोडा रुधिर और मवाद जानना ।
		समता	मोद्दिल	और जब नाडी न भरीहो न खालीहो वो समान कहलातीहै । इसमें मवाद ठीक होताहै ।
५	स्पर्श	उष्ण	गरम	जिस समय नाडीका स्पर्श गरम प्रतीतहो तव रुधिरमें ज्वर वा गरमी जानना ।
		शीत	सरद	और जिस समय स्पर्शमें शीतलता प्रतीतहो तव रुधिरमें सरदीकी आधिक्यता जाने ।
		सम	मोअद्दिल	जिस समय नाडीमें शीत उष्णता समान प्रतीतहो उसको सम कहतेहै ।
६	साध्यासाध्य	पूर्वसदृश	उस्तवा	जो नाडी कमसैं कम् ३९ वार टंकोर देके ठेहर जावे वो साध्यहै ।
		विपरीत	इख्तिलाप	जो ३५ वार टंकोर देनेमें कई वार टूटजावे अर्थात् ठहर कर चले वो असाध्यहै ।
		समता	मोअदिल	जो बहुतवार न टूटे किन्तु अल्पवार टूटकर फिर शीघ्र चलने लगे उसको याप्य जानना ।
७	स्थिति	अत्यंत	मुतवातर	जो नाडी उंगलियोंको स्पर्शकरके शीघ्र नीचे चलीजावे वो निर्वल जाननी ।
		धैर्य	मुतफावत	जो नाडी उंगलियोंको कुछकालतक स्पर्शकरे उसको बलवान् कहतेहै ।
		समता	मोद्दिल	और जो समान रीतिसैं उंगलियोंका स्पर्शकरे उसको समान स्थिति वाली जाननी ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

प्रत्येक प्रस्तारके नो नो भेद होतेहै लंवाव चौडावा और गहराई इन तीनोंके प्रमाणको हकीम लोग कुतंर कहतेहै ।

उन दो तीन कुतरोंको एकत्र करो अर्थात् प्रस्तार करो तो दोप्रस्तार २७ सत्ताईस सत्ताईस के होतेहै जैसें आगेके दोनो चक्रोंमें लिखे है दोनो प्रस्तार करनेकी यह रीतिहै कि तीनप्रकारके लंवावको तीन प्रकारोंकी चोडाईके साथ गुणदेवे तो नो होवेगी इसीप्रकार लंबाई और गहराइयोंको तथा चौडाई और गहराईकी तीन तीन प्रकारोंके साथ मिलनेसैं नो नो भेद होतेहै इसप्रकार तीनो सत्ताईस सत्ताईस भेद होतेहै इसका उदाहरण आगे चक्रोसैं समझना चाहिये इस गुणनको फारसीवाले सनाई कहतेहै ।

नाडीनां प्रस्तारचक्रम् ।																	
सनाई (द्विगुण)									सलासी (त्रिगुण)								
द स	द क	द य	ह स	ह क	ह य	य स	य क	य य	द स व	द स अं	द स य	द क व	द क अं	द क य	द य व	द य अं	द य य
द व	द अं	द य	ह व	ह अं	ह य	य व	य अं	य य	ह स व	ह स अं	ह स य	ह क व	ह क अं	ह क य	ह य व	ह य अं	ह य य
स व	स अं	स य	क व	क अं	क य	य व	य अं	य य	य स व	य स अं	य स य	य क व	य क अं	य क य	य य व	य य अं	य य य

इन दोनो चक्रोंमें जो अक्षर है उनमें द सैं दीर्घ, ह सैं न्हस्व, और य सैं यथार्थ कहिये समान जानना उसीप्रकार स सैं स्थूल, क सैं कृश व सैं बहिर्गत अ सैं अंतरगतकी समस्या जानलेनी चाहिये ।

इति श्रीबृहन्निघंटुरत्नाकरे नाडीदर्पणे यूनानीमतानुसार नाडीपरीक्षणे तरङ्गः

PULSE EXAMIN.

अथैंग्लंडीयमतेन नाडीपरीक्षा

ऐंगलंडीयभाषायां नाडी पल्सेति शब्दिता । तस्याः परोक्षापरोक्षभेदेन द्विविधा गतिः ॥ १ ॥ द्रष्टुर्यांङ्गुलिसंस्पर्शे

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

परोक्षा न करोति सा। करोति या साऽपरोक्षाङ्गलिस्पर्शञ्च पश्यतः ॥ २ ॥

अर्थ–इंग्लंड अर्थात् अंगरेजीमें नाडीको पल्स Pulse कहतेहैं वह दो प्रकारकी है एक परोक्ष और दूसरी अपरोक्ष तहां जो नाडी देखनेवालेकी ऊंगलियोंका स्पर्श न करे वह परोक्ष कहाती है और जो उंगलियोंका स्पर्श करे वो अपरोक्ष अर्थात् प्रत्यक्ष नाडी कहाती है।

उत्थानापेक्षया पुंस आसने तदपेक्षया। शयने नाडीका वेगो मन्दी भवति नानृतम् ॥ ३ ॥ सायंतनाद्धि समयात्प्रातःकालेऽधिका गतेः। वेगसंख्या भवेन्निद्राकाले ह्रासं च गच्छति ॥ ४ ॥

अर्थ–खडे होनेकी अपेक्षा (वनिसवत) वैठनमें और बैठनेकी अपेक्षा सोनेमें नाडीकी गति घटजातीहै। उसीप्रकार सायंकालकी अपेक्षा प्रातःकालमें नाडीकी गति बढजाती है। और निद्रामें नाडीकी संख्या घटजाती है ॥ ४ ॥

भोजनस्याथ समये वेगसंख्या विवर्द्धते। अहिफेनसुरादीनामुष्णानां यदि भोजनम् ॥ ५ ॥ बुभुक्षावसरे नाडी गतेर्वेगो ह्रसत्यलम्। एषा नाडी गतेर्वेगचर्या सामान्यतो मता ॥ ६ ॥

अर्थ–यदि अफीम मद्य आदि गरमवस्तु खायतो उस गरम भोजनके कारण नाडीकी संख्या बढजाती है, और अत्यंत शीतलवस्तू खानेसें नाडीकी संख्या न्यून होजाती है, यह अर्थांशसें जाना जाताहै। उसीप्रकार भोजनके समय नाडीका वेग मंद होजाताहै, यह नाडीकी सामान्य गति संख्या कही है।

नाडीकी व्यवस्था जाननेके लिये वैद्यको प्रथम इतनी वस्तुओंका जानना अति आवश्यकहै। जैसे प्रथम नाडी देखनेकी विधि दूसरे आरोग्यावस्थाकी नाडी तीसरे रोगावस्थाकी नाडी और चतुर्थ नाडी देखनेका यंत्र।

१ नाडीदेखनेकी विधि–नाडी देखनेके जो नियम वैद्योंने निश्चितकर रक्खेहै, यदि उनके अनुसार न देखी जावेतो हम जानतेहै कि नाडीका यथार्थज्ञान होना अति असंभवहै। अतएव अब उन नियमोंको वर्णन करतेहै।

प्रथम–वैद्य या रोगी कहींसें चलकर आयाहो तो उचितहै कि थोडीदेर विश्राम

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

लेकर फिर नाडी देखे या दिखावे, तथा परिश्रमकी अवस्थामें और शोधक विचारके समयभी नाडी न देखे ऐसे समयकी नाडी विश्वास योग्य नहीं है।

दूसरे–रोगीको बिठलाकर या लिटाकर यदि कोई आवश्यकता होयतो खडा करके रेडिअल् आर्टेरी Radial Artery (जो पहुचेमें अंगूठेकी जडमें त्वचाके भीतरहै उसपर वरावर तीन उंगली रखकर नाडी देखना, परंतु कभी पहुचेकी देखना असंभव होयतो अन्योन्य स्थानकी देखे, जैसें मस्तक संबंधी रोगमें कनपटीकी नाडी तथा गठियामें पहुचेपर पटी बंधीहो अथवा दोनो हाथ कटगए हो तो प्रगंड (वाजू) की नाडी देखे, और कभी पैरमें टकनेके नीचे भीतरकी तरफ पोस्टीरिअर टीवीअल Posteriar Tibial नाडीको देखते है।

तीसरे–वैद्यको रोगीके दोनों हाथोंकी नाडी देखनी चाहिये, इसका यह कारण है कि ऐसा देखा गयाहै, कि एक ओरकी नाडी दूसरी नाडीसैं बडी होती है। और यहभी स्मरण रखना कि दहने हाथकी वामहाथसैं और वामहाथकी देहने हाथसैं नाडी देखे इसमें सरलता रहती है।

चतुर्थ–स्त्रीकी नाडी दहने हाथकी अपेक्षा वामहाथकी उत्तमरीतिसैं विदित होती है इस्सैं प्रतीत होताहै कि स्त्रियोंकी वाए हाथकी नाडी कुछ वडी होती है। हिंदुस्थानी वैद्य जो स्त्रीके वामकरकी नाडी देखतहै कदाचित् उसका यही कारण न होय।

पांचवे–नाडीकी स्पन्दन संख्या अर्थात् शीघ्रगति और मंदगति जाननेके पश्चात् उसके बलाबल जाननेको कुछ दवाकर फिर ढीली छोडदेवे, जिस्सै यह प्रतीत होजावे कि नाडी दबानेसैं कितनी दवती है। परन्तु इतनी न दवावे कि जिस्सै रुधिरका भ्रमण वन्दहोजावे, केवल इतनी दावेकि जिस्सै नाडीकी तडफ प्रतीत होती रहे।

छटे–धैर्यरहित पुरुषोंकी या अत्यंत डरपोककी नाडी देखैतो उनका ध्यान वार्त्तालापमें लगाय लेवे, इसका यह कारणहै कि ऐसे मनुष्योंकें तुच्छकारणसैं हृदयकी खटक न्यून होजाती है। अतएव नाडीका वृतान्त ठीक ठीक निश्चय नहीं होता।

अव कहतेहै कि रुदन करनेसैं और मचलनेसैं बालकोंके पहुचेकी नाडीका देखना कठिनहै। इसवास्ते उनको गोदीमें बैठाल खिलौने आदिका लोभ देके उनके छातीपर कान लगाकर हृदयकी धडधडाहटका निश्चय करना। यदि नाडी-काही देखना जरूरी होवेतो निद्रा अवस्थामें देखनी चाहिये।

सातमे–नाडी देखनेके समय यहभी अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि नाडी-

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

पर किसी प्रकारका दवाव नहो जैंसे बंध, अथवा तंगी, या रसौली, वा घोटू आदिका सहारा नहोवे। क्षणिक और मानसिक रोगोंमें अनेकवार नाडी देखनी चाहिये कि जिस्सै रोग भलेप्रकार समझमें आयजावे।

आरोग्यावस्थाकी नाडी।

मध्यम श्रेणीके युवापुरुषोंकी नाडी आरोग्यावस्थामें साथ प्रबंधके कुछ दवने वाली और कुछ भरीहुई होती है। परंतु चिन्ह भेद और अवस्था तथा स्वभावादि भेदसैं नाडीमें अंतर होजाताहै और वालिकाओंकी नाडी पुरुषोंकी अपेक्षा कुछ छोटी होती है और शीघ्रचारिणी होती है दंभी प्रकृतिवालोंकी नाडी भरीहुई, कठोर, और शीघ्रगामिनी होती है कोमलस्वभाववाले मनुष्योंकी नाडी धीरे धीरे चलेहै और नम्र होतीहै। वृद्धावस्थामें कठोर होती है।

नाडीकी स्पन्दनसंख्या (जिनका निश्चय करना नाडीकी और अवस्थाओंसे सुगमहै) सदैव हृत्पद्मके संकुचित खटकेके समान होती है। इस्सैं कदापि अधिक नहीं होती, परंतु अपस्मार आदि चित्तके रोग और मूर्च्छा आदिमें एक दो गति न्यून होजाती है।

छोटे वालककी नाडीकी गति अधिक होती है, फिर जैसैं जैसैं अवस्थाकी वृद्धि होतीहै उसी प्रकार क्रमसैं नाडीकी स्पन्दन संख्या न्यून होती जातीहै परंतु वृद्धावस्थामैं फिर कुछ कुछ बढती है।

अवस्थानुसारनाडीकीगति	
गतिप्रमाण	अवस्था
१४०	सद्यःप्रसूत बालककी
१२० सैं १३० तक	दूधपीनेवाले बालककी
१००	५ वर्षसैं ६ वर्ष तकके बालककी
९०	१५ वर्षतकवाले नवयुवावस्थामें
७० सैं ७५	३५ वर्षतक आर्थात् युवावस्थामें
७०	३५वर्षसैं लेकर ५० वर्ष वालोंकी आर्थात् वृद्धावस्थामें
७५ सैं ८० तक	अति वृद्धावस्थामें

इस चक्रमें जो नाडीकी संख्या है वह आरोग्यपुरुषके लिये ठीक है। परंतु रोगावस्थातें न्यूनाधिक होजातीहै। यदि नैरोग्यपुरुषकी नाडीकी गति १ मिंटमें ७२ वार हो और स्त्रीकी ८२ वार होय तो ठीक जाननी, स्त्रीकी १० गति पुरुषसैं सदैव अधिक होतीहै। और गर्मी-सूजन, ज्वर, अतिदुर्बलता, जागना, प्ले, थोराके प्रथमदर्जासिलानुरुधिर. क्रोध, जोश आदिमें ७० या अस्सीसैं १०० या १२० वरंच २०० तक नाडीकी गति संख्या प्रत्येक मिंटमें हो जातीहै एवं सरदी अलस्य, निद्रा, कुछ थकावट,

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

क्षुधामें, हवाके दवावमें, बेफिकरीमें, इत्यादि कारणोंसें नाडीकी गति ऐसी न्यून होजातीहै कि प्रत्येक मिंनटमें ६० या ३५ तकही रहजाती है ।

रोगावस्थाकी नाडी ।

रोगावस्थामें नाडीकी गति संस्था और अन्य अन्य लक्षणोंमें विशेष अंतर होताहै जैसै आगे लिखत है ।

ज्वर, प्रदर, वमन, विरेचन, वुहरान, इत्यादि रोगोंमें नाडी इतनी शीघ्र चलती है कि गणना करना कठिन होजाता है यदि ज्वरावस्थामें अकस्मात् नाडी मंदपडजावे तथा उसके साथ अन्य अशुभ लक्षणोंकी आधिक्यता होवे तो उसप्राणीके मस्तकमें किसीप्रकारके विघ्नसैं सत्ता या पक्षघात होकर रोगीके मरनेका भय रहता है ।

गति संख्याके शिवाय नाडीमें जो वृत्तान्त निश्चय होताहै, उसको आगे कहते है ।

नाडीकीइंग्रेजीसंज्ञा ।

आनन्दादितरावस्था स्वानंदापेक्षया गतेः ।
वेगसंख्या वर्द्धते सा नाडीन्फ्रीक्वेंटशब्दिता ॥ १ ॥

अर्थ–आनंदकी अपेक्षा जिस नाडीकी संख्या अधिक वेगवान् हो उसको इंग्रेजीमें Freequent फ्रीक्वेंट कहते है ।

आनन्दादितरावस्था स्वानंदापेक्षया गतेः ।
वेगसंख्या ह्रसति सा नाडीन्फ्रीक्वेंटशब्दिता ॥ २ ॥

अर्थ–जिस नाडीमें आनन्दकी अपेक्षा स्पन्दन संख्या न्यून होय उसमंदचारिणी नाडीको अंग्रेजीमें Infreequent इनफ्रीक्वेंट कहते है ।

चिरकालधृतायां च नाड्यां संख्या न वर्द्धते ।
न वा ह्रसति वेगस्य सा च रैग्यूलराभिधा ॥ ३ ॥

अर्थ–जिस नाडीपर बहुतदेरीतक हाथधरनेपरभी कुछ न्यूनाधिक्य प्रतीत न होय उस नाडीको इंग्रजीमें Regular रेग्यूलर कहते है ।

चिरकालधृतायाञ्च नाड्यां संख्या विवर्द्धते ।
मन्दी भवति चावस्था सैरैग्यूलरशब्दिता ॥ ४ ॥

अर्थ–जो नाडी बहुतदेरी हाथरखनेसैं कुछ न्यून्याधिक्य प्रतीत होय उस अवस्थाको डाक्टरलोग Irregular इरेग्यूलर कहतेहै ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

सकृदङ्गुलिसंस्पर्शादन्तर्धानन्तु गच्छति ।
इन्टरमिटेंटा भिधा साऽसृक्कफाशयदूषिणी ॥५॥

अर्थ-जो नाडी एकवार उँगलियोंका स्पर्शकर छिपजावे, वह रुधिर और कफाशयको दूषितकर्त्ता हृदयसंबंधी व्याधिको उत्पन्नकरे इसको इंग्लंडीयवैद्य Intermittent इन्टरमिटेंट कहते है ॥ ५ ॥

यदा रक्तेन पूर्णत्वमापन्ना नाडीका भवेत् ।
तदा फुल् शब्दविख्याताथवा लार्जेति विश्रुता ॥ ६ ॥

अर्थ-जिस समय नाडी रुधिरसैं परिपूर्ण होती है उसको डाक्टरलोग फुल या Full Large लार्ज ऐसा कहते है ॥ ६ ॥

यस्यां हृत्कमलोच्छ्वासाद्रक्तमल्पं वहेत्तु सा ।
रिक्तानाडी स्माल संज्ञा समाख्याताङ्ग्लभाषया ॥ ७ ॥

अर्थ-जिस समय हृदयसैं रुधिर अल्पप्रगटहोय उस रिक्तनाडीको पाश्चिमात्यवैद्य Egual इस्माल ऐसा कहतेहैं ॥ ७ ॥

या वै गुणवदातन्वी नाडी क्षीणत्वशंसिनी ।
रक्ताऽक्तता द्योतयन्ती सा थ्रेडीपलससंज्ञिता ॥ ८ ॥

अर्थ-जो नाडी डोरेके माफिक वहुतबारिक प्रतीत होय वह क्षीणता और रक्तकी अल्पताको प्रकाश करने वालीको Thready pulse थ्रेडीपल्स कहते है ॥ ८ ॥

अङ्गुलीभिर्यदा नाडी पीडितापि न नम्रताम् ।
व्रजेत्तदातिरूक्षत्वद्योतिनीहाडशब्दिता ॥ ९ ॥

अर्थ-जो नाडी उँगलियोंके पीडनसैंभी अर्थात् दाबनेसैंभी नम्र न होवे वो रूक्षताकी द्योतनकरता नाडीको डाक्टरजन Hard हार्ड ऐसा कहते हैं ॥ ९ ॥

अङ्गुलीभिर्यदा नाडी पीडिता नम्रतां व्रजेत् ।
सार्द्रत्वद्योतिनी मृद्वी साफ्ट शब्देन शब्दिता ॥ १० ॥

अर्थ-जो नाडी उंगलियोंके दबानेसैं दबजावे उस मृदुनाडीको साफ्ट ऐस कहते है यह आर्द्रत्वको द्योतन करती है ॥ १० ॥

प्रतिस्पन्दं शीघ्रतायां संख्या यस्या न वर्द्धते ।
सकृच्छ्रैऽक्यधरा तूर्णगा नाडी क्वीक् शब्दिता ॥ ११ ॥

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अर्थ–जिस नाडीमेंकी प्रत्येक तडफ शीघ्रभी होय परंतु स्पन्दन संख्या न बढे किंतु एकवारही जल्दीकरे उस तूर्णगामिनी नाडीको इंग्लैंडीय वैद्य Quick क्वीक् ऐसा कहते है यह निर्बलताको द्योतन करती है ॥ ११ ॥

यस्या मन्दगतिर्या च नाडी पूर्णा भवेत्तु सा ।
स्लोशब्दशब्दिता ज्ञेया रक्तकोपप्रकाशिनी ॥ १२ ॥

अर्थ–जो नाडी मंदगतिहो और परिपूर्णहो वह रुधिरकोपके प्रकाश करनेवाली नाडीको इंग्लैंडीय वैद्य Slow स्लो कहते है ॥ १२ ॥

खूनकी गतिके कारण नाडीके अनेक भेद है जैसैं आर्योटा Poorta Water Hamr वाटरहेमर Bounding बौंडिंग Lavauering लेवरिंग Thriling Pulse थ्रिलिंग पल्स Readoudled रिडवल Dicrratores या डाईक्रोटस और इसीटेट- आदि है । जो लहरके समान उंगलियोंको लगकर हटजावे उसको जर्किंग अर्थात् झटकेदार नाडी कहते है । किवारोंकी रिगडके माफिक आर्योटा होती है । उछलनेवाली नाडीको वौडिंग् कहते है, जो नाडी काँपती हो उसको थ्रिलिंगपल्स कहते है । इसीप्रकार अन्य सब नाडियोंकी गतिको बुद्धिवान् डाक्टरद्वारा और उनके ग्रंथोंसैं जाननी इसजगे ग्रंथविस्तारके भयसैं नहीं लिखी ।

नाडीदर्शक यंत्र ।

नाडी देखनेके लिये अंग्रेजी डाक्टरोंने एक यंत्र निर्माण करा है उसको अंग्रेजी बोलीमें स्फिग्मोग्राफ Sphygmograph कहते है इसमें अनेक टुकडे होते है विना दृष्टिगोचर हुये उनका समझना मुसकिल है इसलिये उस यंत्रकी तसवीर जो इस नाडीदर्पणग्रंथके पिछाडी हैं उस्सैं समझना उसके आवश्यक विभागोंका कुछ इस जगे वर्णन करते है ।

अ–पटलीके चलाने और रोकनेका खूटी ।
क–तालील गानेकी कमानी ।
च–नाडीके कम् अधिक दवाव करनेका गोलाकार चक्रविशेष ।
ट–कज्जलसैं रंजित कागज धरनेकी जगह ।
त–चिन्हित होनेके पश्चात् जो कागज निकलता है ।
प–जिनसैं कागजपर चिन्ह होते है वो सूई ।

इस यंत्रके लगानेकी यह विधि है कि जब हांतीदांतवाले स्थानकी रेडियल्पर धरकर यंत्रको काममें लाते है तो नाडीकी तडफ कमानीको लगती है जिसके द्वारा सूईसैं कागजपर लहरदार रेखा प्रकट होती है । कि जिनसैं हृदयके घडनेका

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अथ डाक्टरीमतानुसार नाडीचक्रम्

नाडीयोंकी व्यवस्था	संस्कृतनाम	इंग्रेजीअक्ष०ना०	इंग्रेजी नाम	संख्या
हृदयके खटकाके संख्यानुसारनाडी दोप्रकारकीहै पहली फ्रीक्वेंट इसमें आरोग्य अवस्थाकी अपेक्षा गति संख्या अधिकहोतीहै।	शीघ्रचारिणी	Friquent	फ्रिक्वेंट	१
दूसरी इन्फ्रीक्वेंट इसकी दशा फ्रीक्वेंटसैं विपरीत होतीहै यह स्त्रीयोंके वातगुल्म रोगमें होतीहै।	मंदगामिनी	Infriquent	इन्फ्रिक्वेंट	२
हृदयकी गतिके प्रबंधानुसारसी नाडीकी दो अवस्था पाई जातीहै एक रेग्यूलर, नाडीन्में क्रमानुसार रुधिर जानेवाली नाडीको रेग्यूलर कहतेहै इसपर हाथ रखनेसें गति एकसी मालूमहो और कभी बीचमें अंतर नहीं पडता।	सावधानता सूचक	Regulars	रेग्यूलर्स	३
दूसरी इररेग्यूलर अर्थात् नाडीन्में क्रमके विपरीत रुधिर जाय इसपर हाथ रखनेसें गति एकसी प्रतित नहीं होती और बीचमें अंतर पड जाताहै रोगावस्थामें नाडीका सप्रबंधित अर्थात् क्रमपूर्वक चलना अच्छाहै।	असावधानता सूचक	Irregulars	इररेग्यूलर्स	४
जिस नाडीके तडफ होनेमें जितना काल जाताहै उससै अधिक होजाय अर्थात् दूसरी गतिकाभी कालव्यतीत होजावे उसको इंटरमिटेंट कहतेहै परंतु गतिके भेदसे यह दोप्रकारकीहै एक रेग्यूलर इन्टरमिटेंट और दूसरी इररेग्यूलर इन्टरमिटेंट है।	सांतरिक	Intermittent	इंटरमिटेंट	५
मस्तकके सूजनेमें अन्यकारणोंसें नाडीमें अधिक रुधिर पहुचें और उंगलियोंके नीचे नाडीका उत्प्लवन अधिक प्रतीतहो तो उसनाडीको फुल या लार्ज कहतेहै यह अधिक रुधिर वृद्धिमें अथवा कठोररोगों प्रतीत होतीहै।	परिपूर्ण	Full या Large	फूलया लार्ज	६
जो नाडी फुल लार्जके विपरीतहो अर्थात् नाडीमें अल्प रुधिर पहुचे और नाडीका उत्प्लवन उंगलियोंको थोडा प्रतीतहो उसनाडीको स्माल अर्थात् बारीक नाडी कहतेहै।	रिक्त	Esmal	इस्माल	७
जब नाडी अत्यंत सूक्ष्मसूतके समानहो तो उसको इंग्रेजीमें थ्रेडीपल्स कहतेहै यह रुधिरकी न्यूनावस्था अथवा दुर्बलतामें देखी जातीहै।	सूक्ष्मतर	Thready Pulse	थ्रेडीपल्स	८
नाडीकी दिवारकी लचकके तुल्यनाडीकी दोगति होतीहै एक हार्ड अर्थात् कठोर इसैं किंचिन्माभी दबानेसें उंगलियोंको कठोरता प्रतीत होतीहै यह नाडीकी अधिक लचकके कारण होतीहै।	काठिन	Hard	हार्ड	९
द्वितीय साफ्ट या नम्र जिसकी दशा हार्ड नाडीके विपरीत होतीहै यह नाडीके अनुरोध (नाडीकी दिवार) की लचकसैं और देहके निर्बलतामें पाई जातीहै।	मृदु	Soft	साफ्ट	१०
नाडीकी गतिमें जो समय व्यतित होताहै उसके अनुसार नाडी द्विविध होतीहै एक क्वीक् अर्थात् शीघ्रचारणी नाडीकी प्रत्येक गाति शीघ्र शीघ्रहो परंतु एक अथवा मानासीक रोगोमें जिनमें स्वभाव दुष्टहो उनमें पाईजातीहै।	शीघ्रगामिनी	quick	क्वीक्	११
जो क्वीक् नाडीके विपरीतहो अर्थात् सुस्तहो उसको स्लौ नाडी कहते है।	धीरगामिनी	Slow	स्लो	१२

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

हाल और रुधिरभ्रमणका वृत्तान्त उत्तमरीतीसैं प्रतीत होता है । प्रत्येक लहरमें एक रेखा उठनेकी होती है फिर मुडनेकी और फिर उतरनेकी तथा उतरनेकी लहरमें दो लहर प्रगट होती है इन लहरोंकाभी चिन्ह रिफग्मोग्राफ यंत्रमें लिखा है सो देखलेना ।

खडीरेखा हृदयके संकोच होनेसैं होती है और मुरडनेका कोना नाडियोंके किसीप्रकार संकोचसैं होताहै और जिससमय हृदयके संकोचसैं रुधिर अयार्टामें पहुँचताहै तो पहली रेखा प्रगट होती है फिर अयार्टाके किवाड बंदहोनेसैं दूसरी लहर खांचेतक वनती है अयार्टाके सुकडनेके पीछे रुधिर आगेको बढजाताहै और दूसरी लहर परिपूर्ण होकर एकवार हृदयके खटकेकी चिन्हतरेखा संपूर्ण होजाती है ।

इति नाडीदर्पणे ऐंग्लैंडीयनाडीपरीक्षावर्णनं नाम पञ्चमावलोकः ।

इति श्रीमाथुर कृष्णलालपुत्रदत्तरामेण सङ्कलिते आयुर्वेदोद्धारे बृहन्निघण्टुरत्नाकरान्तर्गते नाडीदर्पणे ऐंग्लैंडीयनाडीपरीक्षावर्णनं नाम पञ्चमावलोकश्चाष्टत्रिंशस्तरङ्गः ॥ ३८ ॥

समाप्तोयंनाडीदर्पणाख्यो ग्रन्थः ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास
"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना
कल्याण—मुंबई.

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

लक्ष्मीवेङ्कटेश्वरायनमः।

कोकिलाव्रतमाहात्म्यस्य

सूचनापत्रम्।

इह तावद्ब्रह्माण्डान्तर्वर्तिनवखण्डभूमण्डलशिखण्डीभूतकर्मकाण्डस्थलभरतखण्डे स्ववर्णाश्रमधर्माचरणश्रद्धावतां जनानाम् इहामुत्रेष्टफलावाप्तिसाधनानि नित्यनैमित्तिककाम्यानि नानाव्रतकर्मादीनि प्रसिद्धानि सन्ति। तथैव तत्तद्व्रतादिविधिप्रतिपादकव्रतार्कव्रतराजादयोपि ग्रन्थाः प्रसिद्धः। तेषु स्त्रीणां जन्मनि जन्मान्तरेच सौभाग्यादि प्रिययोगभोगदं कोकिलानामकं व्रतं तद्देवतार्चनोद्यापनादिविधिस्तदितिहासश्च कथितोस्ति खलु। तथापि स संक्षिप्त एव। अतो मया बहुप्रयत्नतः कस्यचित् विदुषःप्रस्थ सकाशात् स्कन्दपुराणान्तर्गतकनकाद्रिखण्डस्यैकत्रिंशदध्यायात्मकं शिवनारदसंवादरूपं साद्यन्तं मनोरमं कोकिलाव्रतोत्पत्तिहेतुभूतं दग्धदेहपार्वत्याः कोकिलाजन्मप्राप्तिकथोपबृंहितं कोकिलामाहात्म्यं समाहृत्य शास्त्रिभिः शोधयित्वा सटिप्पणम् कारयित्वा च अस्मल्लक्ष्मीवेङ्कटेश्वराख्येङ्कनयन्त्रे सललितसीसकाक्षरैर्मुद्रितमस्ति। यस्मिन् वर्षेधिकाषाढस्तस्मिन्नेव वर्षे शुद्धाषाढपूर्णिमामारभ्य मासपर्यन्तं प्रत्यहं स्नानदानार्चनमाहात्म्यश्रवणविधियुक्तकोकिलाव्रताचरणं स्त्रीभिःकार्यमित्युक्तम्। स व्रताचरणकालोऽस्मिन्नेव वर्षेऽधिकाषाढप्राप्तेरागन्तेति संप्रत्येवैतन्माहात्म्योपयोगः सर्वासां व्रताचरण शीलानांसम्यग् भविष्यतीति ज्ञात्वा झटिति संमुद्य प्रकाशितम्। तस्मात् तन्मुद्रणायासम् आस्तिकग्राहकाः सफलीकुर्वन्त्विति सविनयेयंमत्प्रार्थना! ग्राहकाणां माहात्म्यपुस्तकानि योग्यमूल्यैर्मिलिष्यन्तीत्यलं विस्तरेण।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

हाल और रुधिरभ्र
रेखा उठनेकी ह
दो लहर प्रग
देखलेना।
ख
सीघ
तो
तन
पार
इ
त्वाकर
शस्त
इ

तनिश्लोक्याख्यया भूषणाख्यया रामानुजी
याख्यया च व्याख्यया समेतस्य
श्रीवाल्मीकिरामायणस्य

प्रसिद्धिपत्रिका।

भो भो विद्यापारावारपारीणा इदं विदाङ्कुर्वन्त्वत्रभवन्तः—तनिश्लोक्याख्य
या भूषणाख्यया रामानुजीयाख्यया च व्याख्यया समेतं श्रीवाल्मीकिरामाय
णम् अत्युत्तमतैलङ्गदेशीयपुस्तकमालोच्य पण्डितैः संशोधितं, तच्च सम्प्र
सुव्यक्तैः स्थूलसूक्ष्माक्षरैर्लक्ष्मीवेङ्कटेश्वरमुद्रणयन्त्रे मुद्यते, तस्य च नागेशप्रभृति
विनिर्मिताः सन्ति यद्यपि बह्वयो व्याख्याः, तथापि सहृदयहृदयाह्लादकनान
विधाऽपूर्वार्थान्वेषणे प्रयतमानैरार्यकुलोचितधर्ममर्यादाविचारशीलैर्महाशयैर्निर्वि
शेषत्वेन सविशेषत्वेन च ब्रह्मस्वरूपप्रतिपादकवेदान्तवाक्यानां समीचीनतत्व
सहकृतविषयभेदव्यवस्थापनेन तात्पर्यार्थनिर्णायकतया श्रीवाल्मीक्यभिप्रायानु
रामानुजीयव्याख्यातनिश्लोकीव्याख्यासमेता भूषणाख्यव्याख्याऽवश्यं निरीक्षणी
येति, मन्येऽहं निरीक्षणेनाभिज्ञानामवश्यं जिघृक्षा भवेदिति।

व्याख्याद्वयोपेतस्य भगवद्गुणदर्पणाख्यस्य
श्रीविष्णुसहस्रनामभाष्यस्य

प्रसिद्धिपत्रिका।

अनुष्टुप्श्लोकात्मकनिरुक्त्याख्यव्याख्यासमेतं, नामनिर्वचनोपयोगिप्रकृतिप्र
त्ययप्रदर्शकनिखिलतन्त्रप्रधानीभूतपाणिनीयस्मृतिसूत्रगर्भितनिर्वचनाख्याद्वितीय
व्याख्यासमेतं च, सहृदयहृदयाह्लादकं श्रीभगवद्गुणदर्पणाख्यं श्रीविष्णुसहस्र
नामभाष्यमासीत्तैलङ्गदेशाक्षरैर्द्राविडदेशाक्षरैश्च मुद्रितम्, तच्चास्मदीयदेशेऽती
वदुर्लभतरमिति मनसि निधाय सकलजनोपकृतयेऽतिप्रयासेन तच्च तैलङ्गदेशा
द्धानाय्य देवाक्षरैर्लेखयित्वा मुहुर्मुहुरभिज्ञजनद्वारा संशोध्य च, स्थूलसूक्ष्मा
र्मनोहरं मुद्र्यते, येषां महाशयानां स्याज्जिघृक्षा, तैर्द्रुततरम् सूचना क
यतस्तत्पुस्तकप्रेषणेऽहमुद्यतोभवेयमिति मे विज्ञप्तिः

श्रीकृष्णदासात्मजो गंगाविष्णुः
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" मुद्रणयन्त्रम् कल्याण—(मुंबई)

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

Vaidyaraj Zandu Bhatji
National Ayurvedic Library
Punjabi Bagh, New Delhi-26
Call No.......................
Book No.......................
Acc No.......................

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

अ. भा.
श्री शंक
स्मा
क्रमांक
ग्रन्थनाम
लेखक

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection